Seventeenth Series, Vol. XXVI No.14

Tuesday, August 08, 2023
Sravana 17, 1945 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Twelfth Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XXVI contains Nos.11 to 17)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Vinay Kumar Mohan

**Joint Secretary**

Bishan Kumar

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Meenakshi Rawat

Kamala Subramanian

**Editor**

**© 2023 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XXVI, Twelfth Session, 2023/1945 (Saka)**
**No. 14, Tuesday, August 08, 2023/ Sravana 17, 1945 (Saka)**

| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWER TO QUESTION** | |
| *Starred Question No. 261 | 11 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 262 to 280 | 12-90 |
| Unstarred Question Nos. 2991 to 3220 | 91-740 |

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 741-747

**COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN**

7th Report 748

**STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND NATURAL GAS**

21st and 22nd Reports 749

**STANDING COMMITTEE ON RAILWAYS**

15th and 16th Reports 750

**STANDING COMMITTEE ON EDUCATION, WOMEN, CHILDREN, YOUTH AND SPORTS**

352nd to 355th Reports 751

**STATEMENTS BY MINISTER** 752-753

(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 311th Report of the Standing Committee on Industry on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in the 306th Report of the Committee on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Ministry of Heavy Industries 752

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 316th Report of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Ministry of Heavy Industries 752

(c) Status of implementation of the recommendations contained in the 319th Report of the Standing Committee on Industry on Action Taken by the Government on the recommendations/ observations contained in the 316th Report of the Committee on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Ministry of Heavy Industries 753

(d) Status of implementation of the recommendations contained in the 321st Report of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2023-2024) pertaining to the Ministry of Heavy Industries 753

**Shri Krishan Pal**

**MOTION RE: 44th REPORT OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE** 754

**MESSAGES FROM RAJYA SABHA** 755

**MATTERS UNDER RULE 377** 756-782

(i) Need to provide stoppage of Train Nos. 09269/09270 at Hardoi Railway Station

**Shri Jai Prakash** 756

(ii) Regarding augmentation of railway services in Maharashtra

**Shri Ramdas Tadas** 757

(iii) Regarding uniform wages under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS)

**Shri Vinod Kumar Sonkar** 758

(iv) Need to develop Sanjay Gandhi National Park, Mumbai

**Shri Gopal Shetty** 759

(v) Regarding broadcast of local programmes from Akashvani Kendra Shahadol, Madhya Pradesh

**Shrimati Himadri Singh** 760

(vi) Regarding construction of embankment on both sides of river Chenab in Jammu Parliamentary Constituency

**Shri Jugal Kishore Sharma** 761

(vii) Need to set up a National Sports University in Gumla

**Shri Sudarshan Bhagat** 762

(viii) Need to construct Koel River Reservoir Project and also commence work on Medininagar Phase-II water supply scheme

**Shri Vishnu Dayal Ram** 763

(ix) Need to include 11 left-out Gorkha Sub-tribes in the list of Scheduled Tribes

**Shri Raju Bista** 764

(x) Need to reconstruct and develop Shahjahanpur Railway Station

**Shri Arun Kumar Sagar** 765

(xi) Regarding refund to investors of Sahara Group

**Shri Bhola Singh** 766

(xii) Need to withdraw the ban on export of non-Basmati white rice

**Shri S.S. Ahluwalia** 767

(xiii) Need to operationalize the circle office of Archaeological Survey of India in Raiganj Parliamentary Constituency

**Sushri Debasree Chaudhuri** 768

(xiv) Need to construct Dam in Misrikh Parliamentary Constituency to check floods

**Shri Ashok Kumar Rawat** 769

(xv) Regarding railway related issues pertaining to Jhargram Parliamentary Constituency

**Shri Kunar Hembram** 770

(xvi) Need to provide medical facilities to the labourers working in mining industry and crusher plants in Bundelkhand

**Kunwar Pushpendra Singh Chandel** 771

(xvii) Need to encourage sports in the country

**Shri Vijaykumar *alias* Vijay Vasanth** 772

(xviii) Regarding revision of minimum monthly pension under EPS 1995

**Shri Ve. Vaithilingam** 773

(xix) Regarding power supply in Andaman and Nicobar Islands

**Shri Kuldeep Rai Sharma** 774

(xx) Need to regularise the services of daily wage workers of ISRO Propulsion Research Centre at Mahendragiri

**Shri S. Gnanathiraviam** 775-776

(xxi) Need to construct two flyovers at Samserganj and Raghunathganj-I Blocks in Murshidabad district

**Shri Khalilur Rahaman** 777

(xxii) Regarding reconsideration of subsidy claims made by farmers under subsidy schemes of National Horticulture Board

**Shri Shrirang Appa Barne** 778

(xxiii) Need to increase the number of sleeper coaches in Sapt Kranti SF Express (Train Nos. 12557/12558) and run a similar train on New Delhi – Sitamarhi route

**Shri Sunil Kumar** 779

(xxiv) Need to expedite completion of AIIMS, Madurai

**Shri S. Venkatesan** 780

(xxv) Need for caste-wise population census

**Shri E. T. Mohammed Basheer** 781

(xxvi) Regarding upgradation and development of Railway Health Care Unit at Kollam

**Shri N.K. Premachandran** 782

**MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS** 785-931

Shri Gaurav Gogoi 785-797

Dr. Nishikant Dubey 797-798, 801-813

Shri T.R. Baalu 813-821

Prof. Sougata Ray 822-830

Shrimati Supriya Sadanand Sule 831-839

| | |
|---|---|
| Dr. Shrikant Eknath Shinde | 839-847 |
| Shrimati Dimple Yadav | 847-851 |
| Shri Pinaki Misra | 851-860 |
| Shri Arvind Sawant | 860-865 |
| Shri Narayan Rane | 865-866 |
| Sardar Simranjit Singh Mann | 867-868 |
| Sushri Sunita Duggal | 868-877 |
| Dr. Thol Thirumaavalavan | 879-882 |
| Shri Kiren Rijiju | 882-907 |
| Shri Manish Tewari | 907-913 |
| Shrimati Navneet Ravi Rana | 913-916 |
| Adv. A. M. Ariff | 916-922 |
| Shri N.K. Premachandran | 922-931 |

*__ANNEXURE – I__

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 873 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 874-880 |

__*ANNEXURE – II__

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 881 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 882 |


---

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Tuesday, August 8, 2023/ Sravana 17, 1945 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: क्या कहना है?

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** आप सदन के हमारे अध्यक्ष हैं। आपको कोई चीज बुरी लगे, तो आप एक्सपंज कर देते हैं, लेकिन वह फिर रीलोड हो जाता है, अपलोड हो जाता है।…(व्यवधान) आपके अधिकार को कोई मान्यता नहीं दी जाती है।…(व्यवधान) यह घोर अन्याय है। …(व्यवधान) संसदीय परम्परा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।… (व्यवधान) आपने खुद हटाने के लिए आदेश दिया था।… (व्यवधान)

**विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सर, ये हाउस को मिसलीड कर रहे हैं।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** लेकिन उस आदेश को मान्यता न देते हुए, फिर दोबारा सारे फिजूल इल्जाम राहुल गांधी और कांग्रेस के ऊपर लगाते हुए रीलोड कर दिए गए, फिर अपलोड कर दिए गए।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: सभापति सीट पर जो बैठते हैं, उनको स्पीकर की पॉवर होती है। उनको पूर्ण रूप से निर्णय करने का अधिकार है। यह अधिकार सदन ने दिया है, नियमों की प्रक्रियाओं के तहत दिया है। अध्यक्ष कोई निर्देश नहीं देते।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** जो सभापति सीट पर बैठता है, उसको अध्यक्ष की पूर्ण पॉवर होती है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री खगेन मुर्मु ।

… (व्यवधान)

**11.02 hrs**

*At this stage, Shri Hibi Eden and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**11.02¼ hrs**

## ORAL ANSWER TO QUESTION

**माननीय अध्यक्ष:** क्वैश्चन नंबर 261, श्री खगेन मुर्मु।

**(Q. 261)**

**SHRI KHAGEN MURMU:** Sir, Q. No. 261. … (*Interruptions*)

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर:** महोदय**,** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप सदन नहीं चलाना चाहते।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** यह प्रश्न काल है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप सदन नहीं चलाना चाहते।

… (व्यवधान)

---

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

**(Starred Question Nos. 262 to 280**

**Unstarred Question Nos. 2991 to 3220)**

**(Page No. 12 to 740)**

**माननीय अध्यक्ष:** सदन की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

**11.03 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.*

---

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**12.00 hrs** *The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ माननीय सदस्यों के स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना को अनुमति प्रदान नहीं की है।

**12.01 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय अध्यक्ष:** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नम्बर 2, श्री कृष्ण पाल जी।

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2023-2024 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(2) एण्ड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2023-2024 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(3) एण्ड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2024-2025 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 9922/17/23]

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 20 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली का वर्ष 2020-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन।

(दो) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन पर की-गई-कार्रवाई का ज्ञापन।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9923/17/23]

(3) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल अधिनियम, 1992 की धारा 156 की उप-धारा (3) के अंतर्गत गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, आयुधिक काडर (समूह 'ख' और 'ग' पद) भर्ती नियम, 2023 जो 31 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 404(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9924/17/23]

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (DR. BHAGWAT KARAD):** Sir, on behalf of Shri Pankaj Chaudhary, I rise to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions) under Article 151(1) of the Constitution:-

(1) Union Government - Appropriation Accounts (Postal Services) for the year 2021-2022.

[Placed in Library, See No. LT 9925/17/23]

(2) Ministry of Railways (Railway Board) - Appropriation Accounts Part I-Review, Part II - Detailed Appropriation Accounts and Part

II - Detailed Appropriation Accounts (Annexure-G) for the year 2021-2022.

[Placed in Library, See No. LT 9926/17/23]

(3) Report of the Comptroller and Auditor General of India – Union Government – on Role of Tea Board India in development of tea in India – Ministry of Commerce & Industry (No. 8 of 2023) (Performance Audit).

[Placed in Library, See No. LT 9927/17/23]

(4) Report of the Comptroller and Auditor General of India – Union Government – on Departmental Trading Units including Supply Chain Management in Khadi and Village Industries Commission – Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises (No. 9 of 2023) (Compliance Audit).

[Placed in Library, See No. LT 9928/17/23]

(5) Report of the Comptroller and Auditor General of India - Union Government (Civil) - on Performance Audit of National Social Assistance Programme, Ministry of Rural Development (No. 10 of 2023) (Performance Audit).

[Placed in Library, See No. LT 9929/17/23]

(6) Report of the Comptroller and Auditor General of India – Union Government (Civil) on Performance Audit of Ayushman Bharat – Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, National Health Authority,

Ministry of Health and Family Welfare (No. 11 of 2023) (Performance Audit).

[Placed in Library, See No. LT 9930/17/23]

(7) Report of the Comptroller and Auditor General of India - Union Government (Railways) (Railways Finances) (No. 13 of 2023) for the year ended March 2022.

[Placed in Library, See No. LT 9931/17/23]

(8) Report of the Comptroller and Auditor General of India – Union Government - IT Audit of Indian Customs Electronic Data Interchange System (ICES) 1.5, Department of Revenue-Indirect Taxes (Customs) (No. 14 of 2023).

[Placed in Library, See No. LT 9932/17/23]

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE (KUMARI SHOBHA KARANDLAJE):** Sir, I rise to lay on the Table:-

(1) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under Section 3 of the Essential Commodities Act, 1955:-

(i) The Fertilizer (Inorganic, Organic or Mixed) (Control) (Sixth) Amendment Order, 2023 published in Notification No. S.O.3240(E) in Gazette of India dated 19th July, 2023.

(ii) S.O.3277(E) published in Gazette of India dated 21st July, 2023 notifying specifications, mentioned therein, in

respect of Phospho Gypsum (Granular) to be manufactured in India for a period of three years from the date of publication in the official Gazette, in pursuance of clause 20A of the Fertilizer (Inorganic, Organic or Mixed) Control Order, 1985.

[Placed in Library, See No. LT 9933/17/23]

(2) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub section (2) of Section 394 of the Companies Act, 2013:-

(a) (i) Review by the Government of the working of the Odisha Agro Industries Corporation Limited, Bhubaneswar, for the year 2021-2022.

(ii) Annual Report of the Odisha Agro Industries Corporation Limited, Bhubaneswar, for the year 2021-2022, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library, See No. LT 9934/17/23]

(b) (i) Review by the Government of the working of the Jammu & Kashmir Agro Industries Development Corporation Limited, Srinagar, for the years 2019-2020 and 2020-2021.

(ii) Annual Reports of the Jammu & Kashmir Agro Industries Development Corporation Limited, Srinagar, for the years

2019-2020 and 2020-2021, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(3) Three statements (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (2) above.

[Placed in Library, See No. LT 9935/17/23]

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कैलाश चौधरी):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) (एक) केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9936/17/23]

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय मिश्र टेनी):** अध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 की धारा 53 की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना सं. 23011/11/2023-डब्ल्यूएस-III जो 28 जुलाई, 2023 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा डॉ. जयंतकुमार मगनलाल व्यास के वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् तीन वर्ष की और अवधि के लिए उनकी राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में नियुक्ति को अधिसूचित किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

[Placed in Library, See No. LT 9937/17/23]

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निशीथ प्रामाणिक):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) (एक) भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9938/17/23]

---

**12.01½ hrs**

## COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN

7th Report

**DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR):** Sir, I rise to present the Seventh Report (Hindi and English versions) of the Committee on Empowerment of Women (2022-23) on the subject 'Health Facilities for Tribal Women'.

---

**12.02 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND NATURAL GAS

21st and 22nd Reports

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** अध्यक्ष महोदय, मैं 'अनुदानों की मांगें 2023-24' के बारे में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति के अठारहवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई तथा 'बागजान विस्फोट घटना के विशिष्ट संदर्भ में सरकारी क्षेत्र की तेल कंपनियों के तेल प्रतिष्ठानों की संरक्षा और सुरक्षा' विषय के बारे में 19वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति (2022-23) का इक्कीसवां और बाईसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

**12.02¼ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON RAILWAYS

15th and 16th Reports

**श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चंपारण):** अध्यक्ष महोदय, मैं रेल संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) 'रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में समिति के 14वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाईसंबंधी पंद्रहवां प्रतिवेदन। '

(2) 'रेल भूमि विकास प्राधिकरण का कार्यनिष्पादनविषय के बारे में सोलहवां प्रतिवेदन। '

---

**12.02½hrs**

## STANDING COMMITTEE ON EDUCATION, WOMEN, CHILDREN, YOUTH AND SPORTS

352nd to 355th Reports

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** अध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) 'उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों 2023-24' के बारे में 348वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 352वां प्रतिवेदन।

(2) 'मंचीय कला और ललित कला शिक्षा में सुधार के बारे में '335वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 353वां प्रतिवेदन।

(3) 'राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) की समीक्षा संबंधी '354वां प्रतिवेदन।

(4) 'स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में 349वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 355वां प्रतिवेदन।

---

**12.03 hrs**

## STATEMENTS BY MINISTER

**(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 311th Report of the Standing Committee on Industry on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in the 306th Report of the Committee on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Ministry of Heavy Industries***

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 306वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 311वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

**(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 316th Report of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Ministry of Heavy Industries***

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 316वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 9918/17/23 and 9919/17/23 respectively.

**(c) Status of implementation of the recommendations contained in the 319th Report of the Standing Committee on Industry on Action Taken by the Government on the recommendations/ observations contained in the 316th Report of the Committee on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Ministry of Heavy Industries***

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल)::** अध्यक्ष महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 316वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 319वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

**(d) Status of implementation of the recommendations contained in the 321st Report of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2023-2024) pertaining to the Ministry of Heavy Industries***

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल)::** अध्यक्ष महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 321वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 9920/17/23 and 9921/17/23 respectively.

**12.04½ hrs**

## MOTION RE: 44th REPORT OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Sir, I rise to move:

> "That this House do agree with the Forty-fourth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on 7th August, 2023."

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा 7 अगस्त, 2023 को सभा को प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 44वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

**12.05 hrs**

## MESSAGES FROM RAJYA SABHA

**SECRETARY GENERAL:** Sir, I have to report the following messages received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

1. "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 7th August, 2023 agreed without any amendment to the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 3rd August, 2023."

2. "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 7th August, 2023 agreed without any amendment to The Registration of Births and Deaths (Amendment) Bill, 2023 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 1st August, 2023."

---

**12.06 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय अध्यक्ष:** जिन माननीय सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रखने का कष्ट करें।

… (व्यवधान)

### (i) Need to provide stoppage of Train Nos. 09269/09270 at Hardoi Railway Station

**श्री जय प्रकाश (हरदोई)**: मै माननीय रेल मंत्री जी से सप्ताह में केवल दो दिन चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 09269/09270 का ठहराव उत्तर रेलवे मण्डल के मुरादाबाद डिवीजन के अंतर्गत, हरदोई रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत किए जाने का आग्रह करता हूँ।

हरदोई से प्रत्येक माह प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान से जुड़े हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन, जिनमें अधिकांश वृद्धजन, महिलाएं तथा बच्चे सम्मिलित हैं, अपनी आध्यात्मिक उन्नति एवं राज्यों की शिक्षा ग्रहण करने के लिए माउंट आबू का भ्रमण करते हैं। इन श्रद्धालु जनों के लिए हरदोई से माउंट आबू जाने और वहां से वापस आने के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है। श्रद्धालुओं को हरदोई से माउंट आबू राजस्थान जाने के लिए शाहजहांपुर अथवा बरेली जंक्शन जाना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह इन श्रद्धालु जनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी काफी समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करें, ताकि गाड़ी संख्या 09269/09270 का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन में भी उपलब्ध कराया जा सके।

---

* Treated as laid on the Table.

## (ii) Regarding augmentation of railway services in Maharashtra

**श्री रामदास तडस (वर्धा):** कुछ दिनों पहले नागपुर पूणे समृद्धी महामार्ग पर महाराष्ट्र में प्राइवेट बस के दुर्घटना होने पर 25 प्रवासियों का दुखद अंत हुआ था जिनमे से 14 प्रवासी वर्धा जिला के थे। ज्यादातर नौजवान एवं युवा थे, जो पुणे मे नौकरी, पढ़ाई के लिये प्रवास कर रहे थे, माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी सभी पीड़ित परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता केंद्र सरकार के माध्यम से घोषित की है। इस विषय पर सुझाव सदन के सामने रखना है। चूंकि रेल यात्रा पर जनता और हम सबका विश्वास हैं। 1. वर्धा से पुणे के बीच प्रतिदिन नई रेल सेवा प्रारंभ की जाए। 2. रेल सं.- 11040/11039 महाराष्ट्र एक्सप्रेस, रेल सं.- 12114/12113 गरीबरथ एक्स्प्रेस, रेल सं.- 22124/22123 अजनी-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस, रेल सं.- 22140/22139 अजनी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस तथा रेल सं.- 12850/12849 बिलासपुर-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस की क्षमता 24 डिब्बों तक बढ़ाना प्रवासी वर्ग के हित मे होगा। 3. हावडा से पुणे जानेवाली रेल सं.- 12222/12223 दुरोंतो एक्सप्रेस को वर्धा एवं बडनेरा मे ठहराव स्वीकृत किया जाय। 4. रेल सं.- 20822/20821 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस यह गाड़ी नागपुर से निकलने के बाद भुसावल मे ही ठहराव है। इस गाडी को वर्धा एवं बडनेरा में ठहराव स्वीकृत किया जाए, जिससे रेल विभाग एवं प्रवासी वर्ग को फायदा होगा। 5. नागपुर से हैदराबाद वन्दे भारत एक्प्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाय ।

## (iii) Regarding uniform wages under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS)

**श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी):** मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि वर्ष 2009 में केन्द्र सरकार की योजना मनरेगा के कार्यक्रम व क्रियान्वयन हेतु देश के सभी राज्यों में ब्लॉक व जिला स्तर पर कर्मियों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की गई। सभी राज्यों में इनका कार्य एक समान है, किन्तु वेतन व भत्ता अलग-अलग निर्धारित है एवं संविदा कर्मी होने के कारण इन्हें प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम का नवीनीकरण करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मनरेगा, केन्द्र सरकार की योजना है, इसलिए मनरेगा कर्मियों को समान काम-समान वेतन के साथ-साथ नियमितीकरण करने हेतु मैं सरकार से माँग करता हूं कि इस संबंध में एक राष्ट्रीय नीति बनाई जाए।

## (iv) Need to develop Sanjay Gandhi National Park, Mumbai

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर):** देश में मुंबई शहर एकमात्र ऐसा शहर है, जो शहर के अंदर संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान जैसे एक विशाल जंगल से घिरा हुआ है। लेकिन आज स्थिति यह है कि शहर से सटा हुआ वन क्षेत्र होते हुए भी शहर के लोग इसका जितना उपयोग कर सकते हैं, वह कर नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि आज तक इस वन के विकास करने के संदर्भ में कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि विगत अनेक वर्षों से मेरे अनेक प्रयासों के बावजूद भी मुझे इसमें कोई अधिक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। उपरोक्त वन्य क्षेत्र में बसे हुए वनवासियों को एक स्थल पर लाकर उनके जीवनमान में भी बदलाव लाने के प्रयास विगत अनेक वर्षों से हो रहे हैं। लेकिन वह भी आज की तारीख में लंबित है। उपरोक्त वन क्षेत्र की इतनी बड़ी क्षमता है कि इसको विकसित करने के बाद बड़े पैमाने पर पर्यटक भी यहां आ सकते हैं। अतः यदि केन्द्र व राज्य सरकार दोनों साथ में आकर इस कार्य को आगे बढ़ाते हैं तो मुंबई शहर को एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

## (v) Regarding broadcast of local programmes from Akashvani Kendra Shahadol, Madhya Pradesh

**श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल):** संसदीय क्षेत्र शहडोल, मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी केंद्र आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र होने के कारण 18 मई 1992 को विशेष प्रावधानों के तहत स्थानीय कार्यक्रम निर्माण एवं प्रसारण हेतु प्रारंभ किया गया था। उक्त प्रसारण शहडोल सहित उमरिया, अनुपपुर, डिंडौरी (मध्य प्रदेश) एवं कोरिया जिले (छत्तीसगढ़) तक पहुँचता रहा है। उक्त केंद्र से स्थानीय भाषा बघेली का संरक्षण एवं संवर्धन होता रहा है। दिनांक 8 जनवरी 2019 से आकाशवाणी केंद्र शहडोल से स्थानीय प्रसारण बंद कर विविध भारती प्रसारण सेवा मुंबई के कार्यक्रम अनुप्रसारित किये जा रहे है, जिसके कारण स्थानीय कलाकारों का रोज़गार भी छिन गया है। लोक संस्कृति के परिरक्षण एवं संवर्धन हेतु कलाकारों को शासन द्वारा उनकी प्रतिभाओं को समुचित प्रोत्साहन एवं मंच प्रदान करने हेतु सम्बंधित पिछड़े इन जिलों के युवाओं को समुचित मार्गदर्शन देने तथा जन कल्याणकारी योजनाओं को संसदीय एवं सम्बंधित दूरवर्ती क्षेत्र में जन-जन तक सुगमता से पहुचाने हेतु इस क्षेत्र में रेडियो एक उपयुक्त माध्यम है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्र के इस संवेदनशील विषय पर गंभीरता से गौर करते हुए आकाशवाणी शहडोल केंद्र के स्थानीय प्रसारणों को पुनः पूर्व की भांति संचालित किया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों एवं कला का संरक्षण एवं संवर्धन हो सके।

## (vi) Regarding construction of embankment on both sides of river Chenab in Jammu Parliamentary Constituency

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी के किनारे स्थित गांवों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस सीजन में चिनाब नदी ने लगभग 800 मीटर गांवों की ओर अपनी दिशा बदल दी है, जिसके परिणामस्वरूप संग्रामपुर, चांजवान, मैरा, सातेरवाला, चक सिकंदर, गैर तथा बकोरे आदि गांवों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और उनकी खेती योग्य भूमि बह गई है। चिनाब नदी में पानी के लगातार बढ़ते स्तर के कारण उनका जीवन और संपत्ति भी उच्च जोखिम में है। उनके जीवन और संपत्ति को बचाने के लिए चिनाब नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा बैंड बनाने की सख्त जरूरत है। चिनाब नदी के उचित तटीकरण का प्रस्ताव पहले ही जम्मू-कश्मीर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जा चुका है जो मंत्रालय में मंजूरी के लिए लंबित है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर विचार करें और चिनाब नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा बैंड बनाने के लिए तत्काल उपाय के लिए धन आवंटित करें ताकि ग्रामीणों को कुछ राहत मिल सके। धन्यवाद।

## (vii) Need to set up a National Sports University in Gumla

**श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा):** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गुमला एवं लोहरदगा जिले में खेलों में विशेष योगदान एवं वातावरण की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मुझे यह बताते हुए अत्यंत गौरव हो रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिले में खेलों का पुरातन इतिहास है। यहां हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कोर कबड्डी एवं एथलेटिक्स का परंपरागत रूप से प्रचलन है। गुमला एवं लोहरदगा जिले ने देश को अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। यहां प्रतिवर्ष स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है, किंतु साधनों के अभाव में यहां के अनेकों खिलाड़ी आगे नहीं जा पाते। मेरा संसदीय क्षेत्र आर्थिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है एवं उग्रवाद प्रभावित दुर्गम क्षेत्र है। जनजाति समाज की बहुलता वाला ग्रामीण एवं वनों से आच्छादित क्षेत्र में सुविधाओं एवं योग्य प्रशिक्षण और शिक्षा के अभाव के कारण अनेकों खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि गुमला जिले में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की कृपा करें। गुमला में 'नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' बनने से पूरे झारखंड एवं समीप में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों के खिलाड़ी भी लाभान्वित हो सकेंगे। यहां के खिलाड़ियों को समुचित खेल शिक्षा प्रशिक्षण एवं अवसर मिल जाएंगे तो यहां के खिलाड़ी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ा सकेंगे। इस पूरे क्षेत्र में तथा आसपास के प्रांतों में कोई 'स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' नहीं है, इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि गुमला में नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की कृपा करें।

## (viii) Need to construct Koel River Reservoir Project and also commence work on Medininagar Phase-II water supply scheme

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मुख्य शहर डाल्टनगंज है, जो कोयल नदी के तट पर बसा हुआ है और यह नदी वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है। परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में यह नदी बिल्कुल सूख जाती है तथा डाल्टनगंज शहर का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है। जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहां के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नहीं वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं बोरिंग बेकार हो जाते हैं। यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पलामू जिला रेन शैडो एरिया में पड़ता है, जहां पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होती है। अतः हमेशा सूखे की स्थिति बनी रहती है साथ ही साथ जलस्तर नीचे चला जाता है। जिस पर जल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है।

उपरोक्त स्थिति में जल स्तर को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि कोयल नदी में दो-तीन जगह पर Reservoir बनाया जाए ताकि कोयल नदी में हमेशा अपनी मौजूद रहे।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जल संसाधन मंत्रालय को निर्देश देने की कृपा की जाए ताकि इस योजना को क्रियान्वित करने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके, जिससे गर्मी के दिनों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहे एवं डाल्टनगंज के निवासियों को पेयजल के संकट से उभारा जा सके। साथ ही साथ मेदिनीनगर फेस-1 की योजना, जो वर्षों से लंबित पड़ी है, उसका क्रियान्वयन शीघ्रातिशीघ्र कराने हेतु झारखंड राज्य सरकार को भी निर्देशित करने की कृपा की जाए।

## (ix) Need to include 11 left-out Gorkha Sub-tribes in the list of Scheduled Tribes

**SHRI RAJU BISTA (DARJEELING):** The Gorkha community was compositely recognized as the "Hill Tribes" till Independence. This can be verified in the census documents of 1931 and 1941 as well. However, after Independence the "Hill Tribes" Status was taken away, without any consultation with the Community Members. Over the course of time, out of the 18 Sub-Tribes, 7 have been accorded ST status, two as recently as 2001. But 11 sub-tribes are yet to be re-instituted as ST. This has caused the left out Gorkha Sub-Tribes to be socially marginalized and deprived of their rights. The West Bengal State Cabinet has already passed a resolution to include these 11 left-out Gorkha sub-tribes as ST in 2014 itself. In January 2021, Sikkim State Assembly too has passed a resolution in favour of granting ST status to these 11 left-out Gorkha sub-tribes. I, therefore, request the Government to include the 11 left-out Gorkha sub-tribes as Scheduled Tribes Gurung, Mangar, Khas, Yakha/Dewan, Rai, Newar, Bhujel, Sunuwar, Jogi, Thami and Dhimal without any further delay.

## (x) Need to reconstruct and develop Shahjahanpur Railway Station

**श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है जिसका पुनर्निर्माण कार्य होना अत्यंत की आवश्यक है। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन की 25% आबादी मुख्य द्वार की तरफ तथा शेष 75% आबादी द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ है। वर्तमान में रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार की ओर संकरी पतली रास्ता होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस कारण से मुख्य द्वार की तरफ आए दिन जाम की समस्या भी बनी रहती है। ठीक इसके विपरीत रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग के द्वितीय प्रवेश द्वार माल गोदाम रोड की तरफ चौड़ा रास्ता एवं आवागमन की बेहतर सुविधा है। यदि रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित किया जाए तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ तेल टंकी से लेकर ढाका लाल रेलवे कॉलोनी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य कराया जाए तो जनपद के लोगों को रेलवे की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अतः मेरा सरकार से जनहित में अनुरोध है कि जनपद शाहजहांपुर के नगर निगम घोषित होने के पश्चात विकास एवं जनता की सुविधाओं की दृष्टिगत मुख्य द्वार को द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित करने तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की रोड निर्माण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

## (xi) Regarding refund to investors of Sahara Group

**श्री भोला सिंह (बुलंदशहर):** सहारा ने अपनी फर्जी योजनाओं के माध्यम से लगभग 25 हजार करोड़ रुपये इकट्ठा करके 3 करोड़ गरीब लोगों को धोखा दिया है। अंतिम राहत के लिए मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। जबकि 5 करोड़ से अधिक आम आदमी सहारा इंडिया से सुरक्षित वापसी के लिए कोई सक्रिय सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने से व्यथित और परेशान हैं। लोगों की मेहनत की कमाई वर्षों से सहारा की कई योजनाओं, आवास वित्तीय से लेकर उपभोक्ता और सहकारी क्षेत्र की योजनाओं में निवेशित है। जब भी सरकार ने उन्हें नियंत्रित करने की कोशिश की, उन्होंने अचानक एक अलग मंत्रालय के तहत एक और कंपनी बना ली । सरकार से अनुरोध करता हूं, कि वह धोखाधड़ी के चक्र को गंभीरता से ले और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे, साथ ही जनता को निश्चित समय सीमा के भीतर सहारा से रिफंड के लिए आश्वासन दे, अन्यथा सहारा इंडिया घोटाला दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा । गरीब और प्रभावित लोग इतनी संख्या में हैं कि उनका गुस्सा, नाराजगी और आक्रोश देश में कभी भी सुनामी पैदा कर सकता है।

## (xii) Need to withdraw the ban on export of non-Basmati white rice

**SHRI S.S. AHLUWALIA (BARDHAMAN-DURGAPUR):** I would like to raise the issue of new export policy which affects the rice export. West Bengal produces most of the paddy, the total yield is 2.5 Crore Metric Tonnes. 15 Lack MT/year are procured by Government for milling and the rest of the rice is purchased by the State-owned rice mills. Around 1.10 lakh MT of rice is exported through sea port of Haldia and Kolkata and a sizeable amount of rice is exported through Krishnapatnam and Vizag. The monthly export is about 2 lakh MT and most of them is from my constituency Purba Bardhaman.

Vide Notification no. 20.2023 from Commerce Ministry dated 20.07.2023, non-Basmati white Rice are banned for export. Apart from this 20% export duty has been imposed on Gobindabhog Rice which grows only in the bank of Damodar River. This above notification on ban of export will give financial hardship to the mill owners and paddy growers. My humble request to the Government that they should withdraw the ban on exports/hike on export duty in larger interest of farmers of West Bengal.

## (xiii) Need to operationalize the circle office of Archaeological Survey of India in Raiganj Parliamentary Constituency

**SUSHRI DEBASREE CHAUDHURI (RAIGANJ):** I would like to draw the kind attention of the Hon'ble Minister of Culture towards the need to start the functioning of Raiganj Circle Office of Archeological Survey of India (ASI). The Ministry had announced 7 new circles of ASI in the year 2020 to facilitate and strengthen the process of preservation and registration of archaeological monuments alongwith registration of artefacts and one new circle is to be created in Raiganj, West Bengal. The said creation is done, but due to non-availability of space, the said circle in Raiganj is not fully functioning. I had written several letters to Ministry stating that the BSNL is ready to give their premises for this purpose. But the proposal is still pending with Ministry. It is pertinent to mention that other offices declared on the same day are more or less operational now, except this Raiganj Office. This is one of the most important pending proposals of my Raiganj Parliamentary Constituency which needs immediate attention of the Hon'ble Minister of Culture as it is lying pending for more than three years. Hence, I urge upon the Government to take immediate steps to make this Raiganj Circle Office of ASI operational immediately.

## (xiv) Need to construct Dam in Misrikh Parliamentary Constituency to check floods

**श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):** उत्तर प्रदेश राज्य की मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है। यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी परसोला शिव रामू सहित काफी गांव की न केवल फसल बर्बाद हो जाती है बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वह आवास विहीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कृषि उपज बर्बाद होने पर जहां उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है, वहीं वे बेघर भी हो जाते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराने, पानी का फैलाव रोकने, आवास विहीन ग्रामीणों को आवास की व्यवस्था कराए जाने तथा प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने हेतु बांध मेहंदी घाट से होते हुए राजघाट सरिया पुल तक केंद्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता है, तब तक कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## (xv) Regarding railway related issues pertaining to Jhargram Parliamentary Constituency

**SHRI KUNAR HEMBRAM (JHARGRAM):** First of all, I express my sincere gratitude to the Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modiji and the Hon'ble Minister of Railways for considering four railway stations viz. Chandrakona Road, Garhbeta, Salboni and Jhargram of my constituency under 'Amrit Bharat Station' in South Eastern Railways. Jhargram is the Headquarters of the district and an important major railway station in Kharagpur-Tatanagar section. Significant stoppage of express trains has not been given despite several demands. Therefore, I would request once again to the Hon'ble Minister of Railways that besides developing the Jhargram station under 'Amrit Bharat New Delhi Purushottam Station' kindly ensure the stoppages of 1) Puri - Express, 2) Puri - Anand Vihar Terminal Neelachal Express, 3) Howrah Mumbai Geetanjali Express, 4) Howrah - Barbil Janshatabdi Express, 5) Puri - Yog Nagari Rishikesh Utkal Express, 6) Tambaram - Silghat Town Nagaon Express, 7) Tambaram New Tinsukia Jn. New Tinsukia Express at Jhargram station. For passengers' convenience kindly introduce new trains between Jhargram - Haldia and Jhargram - Digha for better connectivity between the districts of Purba Medinipur, Paschim Medinipur and Jhargram; and accelerate the constructions of ROB/underpass at Kadamkanan and Bamda level crossing.

## (xvi) Need to provide medical facilities to the labourers working in mining industry and crusher plants in Bundelkhand

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कबरई मंडी देश की ही नहीं एशिया की सबसे बड़ी पत्थर की गिट्टी की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। पत्थर की गिट्टी बनाते समय धूल और सिलिका बहुत अधिक मात्रा में आसपास के वातावरण की हवा में मिल जाते हैं, जिसका बुरा प्रभाव न सिर्फ क्रेशर मशीन प्लांट पर काम कर रहे मजदूरों पर पड़ता है। बल्कि आसपास रहने वाले लोगो के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पर इन सबका सबसे तात्कालिक प्रभाव इन क्रेशर मशीन में काम कर रहे मजदूरों के स्वास्थ पर पड़ा है। धूल और सिलिका की अधिक मात्रा होने के कारण अधिकांश मजदूर सिलिकोसिस तथा न्यूमोकोनियोसिस इत्यादि साँस की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों के कारण टी.बी. की बीमारी होने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है। खनन और क्रेशर प्लांट में काम कर रहे अधिकांश मजदूर दिहाड़ी और असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी का भी अभाव है। मेरी सरकार से मांग है कि बुंदेलखंड में इन मजदूरों का सर्वे कराकर इनको स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए और बुंदेलखंड में सिलोकोसिस सहित स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के ईलाज हेतु राज्य सरकारों के साथ मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाए।

## (xvii) Need to encourage sports in the country

**SHRI VIJAYKUMAR *ALIAS* VIJAY VASANTH (KANYAKUMARI):** Now a days, participation of children and young people in sports activities has reduced a lot. We need to provide ample space to the children and youngsters to involve them in physical activities. The grounds in various towns and villages where people used to play and exercise have now become concrete jungles. Even the schools do not have a playground. The unemployment rate is getting higher and many youngsters without any physical activities are diverting themselves into anti-social activities. Sports activities not only increases the physical strength but also mental strength. The hatred prevailing across the Nation can be curbed with sports. Government should draft out policies to have stadiums and play ground in every village and towns of every State. Also, Government should encourage sports among people by various initiatives. More importance can be given to youngsters who excel in sports while being selected for Government jobs, especially in Armed forces. The involvement of children and youngsters will make us proud by winning more medals in Olympics and Asian games. I urge upon the Union Government to take steps to improve the sports culture across the Nation.

## (xviii) Regarding revision of minimum monthly pension under EPS 1995

**SHRI VE. VAITHILINGAM (PUDUCHERRY):** There are more than 70 lakh retired employees from industrial sectors who are under EPS 95 Pension Scheme. These EPS 95 pensioners are getting very meagre amount as their monthly pension. The average pension given to these old age pensioners is only Rs.1171/-. To add this, the cost of medical treatment is also not covered and these pensioners are struggling for their livelihood. Considering the present cost of living the Union Government can revise the minimum monthly pension to Rs 5000/- and all the EPS 95 pensioners and spouse can be given free medical treatment.

## (xix) Regarding power supply in Andaman and Nicobar Islands

**SHRI KULDEEP RAI SHARMA (ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS):** Andaman and Nicobar Islands are currently facing indiscriminate power cuts during the hot and humid climate, which is having a significant impact on the people. These power cuts are occurring throughout the day, from morning till night, without any prior schedule or warning, causing great inconvenience to the public. The primary reasons for these power cuts are reported to be faults in some DG sets and underground electric lines, as well as a shortage of power supply due to under frequency/overload as there is substantial gap between demand and supply coupled with T&D system faults. Demand for power in Andaman and Nicobar Islands is expected to increase significantly in the coming years too specially due to the new airport terminal building which will bring more domestic and foreign tourists, further increasing the demand for power. As a result, it is important that the Government takes necessary steps for ensuring sufficient power supply to the public, particularly during the hot and humid seasons and chalk out a permanent solution and take necessary steps to provide additional 15MW of DG capacity to the Andaman and Nicobar Administration in order to overcome the crisis situation and provide immediate relief to the islanders.

## (xx) Need to regularise the services of daily wage workers of ISRO Propulsion Research Centre at Mahendragiri

**SHRI S. GNANATHIRAVIAM (TIRUNELVELI):** I stress upon the need to immediately appoint permanent officials at IPRC (ISRO Propulsion Research Complex) similar to other centres of ISRO. While recruiting for various posts in IPRC (ISRO Propulsion Research Complex) at Mahendragiri, people of Tamil Nadu particularly of my Tirunelveli Parliamentary Constituency are being ignored. I urge that eligible aspirants from Tamil Nadu, particularly the engineering graduates of my Tirunelveli Constituency should be given priority on such permanent appointments. Security personnel are very less in number although IPRC-ISRO, Mehendragiri handles various dangerous substances and liquids. Therefore I urge upon the Union Government to appoint Security Personnel at Mahendragiri in lines with the set-up at Sriharikota, so that the lives of the employees of IPRC as well as the people living in the surrounding areas may be protected. As per the practice being followed in Central Government establishments, among the lower category staff, 69 per cent should be appointed from the people living in the surrounding areas of such establishments. There was an assurance given regarding permanent employment to the local people at the time when this set-up was established. But after 20 years of its inception many locals have been working as just daily-wagers in the lower category of staff for several years and they were not made permanent employees. Such demands have fallen on deaf ears. I urge that

those gang labourers who have been working as daily-wagers for the last 20 years and more should be given permanent employment at the earliest.

## (xxi) Need to construct two flyovers at Samserganj and Raghunathganj-I Blocks in Murshidabad district

**SHRI KHALILUR RAHAMAN (JANGIPUR):** Samserganj and Raghunathganj-I Blocks under Murshidabad district are the most densely populated with population near about 4 lakh respectively. NH-34 is the backbone for transportation of Murshidabad district which intersects both the blocks equally. Dakbanglow Mor and Omarpur junction under Samserganj and Raghunathganj-I Block respectively are the gateway to Jharkhand State, North Bengal and Birbhum district. The presence of Colleges, hospitals, and Railway Crossings and Railway Stations within a range of 1 km leads to jams on a regular basis. Incidents like death in ambulances on the way to hospitals are so frequent in both of the junctions. Construction of a flyover in both of the junctions will be highly beneficial not only for Samerganj and Raghunathganj blocks but also Murshidabad, Malda, Birbhum District, North Bengal and Jharkhand State too. Along with that, it will be very helpful for small-scale businesses growing every day throughout the district which directly impacts the financial sector. Construction of these two flyovers will reduce the travel time between Kolkata and Siliguri by more than two hours. I strongly demand the concerned authority to consider my proposal and take the necessary steps for the construction of these two flyovers at the earliest.

## (xxii) Regarding reconsideration of subsidy claims made by farmers under subsidy schemes of National Horticulture Board

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** एनएचबी वेबसाइट 28.03.2017, 12.04.2017, उन मामलों में प्रस्ताव स्वीकार करेगा जहां बैंको ने 01.04.17 को या उसके बाद सावधि ऋण पहले ही दिया है और कहा आईपीए हेतु कागजों की सूची समय पर प्रकाशित होगी जबकि किसानों ने बैंकों से फूलों की खेती के लिए सावधि ऋण लिया और परियोजना शुरू की, इसके बाद 01.05.17 को एनएचबी ने वेबसाइट पर नोटिस दिया और कहा एससीपी टीएसपी एनई क्षेत्र के किसानों को ऑनलाइन आईपीए हेतु आवेदन करना है 15.08.17 को एनएचबी ने दिल्ली संस्करण समाचार में विज्ञापन दिया और कहा जिन किसानों का टर्म लोन 01.04.17 को या उसके बाद पहले ही वित्तीय संस्थानों द्वारा दिया गया है वे 01.09.17 और 30.09.17 के बीच आईपीए के लिए ऑनलाइन करेंगे 19.08.17 को एनएचबी ने वेबसाइट पर प्रकाशित निर्देश के अनुसार लंबित सब्सिडी दावों के महत्वपूर्ण बैकलॉग के कारण पॉलीहाउस संरक्षित खेती परियोजनाओं हेतु विदर्भ को छोड़कर महाराष्ट्र से प्रस्ताव स्वीकार करेगा। जबकि किसानों ने पहले ही बैंकों से सावधि ऋण लिया और सब्सिडी पर काम किया, किसानों पर पर्याप्त सावधि ऋण ब्याज भुगतान का बोझ है। मैं सरकार से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की एनएचबी योजना के तहत प्रिंसिपल अप्रूवल आवेदनों के सब्सिडी दावों परपुनर्विचार करने का आग्रह करता हूँ।

## (xxiii) Need to increase the number of sleeper coaches in Sapt Kranti SF Express (Train Nos 12557/12558) and run a similar train on New Delhi - Sitamarhi route

**श्री सुनील कुमार (वाल्मीकिनगर):** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान जनकल्याण के अति महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट कराना चाहता हूं। गाड़ी संख्या 12557/12558 आनंद विहार से लखनऊ, गोरखपुर तथा नरकटियागंज होते हुए मुजफ्फरपुर तक चलती है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्रवासियों के लिए यह एकमात्र सुपरफास्ट ट्रेन है। इस ट्रेन में पूर्व में स्लीपर के 12 कोच हुआ करते थे, जिसको अब घटाकर 6 कर दिया गया है तथा 4 नए एसी कोच को जोड़ा गया है। स्लीपर कोच में मजदूर वर्ग, कम आय वाले व्यक्ति तथा मरीज लोग काफी संख्या में यात्रा करते थे, स्लीपर कोच की संख्या घटाने से गरीब तबके के यात्रियों को यात्रा करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यह लोग एसी कोच का किराया वहन करने में सक्षम नहीं है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि गाड़ी संख्या 12557/12558 में स्लीपर कोच की संख्या को पूर्व की भांति 12 किया जाए और साथ ही इस रूट पर सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस की तर्ज पर 1 नई रेलगाड़ी नई दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, सिकटा होते हुए सीतामढ़ी तक जनहित में यथाशीघ्र चलाया जाए।

## (xxiv) Need to expedite completion of AIIMS, Madurai

**SHRI S. VENKATESAN (MADURAI):** AIIMS Madurai was announced during the year 2015-2016 under PMSSY scheme and the approval was given on 17.12.2018 under phase V along with 6 other AIIMS. Though its been more than 4 years since Hon'ble PM laid the foundation stone in 2019 for the AIIMS Madurai but no construction work has taken place. Whereas some of the AIIMS including which were announced thereafter under phase VI, VII & VIII have made significant progress in construction, but the one proposed for Tamil Nadu earlier than the others has remained mostly on paper. I request the Government not to further postpone the construction work initially scheduled to be completed in Sep 2022 and later target date of completion is Oct' 2026 because the classes have already began in temporary campus at Government medical college and I also request to provide the Plan of action and the proportional achievement to be monitored by bar chart.

## (xxv) Need for caste-wise population census

**SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI):** Caste Census is the need of the hour, the unavailability of reliable and authentic data regarding the exact population of each segment of the society, geographical area of their spread and density is posing a huge challenge in ensuring focused and outcome-specific planning. The latest Data and Statistics are the essential tools for policy-making and research, as it helps the policy-makers to determine the target and direct the course of policies and actions. With fresh assessment of the Caste-Wise population, the economic deprivation levels of different castes in various states could be determined and it would help to tailor reservation policy to ensure equitable representation of all of them.

## (xxvi) Regarding upgradation and development of Railway Health Care Unit at Kollam

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Railway Health Care Unit at Kollam is housed in a 100-year-old tiled building without any periodical renovations. The average number of patients in the hospital exceed 200 per day including pensioners, family pensioners and travelling public. But the facilities in Health Care Unit are not sufficient to meet the requirement. Upgrading the Health Care Unit at Kollam to a Sub Divisional Hospital with all lab facilities and radio diagnosis facilities such as CT scan, MRI Scan are essential for rendering service to the patients. The major project for redevelopment of Kollam Railway Station is progressing. But the development of Health Care Unit at Kollam seems to be totally ignored in the project. Therefore, I urge upon the Government to include the upgradation and development of Health Care Unit at Kollam in the re-development project.

---

**माननीय अध्यक्ष:** आइटम नंबर 16, मंत्रिपरिषद् में अविश्वास का प्रस्ताव, श्री गौरव गोगोई जी।

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री**; **कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** सर, एक पॉइंट कहना है। जहां तक मैं जानता हूं कि सुबह सेक्रेट्री जनरल के ऑफिस में एक चिट्ठी आई थी कि श्री राहुल गांधी जी गौरव गोगोई जी के स्थान पर बोल रहे हैं, तो फिर अब क्या हुआ? हम तो राहुल गांधी जी का भाषण सुनने के इच्छुक हैं। … (व्यवधान) सुबह 11.55 पर चिट्ठी आई थी, लेकिन अभी 12 बजे चेंज हो गया। क्या हुआ, थोड़ा हमें भी समझ में आए। यही हमारी रिक्वेस्ट है। … (व्यवधान) Let me understand what has happened. At 11:55 a.m. he has given a letter that Mr. Rahul Gandhi is going to speak. What has happened in five minutes? What is the problem? We are very much enthusiastic to listen to Mr. Rahul Gandhi. … (*Interruptions*)

**श्री हैबी ईडन (एरनाकुलम):** आप प्रधान मंत्री को बोलो कि वे सदन में आएं। … (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** सर, कृपया हाउस को ऑर्डर में लें। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: श्री गौरव गोगोई जी ।

… (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष महोदय, आप इस सदन के रक्षक हैं। आपके दफ्तर में क्या हो रहा है, क्या दरख्वास्त दी गई है, क्या बात-चीत हुई है, क्या हम बताएं कि …*आपके दफ्तर के अंदर क्या-क्या बातें की हैं? हम यह नहीं कहते हैं। … (व्यवधान)

**गृह मंत्री तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):** माननीय अध्यक्ष जी, इनको बताना चाहिए । … (व्यवधान) आप बताइए। यह गंभीर आरोप है। … (व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** सर, प्रधान मंत्री जी का नाम और चेयर का नाम लेकर ये ऐसे अनाप-शनाप आरोप आप नहीं लगा सकते। … (व्यवधान)

---

* Not recorded

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष महोदय के दफ्तर की बात को हम विश्वास में रखते हैं। … (व्यवधान) और आप जो बात कहते हैं, उसकी भी विश्वसनीयता हम बचाकर रखते हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** आप सभी कृपया एक मिनट के लिए बैठिए। मैं बैठा हूं ना।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, कभी भी कोई भी विषय हो, मेरा चैंबर भी सदन है, यह आप जानते हैं। आप एक वरिष्ठ नेता हैं। कभी भी ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, जिसका कोई तथ्य और सत्यता न हो।

… (व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** सर, इन्होंने जो लैटर दिया है, वह पब्लिक डोमेन में है और प्रेस को भी कहा है। … (व्यवधान) प्रेस के पास भी इनका लैटर है। जो प्रश्न चल रहा है, उसके बारे में मैंने पूछा। मैंने इनका कोई सीक्रेट नहीं पूछा, लेकिन इन्होंने माननीय प्रधान मंत्री जी का नाम लेकर क्या बताया? … (व्यवधान) वह इनको पता है। वे बोलें, तो हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं। ऐसे अनाप-शनाप आरोप आप नहीं लगा सकते हैं।

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष महोदय, हम आपके दफ्तर में जाते हैं और आपको दरख्वास्त देते हैं, तो हमें यह अनुभव होता है कि अध्यक्ष महोदय हमारे अधिकारों की रक्षा करेंगे। आपके साथ यदि कोई भी बात-चीत हुई हो, तो हमारा विश्वास कहता है कि सदन की गरिमा और सांसद के अधिकार को हम बचाएंगे। … (व्यवधान) मंत्री महोदय अगर ऐसा नियम शुरू करना चाहते हैं कि आपके दफ्तर में जो बात होती है, उसे बाहर उजागर करना चाहेंगे, तो हम भी उल्टी बात अंदर रख सकते हैं। आप संसदीय कार्य मंत्री हैं, अत: आप इस प्रकार की बात मत कीजिए। …

**SHRI PRALHAD JOSHI:** Please understand it is in the public domain. It is in the media. It is in the social media. What are you talking?

हम आपसे यह अपेक्षा नहीं करते हैं। ... (व्यवधान) आप संसदीय कार्य मंत्री हैं। अध्यक्ष महोदय के दफ्तर में हम जो बातें करते हैं, आप उसका इस प्रकार से उल्लंघन मत कीजिए। ... (व्यवधान) आप ससंदीय कार्य मंत्री हैं। आप तो अपना कर्तव्य याद रखिए। ... (व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** आपका लेटर पब्लिक डोमेन में है। ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, हम एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर रहे हैं। हम इस सदन की गरिमा के अनुसार और सदन की परम्पराओं के अनुसार बोलें। अविश्वास प्रस्ताव एक गंभीर प्रस्ताव है। मेरा सभी सदस्यों से आग्रह है कि वे चर्चा को गंभीरता से करेंगे तो उचित रहेगा।

श्री गौरव गोगोई जी ।

... (व्यवधान)

**12.11 hrs**

## MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि यह सभा मंत्रिपरिषद् में अपने विश्वास का अभाव प्रकट करती है।"

अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति की अपेक्षा करता हूं कि मैं अपना वक्तव्य रखूं। मैं सबसे पहले आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने 'इंडिया एलायंस' के इस अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार किया। ... (व्यवधान) जब आपने पूछा कि इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में कौन-कौन खड़ा है तो मैं इस मंच से 'इंडिया एलायंस' के सभी दलों के सांसदों को धन्यवाद देता हूं और आभार प्रकट करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, यह अविश्वास प्रस्ताव हमारी मजबूरी है। यह हमारी मजबूरी है कि हमें अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा, क्योंकि यह बात कभी भी संख्या की नहीं थी। यह बात हमेशा इंसाफ की थी। मणिपुर के लिए इंसाफ की थी।

**माननीय अध्यक्ष:** गोगोई जी, आप पहले प्रस्ताव रख दीजिए।

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष महोदय, मैंने प्रस्ताव के लिए आपसे अनुमति मांगी थी। मैं प्रस्ताव आगे करता हूं। मैंने शुरुआत में ही आपकी अनुमति मांगी थी।

अध्यक्ष महोदय, यह इंसाफ मणिपुर के लिए है।

सर, क्या मैं प्रस्ताव पढ़ूं?

**माननीय अध्यक्ष:** आप प्रस्ताव रख दीजिए।

**श्री गौरव गोगोई:** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि यह सभा मंत्रिपरिषद् में अपने विश्वास का अभाव प्रकट करती है।"

अध्यक्ष महोदय, हम इंडिया एलायंस यह अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर के लिए लेकर लाए हैं, क्योंकि मणिपुर आज इंसाफ मांगता है। मणिपुर का युवा इंसाफ मांगता है, मणिपुर की बेटी इंसाफ मांगती है, मणिपुर के किसान इंसाफ मांगते हैं और मणिपुर के छात्र इंसाफ मांगते हैं। मार्टिन लूथर किंग ने कहा है कि, "अगर कहीं भी नाइंसाफी हो तो वह हर जगह के लिए इंसाफ के लिए खतरा बन सकता है। Injustice anywhere is a threat to justice everywhere." ये जो घटनाएं मणिपुर में हो रही हैं, इसको हम यह न समझें कि उत्तर पूर्वांचल के किसी कोने में यह हो रहा है। यह भारत में हो रहा है। अगर मणिपुर जल रहा है तो भारत जल रहा है। … (व्यवधान) अगर मणिपुर में आग लगी है तो भारत में आग लगी है। अगर मणिपुर विभाजित हुआ है तो भारत विभाजित हुआ है। … (व्यवधान) आज हम सिर्फ मणिपुर की बात नहीं कर रहे हैं, हम भारत की बात कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारी मांग स्पष्ट थी कि देश के मुखिया होने के नाते प्रधान मंत्री जी सदन में आएं, अपनी बात रखें, अपनी संवेदना प्रकट करें और उस पर सारी पार्टीज अपना समर्थन दें, ताकि मणिपुर को एक संदेश जाए कि इस दु:ख की खड़ी में पूरा सदन मणिपुर के साथ है और हम मणिपुर में शांति चाहते हैं। … (व्यवधान) यह हमारी अपेक्षा थी। लेकिन, अफसोस की बात है कि ऐसा नहीं हुआ। प्रधान मंत्री महोदय ने एक मौन व्रत लिया कि सदन में, न लोक सभा में कुछ बोलेंगे

न राज्य सभा में कुछ बोलेंगे। इसीलिए, यह नौबत आई कि हम अविश्वास प्रस्ताव के द्वारा प्रधान मंत्री मोदी जी का मौन व्रत तोड़ना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रधान मंत्री महोदय से साफ-साफ तीन सवाल हैं। पहला सवाल यह है कि आज तक वे मणिपुर क्यों नहीं गए? राहुल जी गए, 'इंडिया एलायंस' की विभिन्न पार्टीज गईं, गृह मंत्री जी गए, एमओएस होम गए, पर देश के मुखिया होने के नाते प्रधान मंत्री मोदी जी क्यों नहीं गए? यह पहला सवाल है।… (व्यवधान)

दूसरा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी जी को मणिपुर पर कुछ बोलने के लिए लगभग 80 दिन क्यों लगे? जब बोले, तो सिर्फ 30 सेकेंड के लिए बोले। उसके पश्चात् आज तक प्रधानमंत्री मोदी जी की तरफ से न कोई संवेदना का शब्द, न कोई शांति की याचना की गई। मंत्रिमंडल के सदस्य बोल रहे हैं कि हम बोलेंगे-हम बोलेंगे। आप बोलिए, आपको किसी ने नहीं रोका, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के एक प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वह किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। माफ कीजिएगा, अगर प्रधानमंत्री मोदी जी प्रधानमंत्री होने के नाते शांति की पहल करें, उस कदम में जो ताकत है, वह ताकत किसी मंत्री या किसी सांसद में नहीं है।

तीसरा सवाल यह है कि आज तक प्रधानमंत्री जी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया? जब गुजरात में निर्वाचन आया, जब आपको गुजरात में अपनी राजनीति करनी थी, तो गुजरात के मुख्यमंत्री को एक बार नहीं, बल्कि दो बार बदल दिया गया। जब उत्तराखंड में निर्वाचन आया, तो उत्तराखंड में एक बार, दो बार, तीन बार, शायद आपने चार बार मुख्यमंत्री बदल दिए। जब त्रिपुरा में निर्वाचन आया, तो त्रिपुरा में भी आपने निर्वाचन से पहले मुख्यमंत्री को बदल दिया। आप मणिपुर के मुख्यमंत्री को ऐसा क्या विशेष आशीर्वाद दे रहे हैं, जिन्होंने खुद कबूल किया है कि आज मेरे कारण एक इंटैलीजेन्स फेल्योर हुआ है। ये तीन सवाल हैं। शायद इन तीन सवालों के तीन उत्तर भी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी मणिपुर पर क्यों मौन हैं, शायद इस प्रश्न के तीन उत्तर हैं। पहला उत्तर यह है कि प्रधानमंत्री मोदी जी को कबूल करना पड़ेगा कि मणिपुर में उनकी डबल इंजन की सरकार

व्यर्थ हो गई है, विफल हो चुकी है। इसीलिए आज मणिपुर में 150 लोग मरे हैं। लगभग 5,000 घर जलाए गए। आज लगभग 60,000 लोग शिविर में रह रहे हैं। लगभग 6,500 एफआईआर दर्ज हुई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते जो एक संवाद का वातावरण बनाना चाहिए था, शांति, अमन और सद्भावना का एक वातावरण बनाना चाहिए था, आज सिर्फ मई महीने से नहीं, बल्कि उन्होंने पिछले दो-तीन सालों से कुछ ऐसे भड़काऊ कदम उठाए हैं, जिससे आज समाज के बीच में तनाव पैदा हो गया है।

हम मणिपुर गए थे। क्या मणिपुर में पहली बार हिंसा हुई है, क्या उत्तर-पूर्वांचल में सबसे पहली हिंसा हुई है? नहीं, इससे पहली भी हिंसा हुई है। मणिपुर में भी हुई है। मैं खुद उत्तर-पूर्वांचल से आता हूं। मैं खुद जिम्मेवारी से कहता हूं कि हिंसा हुई है।…(व्यवधान) अरे, आपमें से तो कोई वहां गया भी नहीं, आप क्या जानेंगे? पहले जाओ और फिर हमें परामर्श दो। पहले आप लोग जाओ।…(व्यवधान)

महोदय, हम लोग गए और बहुत दुख हुआ कि हमने समाज में दो वर्गों के बीच ऐसा बंटवारा कर दिया। हमने समाज के दो वर्गों के हृदय में इतना आक्रोश और इतना गुस्सा पहले कभी नहीं देखा है। हमने पहले कभी भी नहीं देखा कि आज समाज का एक वर्ग दूसरे वर्ग के प्रति बदले की भाषा का प्रयोग कर रहा है। हमने कभी भी नहीं देखा कि एक प्रदेश में ऐसी लकीर खींच दी गई है कि पहाड़ पर एक वर्ग के लोग रहते हैं और वैली में दूसरे वर्ग के लोग रहते हैं। अफसोस की बात है कि जो सरकार एक इंडिया की बात करती है, आज आपने दो मणिपुर बना दिए हैं। आपकी राजनीति से आज दो मणिपुर बन गए हैं।

मैं इस सदन के माध्यम से मणिपुर के मुख्यमंत्री को पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के राजधर्मों को याद करने की सलाह दूंगा। उन्होंने कहा था कि राजा या शासक के लिए प्रजा में भेद नहीं हो सकता, न जन्म के आधार पर, न जाति के आधार पर और न ही समुदाय के आधार पर।

सर, आज इस माहौल में अगर सबसे ज्यादा पीड़ा किसी को झेलनी पड़ी है तो महिलाओं और बच्चों को। हमने वे वायरल वीडियोज़ देखे हैं, मैं उनका उल्लेख नहीं करना चाहूंगा, उनसे

सबको पीड़ा हुई है। मुख्य मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि ऐसी सौ एफआईआर हैं। हम भी वहां गए हैं। इंडिया डेलिगेशन, हमारा संसदीय दल उस परिवार से मिलकर आया है, जिसमें दो महिलाओं के साथ इतना बुरा व्यवहार हुआ, अत्याचार हुआ। हम ऐसे भी एक परिवार से मिले, जिसमें एक 80 साल की महिला, जो एक स्वतंत्रता संग्रामी की पत्नी थी, उसको घर के अंदर बंद करके जिंदा जला दिया। वे दो महिलाएं, जिनको लेकर आज सुप्रीम कोर्ट तक बात गई है, उनमें से एक महिला का पति कारगिल में हमारे देश के लिए हमारी सीमा की सुरक्षा कर रहा था। वह कारगिल का जवान बोल रहा है कि मैंने देश को बचाया, लेकिन मैं अपने घर और अपने परिवार को नहीं बचा पाया। जब हम उनसे मिलते हैं तो हम क्या कहें? आप लोग कहते हैं कि हम फोटो ऑप करने गए थे। हम दुख के समय में उनको संवेदना देने गए थे। आज महिलाओं और बच्चों के साथ … (व्यवधान)

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत):** आप राजस्थान पर भी आइए।

**श्री गौरव गोगोई :** मैं सारी बातों पर आऊंगा। वहां धार्मिक जगह को भी नहीं बख्शा गया । वहां धार्मिक स्थानों पर भी भीड़ घुसी और उनका असम्मान किया। आज इंटरनेट नहीं है। आप कहते हैं कि सब नॉर्मल है, स्थिर है, लेकिन आज भी इंटरनेट नहीं है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, लोग अपनी बातें नहीं रख पा रही हैं। आज कितनी महिलाओं पर अत्याचार हुआ है, वे अपनी बात ही नहीं रख पा रहे हैं। वह तो वीडियो वायरल हो गया था, अन्यथा मुझे लगता है कि आज तक प्रधान मंत्री मोदी जी मौन ही रहते। ऐसे हजार अत्याचार हुए हैं, लेकिन वहां के मुख्यमंत्री जी क्या कहते हैं? वह ड्रग्स के ऊपर बोलते हैं कि यह सब ड्रग्स के लिए हुआ है।

अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात बहुत गम्भीरतापूर्वक आपके समक्ष सदन में रख रहा हूं कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के कार्यालय से जब एक ड्रग माफिया के बड़े नेता को वहां की पुलिस ने पकड़ा तो मुख्यमंत्री के दफ्तर से फोन गया कि उस ड्रग के माफिया को बचाओ और रिहा करो। वह ड्रग का माफिया कौन था, वह ड्रग का माफिया आप ही के दल के ऑटोनोमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के चेयरमैन थे। जब वहां पर लॉयंगाम्बा इटोचा को पकड़ा गया तो मुख्यमंत्री जी के दफ्तर से फोन गया कि इसको रिहा करो। यह इटोचा कौन हैं, वह वहीं के राज्य सरकार के पीएचई मिनिस्टर सुसिन्द्रो

के भाई हैं। आज यह सरकार राज्य में ड्रग्स की बात करती है। ड्रग्स के साथ मुख्यमंत्री महोदय के दफ्तर के साथ ताल्लुकात हैं। यह बात मैं नहीं कर रहा हूं, वह पुलिस ऑफिसर, जिनको इनकी राज्य सरकार ने मेडल दिया, वे इस बात को कह रहे हैं। इस सरकार ने मुझे मेडल दिया और यही सरकार मुझे ड्रग से जुड़े हुए इनके दल के नेताओं को छोड़ने के लिए कह रही है तथा उन्होंने अपना मेडल राज्य सरकार को वापस कर दिया। सर, पॉपी फार्मिंग की बात करते हैं। आज आपका ही नार्कोटिक्स एण्ड अफेयर्स ऑफ बॉर्डर यह कहता है कि – about the scale of poppy plantation in Manipur spread across 15,400 acres of land in the hills between 2017 and 2023. वर्ष 2017 में आपकी सरकार आई थी। इंडियन फॉरेस्ट सर्वे रिपोर्ट 2021 में कहते हैं कि “Within two years’ time, the forest area of Manipur has decreased by 248.63 sq. kms”. आपकी सरकार की नजर के सामने वहां के जंगलों को काटा जा रहा है और पॉपी फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

गृह मंत्री जी ड्रग्स को लेकर बार-बार वक्तव्य देते हैं, लेकिन गृह मंत्री महोदय, आपको भी पता है कि पिछले पांच-छ: सालों में ड्रग्स की यह समस्या कम नहीं हुई, थमी नहीं, बल्कि बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी का डेटा है कि वर्ष 2017 में 1,113 केसेज हुए और वर्ष 2021 में 3,611 केसेज आए। ड्रग्स की समस्या आज बढ़ती जा रही है। कहीं न कहीं प्रधानमंत्री जी चाहते हैं कि वे मौन रहें, ताकि उनकी राज्य सरकार की छवि धूमिल न हो, क्योंकि उनको छवि से लगाव है। चाहे लोगों पर अत्याचार हो, ड्रग्स की समस्या बढ़ी हो, ये उनके लिए महत्व नहीं रखता है। जैसा कि मैंने कहा है, उनके मौन रहने के तीन कारण हैं। अभी मैंने सिर्फ एक कारण को उजागर किया है।

दूसरा कारण यह है, मैं बहुत सम्मानपूर्वक यह बात कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मौन रहने का दूसरा कारण यह है कि आज भारत सरकार का गृह विभाग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विफल हुए हैं। क्या हो रहा है मणिपुर में? आज वहां 5 हजार से ज्यादा हथियार लोगों के हाथों में हैं। लगभग 35 पुलिस स्टेशन्स में भीड़ जाकर, वहां के हथियार अपने साथ ले जाती है। आपने जितने भी राज्यों की बातें उजागर की हैं, क्या वहां कभी ऐसी स्थिति देखी है कि दो महीनों

में एक भीड़ पुलिस थाने में जाकर, पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में जाकर वहां के हथियारों को लेकर जाती है? क्या-क्या हथियार ले जाए गए हैं? क्या-क्या हथियार लूटकर ले गए हैं? इंसास राइफल्स, ए.के.-47, लाइट मशीन गन, सेल्फ लोडिंग राइफल, एसएमसी, मोर्टार, ग्रेनेड, बुलेट प्रूफ जैकेट और 6 लाख एम्युनिशन, 6 लाख गोलियां आज लोगों के बीच में हैं। क्या यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है? कहां हैं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार? ये जो बन्दूकें हैं, ये जो गोलियां हैं, ये किस पर चलाएंगे? ये गोलियां हमारी भारतीय सेना के नौजवानों पर चलाएंगे? ये गोलियां मणिपुर की पुलिस पर चलाई जाएंगी। ये गोलियां मणिपुर के निहत्थे लोगों पर बरसाई जाएंगी। क्या किया आपने? आज ये हथियार सिर्फ मणिपुर तक सीमित नहीं रहेंगे। ये जो लगभग 6 लाख एम्युनिशन है, गोला-बारूद और ए.के.-47 हैं, ये युद्ध के हथियार हैं। ये युद्ध के अस्त्र हैं। ये सिर्फ मणिपुर तक सीमित नहीं रहेंगे। उत्तर-पूर्वांचल और भारत की अलग-अलग जगहों में ये हथियार जाएंगे और भारत के समाज में अशान्ति का वातावरण बनाएंगे। क्या कर रहे हैं आप? आज दुख की बात है कि पहले मुख्यमंत्री जी समाज को दोषी ठहरा रहे थे, अब मणिपुर के मुख्यमंत्री केन्द्र सरकार और असम राइफल्स पर निशाना साध रहे हैं। आज ही मुझे सुनने को मिला कि असम राइफल्स, जिसको देश और लोगों को बचाने की जिम्मेदारी दी गई है, उनको हटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के घर के जो सदस्य विधायक हैं, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, वह पूछते हैं कि इतने हथियार कहां से आए? क्या कर रहे हैं केन्द्र शासित सुरक्षा दल? यह असम राइफल्स किसके अनुसार काम करती है? असम राइफल्स को गृह मंत्रालय से निर्देश जाता है। मणिपुर में ऐसी व्यवस्था बन गई है कि मणिपुर की पुलिस आज असम राइफल्स के जवानों पर अंगुली उठा रही है और असम राइफल्स के जवान आज मणिपुर पुलिस पर अंगुली उठा रहे हैं। यह स्थिति बनी है 21वीं सदी के भारत में? ऐसे हम इसका समाधान कर रहे हैं पिछले तीन महीनों से? आज सुप्रीम कोर्ट ने जो जांच कमेटी बैठाई, उससे साफ-साफ साबित होता है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कामों को स्वीकार नहीं किया। आज इसीलिए कमेटी बैठाई गई है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि आपने 51 मेंबर्स की एक कमेटी बनाई थी, लेकिन कितनी बार वह कमेटी बैठी? आप वहां तीन दिन थे, आप वहां गए

और आपने 51 मेंबर्स की एक पीस कमेटी बनाई। अच्छी बात है, लेकिन वह कमेटी आज तक असफल रही।

गृह मंत्री जी ने कहा कि मैं 15 दिनों के बाद आऊँगा। 15 दिन हो गए हैं, लेकिन गृह मंत्री जी मणिपुर में दिखाई नहीं दिए। जब एक संस्पेंडेड इन्सर्जेंसी ग्रुप (यूकेएलएफ) यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट का चेयरमैन एस.एस. हॉकिप लीगल बयान में, एफिडेविट में यह बात कहता है कि भाजपा ने वर्ष 2017 और वर्ष 2019 के निर्वाचन में एक उग्रपंथी संगठन का सहयोग लिया था। एक लीगल एफिडेविट में यह बात कही गई है। क्या यह इनका राष्ट्रवाद है? यह है इनका राष्ट्रवाद, जो आज देश की अखंडता को सत्य के दाँव पर भूल चुका है? यह राष्ट्रवाद है कि जो आज देश की अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहा है? आज उत्तर पूर्वांचल में आपकी जो बड़ी-बड़ी बाते हैं, वे सारी अभी तक नाकाम रही हैं। आप एनआरसी की बात करते हैं। आज तक एनआरसी असम में लागू नहीं हुई है। आप सीएए की बात करते हैं। वहां पर ऐसा माहौल हुआ कि जापान के पूर्व प्रधान मंत्री असम नहीं जा पाए । नागा पीस फ्रेमवर्क की बात करें तो आठ साल हो गए अभी तक हमने नहीं देखा कि नागा पीस फ्रेमवर्क में हुआ क्या है? गृह मंत्री जी आज नागा विधायक से अलग से मिलते हैं। मणिपुर से आए हुए कुकी विधायक से अलग से मिलते हैं। क्यों नहीं आप सबको एक साथ मिलकर बुलाएं और शांति की अपेक्षा करें। ये अलग-अलग मीटिंग क्यों हो रही हैं? ऐसे उत्तर पूर्वांचल की समस्याएं नहीं सुलझेंगी कि आप समाज, जाति, धर्म के आधार पर बँटवारा करें। आपको सबको साथ में लेना पड़ेगा। हम पहली बार यह देख रहे हैं कि उत्तर पूर्वांचल के दो राज्य, असम और मिजोरम के पुलिस अफसर एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं। क्या यह आपकी राष्ट्रीय सुरक्षा की नीति है? इसी बात को राहुल गांधी जी ने इस सदन में उजागर किया था, जब उन्होंने आपको चेतावनी दी थी कि आप उत्तर पूर्वांचल के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उत्तर पूर्वांचल हमारे देश का हिस्सा है, यह बात इन्होंने कही थी।

आज जिस तीसरे कारण पर मैं आना चाहता हूँ, जिसके कारण प्रधान मंत्री मोदी जी मौन हैं। पहला, उनकी राज्य सरकार विफल थी। दूसरा, उनका गृह विभाग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

विफल रहे और तीसरा, प्रधान मंत्री मोदी जी के मौन रहने का कारण है कि वे अपनी भूल कबूल नहीं करना चाहते हैं। अगर वे बोलें, चूँकि उनकी राज्य सरकार से चूक हुई है तो यह भूल वे कभी भी जनता के सामने कबूल नहीं करेंगे। वे मौन रहना पसंद करते हैं और यह पहली बार नहीं हुआ है। यह पहली बार नहीं हुआ है। जब भारत के लिए स्वर्ण पदक लाने वाली कुश्ती की महिला खिलाड़ी सड़क पर विरोध कर रही थीं, तब प्रधान मंत्री जी मौन थे। जब 750 किसानों ने किसान आंदोलन में अपने जीवन का बलिदान दिया, शहीद हुए तो प्रधान मंत्री जी मौन थे। जब वर्ष 2020 में दिल्ली में दंगे हुए और विदेश से एक सरकार के नेता आए हुए थे, उस समय भी प्रधान मंत्री जी मौन थे। जब अडानी पर इसी सदन में राहुल गांधी जी ने प्रधान मंत्री मोदी जी से सवाल किया कि कितनी बार एक विशेष कंपनी को प्रधान मंत्री के साथ जाने पर सुविधा हुई तो प्रधान मंत्री मोदी जी मौन थे।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप चर्चा पर आइए । यह सही नहीं है। जो व्यक्ति सदन में उपस्थित नहीं है, उस पर चर्चा मत कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** सर, बड़ी आश्चर्य की बात है कि अभी तक मैंने प्रधान मंत्री जी का नाम लिया, अभी तक मैंने मुख्य मंत्री जी का नाम लिया, अभी तक मैंने गृह मंत्री जी का नाम लिया, लेकिन अभी तक इनकी तरफ से विरोध नहीं हुआ था, लेकिन जब एक विशेष कंपनी के मालिक का नाम लिया तो ये सारे मंत्री और सांसद खड़े हो गए।… (व्यवधान)

सर, यह किसकी सरकार है? मैं चीन पर आता हूँ। जब हमने चीन पर सवाल किया कि चीन हमारे देश की सीमा में कितने अंदर तक गया है, कितने किलोमीटर में है, तो प्रधान मंत्री मोदी जी मौन रहे। प्रधान मंत्री, मोदी जी ने G-20 Bali summit में प्रेसिडेंट शी जिनपिंग के साथ क्या बातचीत की, उनके विदेश मंत्रलाय ने इसको छुपाने की कोशिश की। लेकिन जब चीन के विदेश मंत्रालय से बात आई तो भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने खुद कबूल किया कि हां, हमने यह बात छुपाई थी। बहुत संवेदनशील बातें प्रधान मंत्री, मोदी जी ने शी जिनपिंग के साथ बाली में की।

हम पूछना चाहते हैं कि आपने क्या बातें कीं? क्या समझौता हुआ, क्या आप बताएंगे? विदेश मंत्री जी ने कुछ दिनों पहले सभी के समक्ष एक स्टेटमेंट रखा। उस स्टेटमेंट में भी बाली में प्रधान मंत्री, मोदी जी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ क्या बात हुई, उन्होंने उजागर नहीं किया। आप चीन की बात करते हैं।… (व्यवधान) प्रधान मंत्री मोदी जी, जब जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल महोदय ने कहा कि उन्होंने प्रधान मंत्री जी को फोन किया था, तब राज्यपाल महोदय ने क्या कहा? उनको चुप रहने की सलाह मिली। प्रधान मंत्री, मोदी जी मौन रहे। जब एक पूर्व राज्यपाल महोदय ने कहा कि जब हमने पुलवामा के जवानों के लिए सुरक्षा मांगी थी, तो हमें कोई सुरक्षा नहीं मिली। जब ऐसी गंभीर बात एक पूर्व राज्यपाल महोदय, आपके चुने हुए राज्यपाल महोदय ने रखी, तो प्रधान मंत्री, मोदी जी मौन रहे। कोविड के सेकेंड वेव में लोगों की सांसों में, फेफड़ों में ऑक्सीजन नहीं थी, तब प्रधान मंत्री जी पश्चिम बंगाल में वोट मांग रहे थे। जब मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था, तो प्रधान मंत्री जी कर्नाटक में वोट मांग रहे थे। यह कैसा राष्ट्रवाद है, जो देश से ऊपर अपनी सत्ता को ज्यादा महत्व देता है? इस देश के इतिहास में, हमने दूसरे प्रधान मंत्री भी देखे हैं। हमने ऐसे भी प्रधान मंत्री देखे हैं, जिन्होंने उत्तर-पूर्वांचल और भारत की संवेदना को समझा।… (व्यवधान) मैं उदाहरण देना चाहता हूं। जब वर्ष 1985 में असम अकॉर्ड हुआ, तो असम में हमारी कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन शांति की पहल के लिए उस समय के पूर्व प्रधान मंत्री, राजीव गांधी जी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बरखास्त होनी चाहिए। हम निर्वाचन कराना चाहते हैं, ताकि शांति आगे बढ़े। यह हमारा राष्ट्रवाद है। दल से ऊपर हमारा देश, यह हमारा राष्ट्रवाद है। जब मिजो अकॉर्ड हुआ।…(व्यवधान) आप मेरी बात सुन लीजिए। आप सुनने का धैर्य रखिए। जब वर्ष्र 1986 में मिजो अकॉर्ड हुआ, तो मिजोरम में हमारी सरकार थी, लेकिन राजीव गांधी ने लालडेंगा जी के साथ समझौता करके, उन्होंने मिजो अकॉर्ड, 1986 में किया। वहां लालडेंगा जी मिजोरम के इंटरिम गवर्नमेंट के माननीय मुख्य मंत्री बनें और निर्वाचन हुआ। हमें सत्ता नहीं चाहिए, हमें उत्तर-पूर्वांचल में शांति चाहिए। अगर सत्ता खोनी पड़े, दल का बलिदान देना पड़े, तो उत्तर-पूर्वांचल और देश की अखंडता के लिए हम वह बलिदान देने के लिए तैयार हैं। सोनिया जी को याद होगा कि जब मिजो

अकॉर्ड हुआ, उसके अगले ही दिन राजीव गांधी जी और सोनिया गांधी जी आइजोल, मिजोरम गए थे। वहां जगह-जगह पर लोगों ने इन दोनों का स्वागत किया और कहा कि स्वागत राजीव गांधी जी, 'Welcome, Rajiv Gandhi Ji'.आप शांति के प्रतीक हैं। ऐसी पहल प्रधान मंत्री, मोदी जी मणिपुर में क्यों नहीं करते हैं?… (व्यवधान) हम उनका समर्थन करेंगे। जब वर्ष 2012 में कोकराझार, असम में हिंसा हुई तो इस लोक सभा में प्रधान मंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह जी ने अपनी बात रखी। जब कोकराझार में हिंसा हुई, तो उसके सात दिनों के बाद प्रधान मंत्री, मनमोहन सिंह जी वहां पर गए। उन्होंने असम में जाकर कहा कि 'We are one people. We are one nation. We must live together as such. We must restore peace and calm throughout the area.' ऐसी बातें प्रधान मंत्री मोदी जी क्यों नहीं करते हैं? चलिए, मैं अपने दल का नहीं, बल्कि मैं आपके दल का उदाहरण देता हूं। जब वर्ष 2002 में दंगे हुए, तो उस समय के प्रधान मंत्री, वाजपेयी जी गुजरात गए थे। वे शाह आलम के रिफ्यूजी कैम्प में गए थे।

सर, हमारी प्रधान मंत्री जी से सीधी-सीधी तीन याचनाएं हैं। पहली याचना है कि वे सदन में आकर अपनी बात रखें। लोक सभा में आएं और राज्य सभा में भी जाएं। हमारी दूसरी याचना है कि वे मणिपुर जाएं और पूरी पार्टी को लेकर जाएं। हमने यह बात सदन के प्रारंभ होने से पहले कही थी कि अगर प्रधान मंत्री जी मणिपुर में ऑल पार्टी डेलिगेशन लेकर जाएंगे तो हम सब उसमें शामिल होंगे। हमारी तीसरी याचना यह है कि मणिपुर के विभिन्न समाज सेवक संगठनों को बुलाकर एक मीटिंग करिये और शांति की एक पहल रखिये। लेकिन प्रधान मंत्री जी क्या कर रहे हैं? आज प्रधान मंत्री जी इंडिया अलायंस को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। आज देश के नाम को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। यह अफसोस की बात है।… (व्यवधान) जब आप पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की बात करते हैं, इंडियन मुजाहिदीन की बात करते हैं, ईस्ट इंडिया कंपनी की बात करते हैं तो हम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की बात करते हैं, हम इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन की बात करते हैं, हम इंडियन पुलिस फोर्स की बात करते हैं और हम इंडियन एयर फोर्स की बात करते हैं।

जब आप इंडिया को बदनाम करते हैं तो हमें तो भारत का तिरंगा दिखता है जहां पर गेरुआ, सफेद और हरा रंग है तथा बीच में अशोक चक्र है। आज वोट जीतने के लिए नफरत एक हथियार बन चुका है। वह चाहे मणिपुर में हो, वह चाहे हरियाणा में हो, वह चाहे कर्नाटक में हो, वह चाहे मध्य प्रदेश में हो। आप जितनी भी नफरत फैलाएं, हमने राहुल जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा की है... (व्यवधान) आपके नफरत के बाजार में हम जगह-जगह पर मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। हम संविधान की सुरक्षा करेंगे। Our Constitution talks about equality, liberty, justice and fraternity. हम संविधान के आदर्शों की सुरक्षा करेंगे। आप पूजीपतियों का विकास चाहते हैं। आप सबका विकास कहते हैं, लेकिन पूंजीपतियों का विकास करते हैं और वह भी सिर्फ 6 पूंजीपतियों का विकास। आज हमने भारत में एक ऐसी व्यवस्था देखी है कि 6 कंपनियों के पास 25 प्रतिशत पोर्ट है, 45 सीमेंट प्रोडक्शन है, 33 परसेंट स्टील प्रोडक्शन है, 60 परसेंट टेलीकॉम प्रोडक्शन है, 45 परसेंट कोल प्रोडक्शन है। आपके विकास का मॉडल यह है। मैं उस कंपनी का नाम नहीं लूंगा, जिससे आप उत्तेजित हो जाते हैं, लेकिन मैं दूसरी कंपनी का नाम तो ले सकता हूं। सर, यह कैसी प्रक्रिया है? ये कैसी कम्पीटेटिव इकोनॉमी बना रहे हैं? जब अप्रैल, 2023 में श्री सीमेंट सांघी इंडस्ट्रीज को खरीदना चाहता है तो जून में ही श्री सीमेंट पर आईटी डिपार्टमेंट की रेड होती है और जुलाई, 2023 में श्री सीमेंट एक्विजिशन से बाहर निकलता है तथा अगस्त में अडानी की अम्बुजा सीमेंट सांघी इंडस्ट्रीज को खरीद लेता है... (व्यवधान) आप यह इकोनॉमी बना रहे हैं। आप ऐसी इकोनॉमी बनाएंगे। हम पूंजीपतियों का विकास नहीं चाहते हैं, हम किसान का विकास चाहते हैं, जिससे राहुल जी मिले हैं। हम चाहते हैं कि उस मैकेनिक का विकास हो, जिससे राहुल जी मिले हैं। हम चाहते हैं कि उस फैक्ट्री वर्कर का विकास हो। हमारे पास जो स्मॉल बिजनैस और ट्रेडर्स वाले आते हैं, हम उनका विकास चाहते हैं। आप गरीबों की बात करते हैं। आपने गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। आज टमाटर 250 रुपये केजी, पेट्रोल 102 रुपये लीटर, एलपीजी 1200 रुपये प्रति सिलैंडर है। आज मिल्क के दाम क्या हैं? आप इकोनॉमी की बात करते हैं। आप लार्जेस्ट, फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी की बात करते हैं, आप यह भाषा आजादपुर मंडी के उस

आदमी के सामने रखिये, जिसके आंसू आज पूरे देश ने देखे हैं। जो रो-रो कर कहता है कि मेरे पास पैसे नहीं हैं। यह जीडीपी और फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी की बातें उनको समझाइयेगा। आजादपुर मंडी में राहुल जी गए थे। आप किसान की बात करते हैं। आज आपका डेटा हमें मिला है कि लगभग 10 हजार किसानों ने आत्महत्याएं कर ली हैं, जिनमें किसान, श्रमिक और कल्टिवेटर्स हैं। आज पार्लियामेंट में उत्तर आता है कि 5 करोड़ लोगों को एमजीनरेगा से बाहर कर दिया गया है। आपका यह विकास है? … (व्यवधान)

सर, आप गरीबों से विश्वासघात करिए, हम राजस्थान की तरह देश में महँगाई में राहत लाएंगे। आप आदिवासियों से अत्याचार करें, हम आदिवासी छात्रों, महिलाओं और एनजीओज के साथ भारत को जोड़ेंगे और इंडिया को जिताएंगे। India is a Union of States; we will protect it and we will win the elections. वर्ष 2024 में भारत जीतेगा, इंडिया जीतेगा, आप इतना अहंकार मत करिए। इन्हीं बातों के साथ मैं अपना प्रस्ताव रखता हूँ।

धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** डॉ. निशिकांत दुबे।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) :** सर, यदि आपकी इजाज़त हो, तो मैं यहाँ से बोलना चाहता हूँ।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक है।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता था कि अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल जी बोलेंगे, कांग्रेस के मित्र बोलेंगे और कोई बहुत बड़ा विषय होगा, जिसके आधार पर रूल्स का फायदा उठाते हुए… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपकी पार्टी के माननीय सदस्य ने पूरी बात कही है। ऐसा नहीं चलेगा। आप बैठिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** इसके बाद राहुल जी भी नहीं बोल पाएंगे और कोई भी अपॉजिशन का सदस्य नहीं बोल पाएगा। मैंने आपकी बातें धैर्यपूर्वक सुनी हैं, आप भी मुझे धैर्यपूर्वक सुनिए।… (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, यदि वे लोग हल्ला करेंगे, तो यह हाउस नहीं चलेगा।… (व्यवधान) यह हाउस नहीं चलेगा।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** प्लीज, एक मिनट रुकिए। प्लीज, मैंने आपको अलाऊ नहीं किया है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, यह एक महत्वपूर्ण डिबेट है। इस महत्वपूर्ण डिबेट में आपके माननीय सदस्य ने अपनी पूरी बात कही है, जिसे सबने ध्यानपूर्वक सुना है। अब निशिकांत जी अपनी बात कह रहे हैं, तो इस तरह से डिस्टर्बेंस करना ठीक नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय निशिकांत जी।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** माननीय अध्यक्ष महोदय, अभी मणिपुर की बहुत चर्चा हुई। सबसे पहले मैं कहना चाहता हूँ कि मैं इस अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।… (व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** सर, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि टीवी पर नीचे जो चल रहा है, उसमें सरकार के किये गये कार्यों को बताया जा रहा है।… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** मैं अपनी पार्टी के नेतृत्वकर्ता आदरणीय मोदी जी और पूरी पार्टी का शुक्रगुज़ार हूँ कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने के लिए खड़ा किया है।… (व्यवधान) अभी मैंने गौरव गोगोई जी को सुना। … (व्यवधान)

**SHRI A. RAJA (NILGIRIS):** Sir, what is this appearing in the TV? … (*Interruptions*) Something else is appearing…..… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए। क्या आप नो-कांफिडेंस मोशन पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं? आप बैठिए, मैं आपको बताता हूँ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आपको पता है कि लोक सभा टीवी और राज्य सभा टीवी को मिलाकर संसद टीवी कर दिया गया है। पहले संसद टीवी नहीं था, तो लोक सभा टीवी लाइव होता था और राज्य सभा टीवी अलग से लाइव होता था। आप इस विषय को मेरे ध्यान में लाएं हैं, मैं इसे संज्ञान में लूँगा।

… (व्यवधान)

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** सर, संसद टीवी सरकार की नहीं, लोक सभा की प्रॉपर्टी है। संसद टीवी पर जो दिखाया जा रहा है … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने व्यवस्था दे दी है। बंद हो गया है।

… (व्यवधान)

**12.53 hrs**

*At this stage, Shri T. N. Prathapan and Shri V. K. Sreekandan came and stood on the floor near the Table.*

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने बताया है कि मैंने व्यवस्था दे दी है। अभी बंद हो जाएगा।

… (व्यवधान)

**12.54 hrs**

*At this stage, Shri T. N. Prathapan and Shri V. K. Sreekandan went back to their seats.*

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** महोदय, जब भी चर्चा चलती रहती है, ऐसी स्क्रॉलिंग तो चलती है।… (व्यवधान) इनका भाषण तो लाइव हो रहा है।… (व्यवधान) गौरव गोगोई जी का भाषण लाइव हो गया है।… (व्यवधान) इनको प्रॉब्लम क्या है, यही

मेरी समझ में नहीं आ रहा है।... (व्यवधान) इतनी देर क्यों है? ... (व्यवधान) इतनी असुरक्षा की भावना क्यों है? ... (व्यवधान) Why are they so much afraid? ... (*Interruptions*)

**नागर विमानन मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया):** सर, ये I.N.D.I.A बहुत ही असुरक्षित है।... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, इन्होंने सोचा था कि राहुल गांधी जी का भाषण होगा और राहुल गांधी जी के भाषण को छोटा करने के लिए, ... (व्यवधान) गुमराह करने के लिए, ... (व्यवधान) राहुल गांधी जी को टक्कर देने के लिए,... (व्यवधान) राहुल गांधी जी का भाषण नहीं हुआ, ... (व्यवधान) ये बस गुगली खा गए।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** इसका बटन मेरे पास नहीं है।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** इसका बटन मेरे पास थोड़े ही है।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** क्या ये आपसे डर गए? ये आपसे डर गए।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** ये आपसे डर गए।

... (व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** ऐसा है कि इसी सदन से पारित हुई योजना का एक छोटा सा स्क्रॉल चल रहा है।... (व्यवधान) इनका लाइव भाषण हो ही गया है।... (व्यवधान) गौरव गोगोई जी का पूरा भाषण लाइव दिखाया गया है।... (व्यवधान) इसमें प्रॉब्लम क्या है? ... (व्यवधान) इतनी असुरक्षा की भावना नहीं रहनी चाहिए।... (व्यवधान) This feeling of insecurity should not be there. ... (*Interruptions*) They should not have so much insecurity feeling. ... (*Interruptions*) Whenever there is a discussion, such type of scrolling is always there. ... (*Interruptions*)

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** आप चुप हो जाओ ।... (व्यवधान) आप शान्ति से सुनिए।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आप इतने वरिष्ठ सदस्य हैं, आप जानते हैं कि टीवी का कन्ट्रोल स्पीकर के पास नहीं होता है।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** नो । टीवी के कन्ट्रोल का एक सिस्टम है, जो आपने बनाया है। इतनी छोटी-छोटी बातों पर इस तरीके से गम्भीर टिप्पणी करना उचित नहीं है।

डॉ. निशिकांत दुबे जी ।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप सीनियर हैं। आप बोलते समय ढंग से बोला कीजिए। यह तरीका ठीक नहीं है। आप क्या शब्द कहते हैं, क्या यह अच्छा लगता है?

निशिकांत जी।

... (व्यवधान)

**13.00 hrs**

**डॉ. निशिकांत दुबे :** अध्यक्ष जी, मैं इस अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपने दल के नेता माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी और पूरी भारतीय जनता पार्टी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे अविश्वास प्रस्ताव पर पहले वक्ता के तौर पर बोलने के लिए खड़ा किया है। मैं सोच रहा था कि राहुल जी बोलेंगे, क्योंकि मीडिया में तरह-तरह की खबरें आ रही थीं, लेकिन लगता है कि शायद राहुल जी आज तैयार नहीं थे, देर से उठे होंगे।... (व्यवधान) वे नहीं बोल पाए, कोई बात नहीं है। गौरव गोगोई जी ने बोला, बहुत अच्छा बोला।... (व्यवधान)

**13.01hrs**

*At this stage, Sushri S. Jothimani came and stood on the floor near the Table.*

**डॉ. निशिकांत दुबे :** अध्यक्ष जी, जब श्री गौरव गोगोई बोल रहे थे, तो कांग्रेस पार्टी को इस शहादत के बारे में लोगों का क्या बलिदान है, इस बारे में कुछ पता नहीं है।... (व्यवधान) इन्होंने मणिपुर की बात कही और पूरे देश को ही नहीं, पूरी संसद को चैलेंज किया कि आप में से बहुत से लोग मणिपुर नहीं गए होंगे, आपने मणिपुर नहीं देखा है।... (व्यवधान)

**13.01½ hrs**

*At this stage, Sushri S. Jothimani went back to her seat.*

**डॉ. निशिकांत दुबे :** महोदय, मैं मणिपुर के इतिहास का भुगतभोगी हूं। मेरे मामा श्री एन.के. तिवारी वर्ष 1973 में अपना पैर मणिपुर में गंवा चुके हैं। वर्ष 1989-90 में उनके ऊपर मणिपुर में अटैक हुआ। वे सीआरपीएफ के डीआईजी हुआ करते थे। जगमोहन जी ने अपनी किताब 'माई फ्रोजन टर्बूलेंस इन कश्मीर' में उन्होंने दस बार जिक्र किया है कि यदि श्री एन.के. तिवारी जैसे आफिसर नहीं होते, तो शायद कश्मीर नहीं बचा पाते और वही एन.के. तिवारी जी जब मणिपुर में आईजी बनकर गए तो आपकी सरकार ने उसी ओपियम लॉबी के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट ने कहा कि यह आप कर सकते हैं। आप राष्ट्रवाद की बात करते हैं? आप मणिपुर की बात करते हैं? आपने अभी कहा कि असम में समझौता हुआ, आप तो असम से सांसद हैं। वर्ष 1983 के चुनाव में कितने परसेंट लोगों ने असम में वोट दिया था? कितने लोग मारे गए थे? जब आपने ऑल इंडिया असम स्टूडेंट यूनियन के साथ समझौता किया, उस समझौते का एक पार्ट था कि यह सरकार हटाई जाएगी। आपकी सरकार खत्म की जाएगी। क्या यह समझौते का पार्ट नहीं था? मैं तो माननीय गृह मंत्री जी से कहूंगा कि जब वे सदन में जवाब दें, तो वे समझौते के प्रारूप के बारे में भी जवाब दें।... (व्यवधान) मिजोरम में आपने केवल सात परसेंट वोट के आधार पर, पूरे देश को जानने के लिए बताना चाहता हूं कि लालथन हवला जी की सरकार बना दी थी। इसी तरह जब लालडेंगा के साथ आपने सरकार बनाई, जब उनके साथ समझौता किया तब सात परसेंट के साथ आप उसे डेमोक्रेसी चलाने देते? आप इतिहास में जाइए, अलग-अलग तरह की बातें करते हैं। कल राहुल जी आए, ऐसा हंगामा हुआ कि पूरी दुनिया आ गई। मैं कहता हूं कि राहुल जी गए ही कब थे?

हम लोग यहां बैठे हैं, सभी सांसदों को जानकारी होनी चाहिए कि हम बजट सैशन मार्च-अप्रैल में यहां आए थे। राहुल जी बजट सैशन में थे या नहीं?

**अनेक माननीय सदस्य:** राहुल जी बजट सैशन में थे ।

**डॉ. निशिकांत दुबे :** इसके बाद हम मानसून बजट में आए। राहुल जी मानसून सैशन में हैं या नहीं?

**अनेक माननीय सदस्य:** जी हाँ, राहुल जी मानसून सैशन में हैं।

**14.10 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

That is our moral duty. I thank Shri Gaurav Gogoiji for moving this Motion, which is the true emotion of an Indian citizen today.

There is Mr. Friedmen, who is one of the best economists the world has ever seen. I would like to quote him: “One of the great mistakes is to judge policies and programmes by their intentions rather than their results.” I am not taking about the intentions of this Government. The outcome or the result is something which deeply pains me. That is why, the No Confidence Motion has

been moved. I will be coming to the main point, which is Manipur. But there are a few short points which I would like to make before that.

Whenever I think of this Government, the first thought that comes to my mind, the word that comes to my mind is 'hubris'. I would like to quote Mahatma Gandhi: "It is unwise to be too sure of one's own wisdom". Every time this Government talks, they talk not only of the moment, but also of the future. हम तो आने वाले हैं, आप तो खत्म होने वाले हैं।

This is a democracy. We should encourage each other. While this is going on, I can think of the only word for the attitude and the approach of this Government. Even the Ministers say, when we are sitting here, इनको तो हाउस चलाना ही नहीं है, ये करना नहीं चाहते हैं। अभी तो ज़ुम्मे-ज़ुम्मे हुए हैं, राज्य सभा से आये हुए। Are you going to judge us? भूल गए, आप तो तब थे नहीं। पता नहीं, आप कौन-से गवर्नमेंट में काम करते थे। They are judging all the Members of Parliament. We are not officers; we are public servants. जैसे प्रधानमंत्री जी स्वयं को प्रधानसेवक कहते हैं, हम भी यहाँ पर सेवक बनकर ही बैठे हैं, उन्हीं के लिए तो यहाँ खड़े हैं।

So, the attitude of this Government is hubris. There is no other word. Why are we feeling this? जैसे- नवरत्न। इनको बड़ा शौक है ऐसा बोलने का। नवरत्न- नौ साल। They had this big campaign. All the Ministers were sent all over the country to talk about their nine points. I will tell you in short about the achievements of this Government in nine years. What are the great achievements of this Government in nine years? State Governments have been toppled by BJP. Is it a fair democracy?

महँगाई । बहुत हो गई महँगाई की मार, अबकी बार..., शायद यह सबको याद होगा। एलपीजी के प्राइस ने कर्नाटक इलेक्शन में दिखा दिया कि एलपीजी के प्राइस का इफेक्ट क्या होता है। How many institutions have been broken? जुमले पर जुमला। I like Amit Shahji. वे सच बोलते हैं, आपकी बात साइड से कम बोलते हैं। गडकरी साहब बोले थे कि यह जुमला है, जो गले की हड्डी हो गया है। यह नीचे जा रही है, न बाहर आ रही है। That is the problem. I have shown the indexes where India has fallen globally. को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के बारे में तो हम बोल-बोलकर थक गए।

I will be coming in two minutes to indicators of economy. Law and order situation is alarming in Manipur, Haryana, and Jammu and Kashmir. There were one or two cases in Maharashtra also.

सर, नौ साल में बीजेपी ने नौ सरकारें गिराई हैं। अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी और महाराष्ट्र में दो बार सरकार गिराई है। They are talking about seven sins of Mahatma Gandhi. उस दिन मुझे अच्छा लगा, जब श्री अमित शाह जी बोल रहे थे- सिद्धांत के बारे में। In seven sins of Mahatma Gandhi, उसमें एक कथन है- 'politics without principles'. मुझे याद है, जब बीजेपी सरकार में नहीं थी, तब कह रही थी- 'Party with a difference'. How are you a party with a difference? मैंने नौ साल में नौ सरकारें गिनाई हैं।

उसके बाद, बहुत हो गई महँगाई की मार । I think Professor Roy has touched some of it. He only spoke about tomato. लेकिन प्याज का क्या है, दाल का क्या है, आटे का क्या है, नमक का क्या है, चावल का क्या है, तेल का क्या है, चाय और दूध का क्या है? जब यूपीए की सरकार थी, तो ये सारी थाली पाँच सौ रुपए के अन्दर पड़ती थी। आज आप इनके भाव देखेंगे, तो इस सप्ताह में ये एक हजार रुपए के ऊपर हैं। This is the food inflation over a period of time. बहुत हो गई महँगाई की मार। प्याज और दूध के बारे में छोटा-सा उदाहरण देती

हूँ। महाराष्ट्र में इतना प्याज था, मैं कॉमर्स मिनिस्ट्री से विनती करके थक गई, पीयूष गोयल जी को मैंने ट्वीट भी किया था और उनका जवाब भी आया था। मैंने उनसे कहा कि महाराष्ट्र में जो प्याज पड़ा है, उसे कोई नहीं ले रहा है। प्लीज, आप उसे बाहर भेज दीजिए। Globally, there were less onions. There was no production but India had a surplus. Why did you do this? This is why we have no confidence in this Government. आज यहाँ जब आप प्रोडक्शन दिखा रहे थे, उसमें दिखा रहे थे कि मिल्क का बहुत अच्छा प्रोडक्शन हुआ है।

Why I do not have confidence in this Government is because it is anti-farmer. फार्म लॉज़ के बारे में आपने बोला, डब्लिंग ऑफ इनकम के बारे में बोला। कौन सी इनकम डबल हुई है? दूध के बारे में इसी सरकार ने एक पेपर निकाला था कि we will allow import of milk from abroad. When there is surplus in this country, यहां के किसान को भाव नहीं मिल रहा है, तो आप बाहर से क्यों दूध ला रहे हैं? प्याज तो नहीं भेज रहे? प्याज भेजने के लिए मनाही है। यहां किसान मर रहा है, लेकिन बाहर से आप दूध लाएंगे। क्या वह अलाउड है? How can we have confidence in this Government? How can we have faith in this Government? … (*Interruptions*) I am not yielding. … (*Interruptions*) I will be happy to Table it… (*Interruptions*) Mr. Pawar had written to the Minister, I will Table it. … (*Interruptions*) I will one hundred per cent Table it. I have no problem because Mr. Pawar had only written to one of your Ministers and that letter had to come to the Government of Maharashtra. I will be happy to do it. … (*Interruptions*)

There is a tweet, I remember, where there were issues raised. आप कहते थे कि 'अच्छे दिन' आएंगे। मैं इसके बारे में पूछना चाहती हूं। In health and survey index, India has gone down; in hunger index, India has gone down; in women freedom index, India has gone down; in the world happiness index, India has

gone down; in the environment protection index, India has gone down; in the case of gender equality, India has gone down; and in democracy, India has gone down. … (*Interruptions*) मैं और कितनी चीजों के बारे में आपको पढ़ाऊं? उनको टेबल कर दूंगी। आपको ऐसी कितनी चीजें गिनवाऊं? आप तो मेरा भाषण सुन-सुनकर थक गए। मैं संक्षेप में बोलूंगी because, I think, Sougata babu has already spoken on those points. I am only repeating them. … (*Interruptions*)

'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास'। We have seen the horrific death of 288 people.

आप वंदे भारत की बात करते हैं। यह अच्छी बात है, मैं उसका स्वागत करती हूं। लेकिन वंदे भारत के साथ ही आप गरीबों के लिए और ट्रेन्स लाते, और गरीब रथ ट्रेन्स होतीं, तो मैं भी आपके साथ बोलती कि यह अच्छी बात है। वंदे भारत की कौन सी ट्रेन्स कहीं रुकती हैं?

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में तीन रेलवे स्टेशंस हैं – दौंड, नीरा और भिगवन। वहां की सब ट्रेन्स बंद कर दी हैं। There is no stoppage. इस वंदे भारत का मैं क्या करूं? वह तुरंत एक सेंकड में निकल जाती है। क्या उसको बस देखें? बच्चों को दिखाएं कि यूपीए की जब सरकार थी, तब यहां दस-दस ट्रेन्स रुका करती थीं। … (व्यवधान) बेटा, जब एनडीए की सरकार आई, तो यहां से जो ट्रेन जाती थी, वह आज यहां रुकती नहीं है। वंदे भारत ट्रेन गरीब के लिए नहीं है, गरीब रथ ट्रेन गरीब के लिए है। … (व्यवधान) जब ट्रेन दौंड स्टेशन पर रुकती थी, तो वहां का किसान उससे पुणे जाता था। वहां का मेहनत करने वाला बच्चा सीखने के लिए जाता था। वहां के जो लोग हैं, जो लेबर डिपार्टमेंट के लोग हैं, वे उस ट्रेन से वहां जाते थे। आज एक ट्रेन वहां नहीं रुकती है। हम स्टॉपेज मांग-मांगकर थक गए।

परसों, जब प्रधान मंत्री जी का प्रोग्राम हुआ था, वह एक बड़ा कार्यक्रम था, बड़ा मंडप लगा था। चाय-कॉफी की व्यवस्था थी, लेकिन दौंड में ट्रेन नहीं रुकती है, न वंदे भारत रुकती है। बस,

प्रोग्राम तो हो गया, एक और जुमला हो गया। मैं वंदे भारत के खिलाफ नहीं हूं, डेवलपमेंट के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन यह वास्तविकता है। … (व्यवधान)

सर, मैं और बोलना चाहती हूं। … (व्यवधान) आज सेंट्रल गवर्नमेंट का डेब्ट क्या है? इसके बारे में प्रोफेसर रॉय बोले थे। There is increase in the Central Government debt. … (*Interruptions*) It was Rs. 55.87 lakh crore in 2014. It has become Rs. 155.6 lakh crore. It is the debt of this Government. There is an increase of 178.5 times in the Central Government debt. … (*Interruptions*) How are we going to pay this Central Government debt?

There is an external debt. The external debt in India has gone from USD 624.7 billion at the end of March, 2023 from USD 440 billion. How are you going to pay this? You are going to pay this by selling the family's silver. … (*Interruptions*) फिर आप पैसे वापस कैसे करेंगे? इसीलिए, आपको एलआईसी को बेचना पड़ रहा है, आईडीबीआई को बेचना पड़ रहा है। पता नहीं कल आप ओएनजीसी भी बेच दें? पता नहीं यह सरकार क्या करेगी? This is why, we have no confidence in this Government. How is this economy going to work? … (*Interruptions*)

Now, I come to the point of cash in circulation. … (*Interruptions*) डीमॉनिटाइजेशन कर दिया कि अब कोई कैश नहीं रखेगा। The cash in circulation today has increased. फिर ये कहते हैं कि इकोनॉमी का साइज़ बढ़ गया। But the percentage of money is the same. How can you say this? … (*Interruptions*) The cash in circulation was Rs.12.83 lakh crore which increased to Rs. 33.48 lakh crore in 2020, nearly 1.6 per cent increase in bank notes in circulation. … (*Interruptions*) डीमॉनिटाइज़ेशन करके आपने क्या पाया?

The non-performing assets are to the tune of Rs. 18.2 lakh crore. आप अगर इसे राइट-ऑफ कर रहे हैं, तो किसान का भी राइट-ऑफ कर दीजिए। आपने 18.2 लाख करोड़ रुपए किसके किए हैं? पता नहीं इसमें कितने ज़ीरो हैं? इतनी गिनती मुझे तो नहीं आती है।

The other point relates to renunciation of Indian citizenship by High Net-worth Individuals. About 12 lakh such individuals have left this country. How will the country's economy grow? Then, you talk about doubling of farmers' income. If these are the things, how can we trust this Government? महंगाई है, बेरोजगारी है, आप देख रहे हो कि किसान का हाल क्या है। How can we support this Government? आप बताइए।

Now, I come to the last point which is the most important and due to which all this happened. It relates to the shameful blunders in Manipur by the State Government. I demand that just today, after this, the Chief Minister must resign. … (*Interruptions*) How can you allow this? … (*Interruptions*) See the figures, people died – 179; people displaced – 60,000; relief camps – 350; people still in camps – 40,000; houses burnt – 3,662; religious places burnt – 321; companies of Central Forces deployed – 161; and cases of rioting, murder and rapes – 10,000. … (*Interruptions*) 10 हजार से ज्यादा। Have we become so insensitive? This is the problem with this Government. I want to seek a clarification which Shri Gaurav Gogoi touched in a very small way. I am very confused. So, I would like to ask this question to the Government.

There is a PIL filed in the NIA court. Mr. Haokip of the United Kuki Liberation Front said that he had written to the Home Minister, Shri Amit Shah*ji,* regarding a claim that UKLF had helped BJP candidates win in 2017

Assembly Elections, as per an arrangement with some other Chief Minster and a Senior BJP leader, whom I do not want to name. These are organisations which are grey. So, is this Government anti-national? This is my question. … (*Interruptions*) I am asking a question, and not making an allegation. … (*Interruptions*) This is what is coming in newspapers. … (*Interruptions*) I am not commenting on anything that has gone wrong anywhere. In Manipur, today, if we talk about our women, it does not matter who they are, they are Indians first. … (*Interruptions*) किसी की तो बेटी है, किसी की तो बहू है, किसी की बहन है, किसी की बीवी है। Will you allow this to happen and shame the women of this country? This is what this Government stands for. You ask your conscience. अंतरात्मा से एक बार पूछ लीजिए। How can you support a Government like this? This is not about 'Them' vs. 'Us'. This is about the dignity of the women of this nation. … (*Interruptions*) उसकी इज्जत उछालोगे, and this Government is going to keep quiet. … (*Interruptions*) How are you going to allow this? … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, please conclude.

… (*Interruptions*)

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE:** I will make one small suggestion to this Government that what this Government should really do. … (*Interruptions*) हर प्रदेश में, किसी भी प्रदेश में हो, महाराष्ट्र की हो, राजस्थान की हो, किसी भी प्रदेश की हो, वह किसी की तो बेटी है। … (*Interruptions*) Two wrongs do not make a right. … (*Interruptions*)

I would like to make a suggestion to this Government. … (*Interruptions*) I am not criticising this Government but making a suggestion. … (*Interruptions*)

What should they do now is what I am referring to them. I would like to quote what Mahatma Gandhi said:

> "I offer you peace. I offer you love. I offer you friendship. I see your beauty. I hear your need. I feel your feelings. My wisdom flows from the highest Source. I salute that Source in you. Let us work together for unity and peace."

That is what Manipur needs. … (*Interruptions*) These guns are not going to solve all our problems. … (*Interruptions*) Again, I want to remind this Government that 2024 is their only goal. I would like to quote Julius Caesar here, as Prof. Ray also talked about it:

"It's only hubris if I fail."

In the epic poem, 'Paradise Lost' by John Milton, the character of Satan displays hubris when he attempts to rebel against the God's rule in Heaven, he eventually declares that it is better to reign in Hell than serve in Heaven. … (*Interruptions*) So, I think, this Government needs to re-think. I stand here by INDIA for the larger good of this nation and the dignity of every citizen who deserves it, and this Government is failing the poor and the honest people of this country. … (*Interruptions*) Thank you. … (*Interruptions*)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण):** सभापति जी, आपने मुझे अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी पार्टी की तरफ से अपना मत प्रकट करने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आभारी हूं। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2018 में ही कहा था कि विपक्ष मेरे खिलाफ वर्ष 2023 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा। आज वैसे ही हो रहा है। वर्ष 2018 में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था और वर्ष 2019 में वर्ष 2014 से भी ज्यादा सांसद एनडीए के चुनकर आए। वर्ष 2014 में एनडीए के सांसदों की संख्या 336 थी और वर्ष 2019 में बढ़कर 353 हो गई। आज फिर से विपक्ष

द्वारा सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और फिर से वर्ष 2024 में यह संख्या 400 पार हो जाएगी। आज यहां 'अविश्वास' की चर्चा नहीं हो रही है, यह चर्चा 'अविश्वास' के खिलाफ 'जन विश्वास' की है क्योंकि जन विश्वास एनडीए के साथ है, मोदी जी के साथ है। आपके खिलाफ दो बार लोगों ने ही अविश्वास प्रस्ताव वर्ष 2014 में और 2019 में पारित कर दिया था। अब वर्ष 2024 में जनता हैट्रिक करने जा रही है।

महोदय, इन्होंने अपना नाम 'यूपीए' से बदलकर 'इंडिया एलायंस' कर दिया है। इन्हें लगता है कि 'इंडिया' नाम रखने से भारत के लोग इनके साथ हो जाएंगे, लेकिन मुझे यहां कहना है कि इन्होंने जो 'यूपीए' नाम बदला है, वह इस कारण बदला है कि इन्हें शर्म आती है क्योंकि 'यूपीए' का नाम सुनते ही लोगों के दिमाग में स्कैम, घोटाले, भ्रष्टाचार याद आता है। 2-जी घोटाला हो, अगस्ता स्कैम हो, आतंकी हमले हों, रिमोट कंट्रोल वाली सरकार हो, इसलिए वर्ष 2014 में लोगों ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर मोदी जी को देश की कमान सौंपी। आज यहां ये कहते हैं कि 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं।' मुझे लगता है कि एक आदमी के विरोध में सभी लोग इकट्ठा हो रहे हैं। जिसका कोई नेता नहीं है, जिसकी नीयत नहीं है और जिसकी कोई नीति नहीं है, ऐसा एलायंस खड़ा हुआ है। वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक यूपीए-1, यूपीए-2 ने देश पर राज किया, लेकिन देश को सिर्फ घोटाले और भ्रष्टाचार मिला। आतंकी हमले इतने हुए कि देश का कोई बड़ा शहर आतंकी हमलों से बचा नहीं है। आज 'इंडिया एलायंस' नाम देकर समझते हैं कि लोगों को डेमोक्रेसी के नाम से यहां बहलाया जा सकता है। आज इस 'इंडिया एलायंस' में हर नेता 'पीएम इन वेटिंग' है। हर नेता को लगता है कि मैं पीएम बन जाऊं, क्योंकि इस टीम के पास कोई कैप्टेन नहीं है और इन्हें मैच लड़ना है तथा वर्ल्ड कप जीतना है। हमारे मराठी में एक कहावत है, जिसका मतलब है कि 'मजबूरी इंसान को क्या-क्या करने पर मजबूर कर देती है।' यह जो विपक्ष है, इसका एलायंस नहीं है, यह विनाश का गठबंधन है। यहां सिर्फ 'एनडीए' वर्सेज 'इंडिया' की लड़ाई नहीं है बल्कि 'स्कीम' वर्सेज 'स्कैम' की लड़ाई है। यहां पर 'यूपीए-1' और 'यूपीए-2' के समय की

उपलब्धियां तथा पिछले 10 साल के समय में 'एनडीए' ने जो उपलब्धियां हासिल कीं, मेरे पास 'ए' से 'जेड' तक उनकी सूची है।

महोदय, इनके समय 'ए' से 'आदर्श सोसाइटी स्कैम' और एनडीए के समय 'ए' से 'आत्मनिर्भर भारत', 'बी' से 'बोफोर्स स्कैम' और यहां 'बी' से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सी' से 'कॉमन वेल्थ गेम्स स्कैम' और यहां पर 'सी' से 'क्लीन एयर प्रोग्राम', 'डी' से 'डीएलएफ लैंड केस' और यहां पर 'डी' से 'डिजिटल इंडिया।'

वहां पर 'E' से ईपीएफओ स्कैम, यहां पर 'E' से इनर्जी रिफॉर्म्स। वहां 'F' से फॉडर स्कैम और यहां पर 'F' से फेम स्कीम। वहां 'G' से 2G स्कैम, यहां पर 'G' से गोकुल मिशन। वहां पर 'H' से हर्षद मेहता स्कैम और यहां पर हाउसिंग फॉर ऑल। ऐसी सूची 'Z' तक है। वे भूल गए होंगे, अभी वे यहां बैठे नहीं हैं।

महोदय, आज यहां मणिपुर की बात हुई। मणिपुर में जो हो रहा है, वह हम सबके लिए चिंता का विषय है। इसकी हम निंदा करते हैं और इस पर गम्भीरता से विचार होना जरूरी है और कार्रवाई भी होनी जरूरी है। विपक्ष मणिपुर पर सिर्फ राजनीति करना चाहता है।

वर्ष 2014 तक नॉर्थ-ईस्ट के सात राज्यों में से चार राज्यों में कांग्रेस की सत्ता थी और एक राज्य में लेफ्ट की सरकार थी। आज तकरीबन सारा नॉर्थ-ईस्ट एनडीए के साथ है क्योंकि कांग्रेस नॉर्थ-ईस्ट के बारे में कभी गम्भीर नहीं थी, इसलिए कांग्रेस को छोड़कर नॉर्थ-ईस्ट ने एनडीए और मोदी जी का हाथ थामा। आज चाहे केन्द्रीय मंत्री हों, प्रधान मंत्री हों, वे नॉर्थ-ईस्ट में 50 से ज्यादा बार जा चुके हैं। त्रिपुरा पीस अकॉर्ड, 2019; बोडो पीस अकॉर्ड, 2020; ब्रू रीहैबिलिटेशन एग्रीमेंट हो या असम-मेघालय बाउंड्री एग्रीमेंट हो, ये सभी बड़े कार्य वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच सरकार ने किए।

अगर यहां पर डेवलपमेंट का विषय लें तो वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2019 तक मात्र पाँच सालों में यहां पर 2,731 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए। वर्ष 2009 से वर्ष 2014 तक दस सालों में मात्र 1,000 किलोमीटर के मार्ग यहां बनाए गए। आज़ादी के बाद से 65 सालों तक

यहां सात राज्यों के लिए मात्र 9 एयरपोर्ट्स थे, जिनकी संख्या आज बढ़ कर 16 हो गयी है। वर्ष 2014 से पहले रेलवे बजट का आवंटन यहां पर सिर्फ 2,000 करोड़ रुपये थे, लेकिन आज इसका रेल बजट आवंटन 10,200 करोड़ रुपये का है।

यहां पर आंतरिक सुरक्षा की बात कर रहे थे। मुझे लगता है कि इस देश पर जिन्होंने 65 सालों तक राज किया, यूपीए के कार्यकाल में दस सालों में जितने आतंकी हमले यहां पर हुए, मुझे लगता है कि हर बड़े शहर के ऊपर आतंकी हमले हुए। यहां गौरव गोगोई जी बोल रहे थे कि प्रधान मंत्री जी मौन हैं। अभी यहां गौरव जी नहीं हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वर्ष 2006 में मुम्बई में जब ट्रेन विस्फोट हुआ, तब कौन मौन था? वर्ष 2008 में जयपुर बम विस्फोट हुआ, तब कौन मौन था? वर्ष 2008 में बैंगलोर में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, तब कौन मौन था? वर्ष 2008 में मालेगांव बम विस्फोट हुआ था, तब कौन मौन था? मुम्बई, जो फाइनैंशियल कैपिटल है, वहां 26/11 की घटना हुई, तब कौन मौन था? वर्ष 2010 में पुणे में जर्मन बेकरी की घटना हुई, तब कौन मौन था? वर्ष 2013 में हैदराबाद में बम ब्लास्ट हुए, तब कौन मौन था? तब रिटैलिएशन के नाम पर सिर्फ चिट्ठी लिखकर अपनी नाराज़गी प्रकट कर देते थे। लेकिन, जब पुलवामा की घटना हुई, तब बालाकोट में एयर स्ट्राइक करके मोदी जी ने उत्तर दिया। जब उरी की घटना हुई, तब सर्जिकल स्ट्राइक करके मोदी जी ने दुश्मनों को उत्तर दिया, क्योंकि उन्हें पता है कि अब चिट्ठी और मैसेजेज़ के दिन खत्म हो गए, अभी कुछ करेंगे तो सीधे मिसाइल्स आएंगे।

महोदय, अभी यहां मनीष तिवारी जी नहीं हैं। मनीष तिवारी जी ने अपनी एक पुस्तक में 26/11 की घटना के बारे में लिखा था -

> "For a State that has no compunctions in brutally slaughtering hundreds of innocent people, restraint is not a sign of strength; it is perceived as a symbol of weakness. There comes a time when action must speak louder than words. 26/11 was one such time when it just should have been done."

ये खुद ही कह रहे हैं कि हमने कुछ किया नहीं है और आज मोदी जी से सवाल पूछ रहे हैं कि मोदी जी मौन हैं। मुझे लगता है कि आज देश मोदी जी के हाथों में बहुत सुरक्षित है। इसलिए पूरे विश्व में यह संदेश गया है कि मोदी सरकार आतंकियों के सामने झुकने वाली नहीं है। पिछले 9 सालों में क्या-क्या डेवलपमेंट हुआ है, मैं उसके बारे में थोड़ा-बहुत यहां पर बताना चाहूंगा। पिछले 9 सालों में 54,000 किलोमीटर के नेशनल हाइवेज़ बनाए गए। एयरपोर्ट्स की संख्या 74 से बढ़ कर 148 की गई है। 1218 रेलवे स्टेशंस के अपग्रेडेशन हुए हैं। वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत हुई है। स्मार्ट सिटीज़ बनाई गई हैं। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महिला सम्मान को देखते हुए हर घर में शौचालय बनाने का काम किया गया है। स्वतंत्रता के बाद आज-तक लोगों को नल से जल नहीं मिल रहा था, लेकिन आज यहां पर लोगों को हर घर नल से जल देने का काम सरकार कर रही है। आयुष्मान भारत योजना लोगों के लिए लागू की गई है। कोविड में 2 बिलियन वैक्सीनेशन इस देश में किए गए और मैत्री योजना के अंतर्गत बाकी देशों में 29 करोड़ वैक्सींस मोदी जी ने भेजी हैं। आज हमारी इकनॉमी 5वीं लार्जेस्ट इकनॉमी बनी है और डिजिटल ट्रांज़ैक्शंस में 40 प्रतिशत हमारा हिस्सा है। स्टार्ट-अप में 108 यूनिकॉर्न्स यहां पर बने हैं। एफडीआई में भी हम आगे हैं। ये उपलब्धियां पिछले 9 वर्षों की हैं।

सर, मैं महाराष्ट्र से आता हूँ, मुंबई से आता हूँ तो महाराष्ट्र की कुछ बातें यहां पर करना चाहता हूँ। मैं बताना चाहता हूँ कि जब महाराष्ट्र में ढाई सालों तक इनकी सरकार थी, तब किस प्रकार से काम हो रहे थे। किस प्रकार से केंद्र के सभी प्रोजेक्ट्स को रोकने का काम महाराष्ट्र सरकार ढाई सालों तक करती रही। बुलेट ट्रेन हो, मेट्रो हो, इनकी खुद की सरकार में मुंबई-नागपुर जैसा महामार्ग हो, उसको भी रोकने की कोशिश इन्होंने की थी। मुंबई के आरे में कारशेड को पर्यावरण के नाम पर इन्होंने बनने नहीं दिया। आज उस कारशेड के न बनने के कारण 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत मेट्रो में लगने वाली है। ये पैसे किसकी जेब से जाने वाले हैं? जो टैक्स भरते हैं, उनकी जेब से ये पैसे जाने वाले हैं। ऐसा काम इन्होंने किया था। क्योंकि इन्फ्रास्ट्रक्चर की तो इनको जरूरत नहीं थी, इसलिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के सभी कामों पर रोक इन्होंने

लगाई, क्योंकि घर के बाहर ये निकलते नहीं थे, इसलिए इनको इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत ही नहीं थी। पिछले ढाई सालों में एक अलग रिकॉर्ड महाराष्ट्र में स्थापित हुआ। … (व्यवधान) ढाई सालों में एक नया रिकॉर्ड महाराष्ट्र में बनाया गया कि ढाई सालों में सिर्फ ढाई दिन मंत्रालय जाने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हमारे मुख्य मंत्री जी ने बनाया था। ऐसा काम महाराष्ट्र में पिछले ढाई सालों में चालू था। आज कुछ लोग यहां पर कह रहे थे, मैंने सुना कि परसों भी कह रहे थे कि गद्दार लोगों के बीच में अमित शाह जी बैठे हैं। मुझे इनको पूछना है कि वर्ष 2019 में जब आपने चुनाव लड़ा, तब आप किसकी फोटो लगा कर लड़े थे और किसके अलायंस के साथ महाराष्ट्र में आप लोगों के समाने गए थे? उस चुनाव में लोगों ने मेंडेट शिव सेना और भारतीय जनता पार्टी को दिया था। लेकिन चुनाव के बाद ऐसी परिस्थिति बन गई कि इनको लगने लगा कि मैं मुख्यमंत्री बन जाऊं और बाला साहब के विचार क्या होते हैं, हिंदुत्व के विचार क्या होते हैं, उसको कौन पूछता है। उसके बाद एमवीए गठबंधन बना कर वहां पर सरकार बनाई। इन्होंने हिन्दुत्व के विचारों को बेचने का काम किया। इन्होंने बाला साहब के विचारों से दूर जाने का काम किया। बाला साहब जी जो कहते थे, उनकी एक बात मैं यहां पर कहना चाहता हूं- 'मैं शिवसेना का कांग्रेस से गठबंधन नहीं होने दूंगा। अगर ऐसा हुआ तो मैं अपनी दुकान बंद कर दूंगा।' वह कहते थे कि चुनाव के दरम्यान आप एक-दूसरे को गालियाँ देते रहते हैं और चुनाव के बाद गठबंधन करते हैं, फिर आप लोगों के सामने किस मुंह से जाएंगे। यह मैं नहीं, बल्कि बाला साहब कहते थे। इन्होंने भी ऐसा ही किया, चुनाव एक के साथ लड़ा और फिर जीत कर आने के बाद अपनी कुर्सी के लिए, अपने सभी विचारों को बाजू में रख कर, वहां पर एक अनैतिक सरकार बनाई। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। यहां पर किसी ने  सोचा नहीं था कि कांग्रेस के साथ शिवसेना का कभी गठबंधन होगा।

निशिकांत जी, सपने में भी किसी ने ऐसा नहीं सोचा था । लोगों ने भी सोचा नहीं था, लेकिन लोगों के साथ सही मायने में गद्दारी करने काम, जिन लोगों ने सरकार बनाई, उन लोगों ने

किया। इन्होंने 13 करोड़ वोटर्स के साथ गद्दारी की। हमने बाला साहब के विचारों को आगे ले जाने का काम किया।

महोदय, इतना ही नहीं, इन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ भी अलाएन्स किया, जिन्होंने कारसेवकों पर गोलियाँ चलाने का काम किया था। इन लोगों ने महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने पर भी रोक लगा दी। … (व्यवधान) मुझे पूरी हनुमान चालीसा आती है।

"जय हनुमान ज्ञान गुन सागर
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर
राम दूत अतुलित बल धामा
अंजनि पुत्र पवनसुत नामा
महाबीर बिक्रम बजरंगी
कुमति निवार सुमति के संगी
कंचन बरन बिराज सुबेसा
कानन कुंडल कुँचित केसा
हाथ बज्र अरु ध्वजा बिराजे
काँधे मूँज जनेऊ साजे
शंकर सुवन केसरी नंदन
तेज प्रताप महा जगवंदन
विद्यावान गुनी अति चातुर
राम काज करिबे को आतुर"

**माननीय सभापति:** आप अपनी बात पूर्ण कीजिए।

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** हम बाला साहब और हिन्दुत्व के विचारों पर चलने वाले लोग हैं। हम लोग हिन्दुत्व का केवल नाम नहीं लेते हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, जिन्होंने हनुमान चालीसा पढ़ा, उनको जेल में डाला गया। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, जब आपको मौका मिलेगा, तब आप अपनी बात बोलिएगा।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** उनके ऊपर देशद्रोह का आरोप लगाया गया । सावरकर के विचारों पर हमारी शिवसेना पार्टी बनी थी । सावरकर के विचारों को बाला साहब भी मानते थे । आज यहां पर जो लोग सावरकर जी को गाली देते हैं, भला-बुरा बोलते हैं, उनकी गोदी में जाकर बैठने का काम कुछ लोग कर रहे हैं। यही इनकी ‘इंडिया’ है। इन्होंने पत्रकारों को जेल में डालने का काम किया और यहां पर डेमोक्रेसी बचाने का अभियान चला रहे हैं।

आज यहां पर मुझे यह कहने में बहुत ही शर्म आ रही है। कोविड के समय जब पूरा देश महामारी से लड़ रहा था, तब हमारे प्रधानमंत्री जी भी लोगों के लिए वैक्सीन और ऑक्सीजन की व्यवस्था के लिए लड़ रहे थे। मुम्बई में कोविड के दरम्यान भ्रष्टाचार कैसे हो, इसकी व्यू रचना कुछ लोग कर रहे थे। यह बहुत ही शर्म की बात है। … (व्यवधान)

सर, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। मुझे बहुत ही शर्म के साथ कहना पड़ रहा है कि बीएमसी इतनी बड़ी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन है, उसके पूर्व महापौर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। उसके ऊपर एफआईआर क्यों दर्ज हुई, क्योंकि जो बॉडीबैग हमने थाणे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में 350 रुपये में खरीदे, वही बॉडीबैग 6,719 रुपये में खरीदने का पाप इन लोगों ने किया। इसलिए, इनके ऊपर एफआईआर हुई।

**माननीय सभापति:** बस, अब आप अंतिम वाक्य बोल दीजिए ।

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, अब मैं अंतिम बात बोल रहा हूं। मुझे लगता है कि आज सही मायने में लोगों को जो चाहिए, उसके लिए माननीय मोदी जी के नेतृत्व में यहां पर सरकार स्थापित हुई है। बीते एक साल में अनेक कार्य महाराष्ट्र में हुए हैं। मेट्रो की साढ़े तीन सौ किलोमीटर रेल लाइन हो, ट्रांसफार्मर लिंक हो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन हो, हमने यूनिवर्सल हेल्थ केयर को डेढ़ लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया, शासन आपल्या दारी के माध्यम से डेढ़ करोड़ से ज्यादा बेनेफिशियरीज़ बनाए, महिलाओं को बस में पचास प्रतिशत कम दामों में सफर की सुविधा दी और 700 से ज्यादा आपला दवाखाना खोले।

मैं कंक्लूजन में यह कहना चाहूंगा कि औरंगजेब ने संभाजी महाराज की हत्या की, लेकिन 70 सालों में औरंगाबाद का नाम बदलने की हिम्मत कांग्रेस में नहीं हुई। बीते एक साल में औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का काम किया गया और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव किया।... (व्यवधान)

सर, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करते हुए, छत्रपति संभाजी महाराज की स्तुति को याद करते हुए हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे जी के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए शिवसेना विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करती है। धन्यवाद, जयहिन्द, जय महाराष्ट्र।

**श्रीमती डिम्पल यादव (मैनपुरी):** महोदय, संयुक्त विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देती हूं। सत्ता पक्ष के लोग कह रहे थे, मिनिस्टर कह रहे थे कि हमें राजस्थान पर चर्चा करनी चाहिए, जो महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे हैं, गुजरात की चर्चा करनी चाहिए, छत्तीसगढ़ की चर्चा करनी चाहिए, तो मध्य प्रदेश की भी चर्चा होनी चाहिए और उत्तर प्रदेश की भी जरूर चर्चा होनी चाहिए। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि हर रोज, हर तीन घंटे में एक महिला का शारीरिक उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में होता है।... (व्यवधान) हर तीन घंटे में एक महिला का शारीरिक उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में हो रहा है। उत्तर प्रदेश की सरकार और केंद्र की सरकार, यह डबल इंजन की सरकार इस बात का संज्ञान नहीं ले रही है।

सर, मणिपुर की जो घटना हुई, वह कोई मामूली घटना नहीं है। यह बहुत ही संवेदनशील घटना है। इस मामले को लेकर सरकार का रवैया बहुत ही संवेदनहीन रहा है। यह सरकार अहंकार में डूबी हुई सरकार है। यह दर्प, मद और दंभ में डूबी हुई सरकार है। It was a complete violation of human rights, destruction of human rights. Using women as an instrument for perpetrating violence is simply unacceptable in the constitutional

democracy. इस कांड की निंदा पूरे विश्व में हुई है। इस घटना को लेकर हम भारतवासियों का सिर शर्म से झुका है। It was a State-sponsored ethnic violence.

सर, अगर विजुअल्स सोशल मीडिया के माध्यम से निकलकर नहीं आते तो किसी को भी पता नहीं चलता कि मणिपुर में क्या हुआ। जो विजुअल्स आए, जहां महिलाओं को नंगा किया गया, उनका रेप किया गया, इसका कौन जिम्मेदार है? यह कोई एक वाकया नहीं था, जैसा सुप्रिया सुले जी ने कहा कि इस तरह की लगभग चार हजार एफआईआर रजिस्टर हुई हैं। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि कितनों पर एक्शन हुआ है, कितनी गिरफ्तारियां हुई हैं? लगभग साठ हजार लोग डिसप्लेस हुए हैं। वे अपने घरों में नहीं रह रहे हैं। Around 14,000 children are displaced in this. They are not able to go to schools and there are more than 150 deaths. क्या यह भाजपा की नैतिक और राजनैतिक जिम्मेदारी नहीं है? We just requested our hon. Prime Minister to come to the House so that we can talk about it, so that we could just share our viewpoints with hon. Prime Minister. हम ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर के सामने अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर आज भी सदन में मौजूद नहीं हैं। इस चीज की  हमें हमेशा कमी महसूस होगी।

इस चीज की हमें हमेशा कमी महसूस होगी । सीएम का यह विशेष धर्म था कि वह वायलेंस रोकने का काम करते। It is a bordering State. हमारी फुल आर्मी वहां डिप्लॉय रहती है। वहां पर असम राइफल्स है, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स है। अगर वहां की गवर्नमेंट चाहती तो within two days, वायलेंस को कंट्रोल में लाया जा सकता था। लेकिन, the Government’s intention was not right. आज भी सरकार डिस्सेपशन मोड पर ही है।

Sir, the hon. Prime Minister said, हमेशा उन्होंने कहा है, वसुधैव कुटुंबकम। आज पूरा विश्व मेरा परिवार है, क्या मणिपुर हमारा परिवार नहीं है? क्या हमारे देश का अंग नहीं है? मणिपुर को स्टेप मदरली ट्रीटमेंट क्यों दिया जा रहा है? बीजेपी की नीति नफरत की राजनीति की है। वोट की राजनीति करते हैं। बीजेपी पूरी तरह से इसके लिए जिम्मेदार है। Internal security is

at risk not only in Manipur but also in Mizoram, Tripura, South Assam and Haryana. As we see, elections are coming by, and there is a deteriorating law and order condition in the country. The sense of security is also deteriorating among the people of this country.

Sir, the external security of the country and the integrity of our borders are also at risk. गौरव जी ने कहा, प्रधानमंत्री जी और चीन के राष्ट्रपति जी के बीच क्या बात हुई, We want… चीन के साथ अनरेजॉल्वड इश्यू हैं, …regarding the borders of the country, इस पर खुले तौर पर सदन में बात होनी चाहिए। मौजूदा सरकार इनफिलट्रेशन पर बात करती है कि माइग्रेंट्स आ गए हैं। But the Government can always work on the infiltration by controlling the borders. सरकार बार्डर को कंट्रोल क्यों नहीं कर पा रही है? क्यों इनफिलट्रेशन होने दे रही है। आज की तारीख में महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। जहां समाजवादी पार्टी ने हमेशा कहा रोटी कपड़ा सस्ता हो, दवा-पढ़ाई मुफ्त हो। आज की डेट में जो मिडिल क्लास है, जो गरीब तबका है, वह बहुत परेशान है। चाहे स्कूल की फीस हो, चाहे मेडिकल्स बिल्स हों, रेंट्स हो, हाउसिंग हो, चाहे लैंड प्राइसेज हो, चाहे पेट्रोल-डीजल या केरोसीन के दाम हों या बिजली के दाम हों। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिसिटी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। there is no increase in production. यह सरकार बिजली भी मुहैया नहीं करा पा रही है। आज के भारत में किसानों की जो स्थिति है, Farmers are having the worst time ever in the Independent India. आप तीन काले कानून लेकर आए, न जाने कितने किसानों ने अपनी जान गंवाई। प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि वह किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस मुहैया कराएगी। which has not yet materialised. आर्टिफिशियल स्कारसिटी क्रिएट की जाती है, लेकिन इसका मुनाफा हमारे किसान भाइयों को नहीं मिल रहा है तो यह मुनाफा कहां जाता है? आज इतनी महंगाई हो गई है कि महिलाओं को बहुत दिक्कत हो रही है। सुप्रिया सुले जी ने कहा था, आज की डेट में एक थाली की

कीमत लगभग 500 रुपये से भी ज्यादा है। अगर वह चाहती है कि उसकी थाली में दाल-रोटी, सब्जी और पनीर हो तो महिला वह नहीं कर पा रही है।

Sir, BJP is destroying the administrative and financial federalism espoused by the framers of the Constitution. They are destroying the institutions right from EC, ED, CBI to others. They are using them as tools to harass the people of the country. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की मिनिस्टर ने सीधे थ्रेटन किया कि आपके घर भी ईडी भेज देंगे। This is a new low in our democracy. There has been a regular unemployment in the country. आज की तारीख में युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। अग्निवीर जैसी योजना सरकार लेकर आती है, उसमें कुछ भी क्लैरिटी नहीं है। आप नौजवानों को वर्दी पहनाएंगे, लेकिन चार साल बाद उनकी वर्दी उतारने का भी काम करेंगे।

As per the reply to a Question in Rajya Sabha, almost 1.26 lakh … (*Interruptions*) As per the reply to a Question in Rajya Sabha, almost 1.26 lakh positions are vacant in Uttar Pradesh of teachers for classes 1 to 8 in the Government schools. Similar situation is there in UP Police, hospitals, nurses, ITIs, PSCs, home guards, universities and many more.

All the Government of India schemes have failed and collapsed be it Skill India, Make in India, Digital India, Swachh Bharat Abhiyan. आप लखनऊ आकर देखें कि क्या यह स्वच्छ भारत अभियान है? बनारस को क्योटो बनाने की बात कही गई थी, सारे झूठे वादे थे।

Sir, BJP people indulge in the politics of divide, hate and rule. लोगों में विभाजन करके आप शासन करना चाहते हैं।

The condition of the OBCs, SCs, STs, women and minorities is threatened every day in this Government. They feel as if they are the second-

class citizens. … (*Interruptions*) Sir, you gave him so much of time. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** It is proportionate time.

… (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** यह अनुपात में होता है।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** समय का आबंटन अनुपात में होता है।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI DIMPLE YADAV:** Sir, the condition of the OBCs, SCs, STs, women and minorities is threatened every day in this Government. They feel as if they are the second-class citizens. Police has become a tool of harassment. A family in Uttar Pradesh was burnt alive by the UP Police in Kanpur Dehat.

I would request you, आप प्राइम मिनिस्टर साहब को रिक्वेस्ट करें कि वह आएं। … (व्यवधान) सदन में लोग बहुत कम हैं। I would like to thank you for giving me this opportunity to speak here. … (*Interruptions*) वर्ष 1942 में 8 अगस्त को क्विट इंडिया मूवमेंट की स्थापना हुई थी। आज भी 8 अगस्त है, मैं बीजेपी के लोगों से कहना चाहूंगी कि stop dividing our country, stop dividing India. With these words, I would like to thank you.

**SHRI PINAKI MISRA (PURI):** Thank you, hon. Chairperson, for giving me the opportunity to speak on behalf of my Leader, Shri Naveen Patnaik ji and the Biju Janata Dal on this No Confidence Motion that has been brought by the Congress Party today.

It goes without saying that the foundation of the Biju Janata Dal is anti-Congressism. We were born on the 25th of December 1997 on the basis of opposing the Congress Party's corrupt rule in Odisha at that point of time. The late Biju Patnaik, on whose name the Biju Janata Dal is named, started his life as a Congressman, but like many of us got eventually disillusioned with the Congress Party, left the Congress Party and became a beacon of Opposition politics or Janata politics. And, that is how the Biju Janata Dal was formed. Therefore, any Motion brought by the Congress Party, it goes without saying that it is out of question for the Biju Janata Dal to support. Therefore, at the threshold, let me make it clear that we oppose this Motion because of the fact that it has been brought by the Congress Party to this House.

But there are many other compelling reasons, and I will tell this House, about why the Biju Janata Dal feels that this is a misplaced Motion. It is totally out of place at this point in time to be brought to this House.

Mr. Naveen Patnaik is now in his fifth term as Chief Minister of Odisha consecutively. He is now the second longest serving Chief Minister in the country. He has just crossed late Shri Jyoti Basu's tenure in West Bengal. He is now only behind Mr. Pawan Chamling in Sikkim. And next year, in August 2024, by the grace of Lord Jagannath, when he is elected for the sixth time as Chief Minister, he will cross Mr. Pawan Chamling's tenure and become the longest serving Chief Minister ever in the history of India.

**<u>15.00 hrs</u>**

I am very glad to say, my heart is gladdened, that somebody like Shri Amit Shah ji was in Bhubaneswar on Saturday in the presence of many of our distinguished colleagues here. I think, Aparajita Sarangi ji, our hon. MP of Bhubaneswar, was there as well. Shri Amit Shah, very graciously said that it is without doubt that Mr. Naveen Patnaik is India's most popular Chief Minister. These were Mr. Amit Shah's own words. He also praised Mr. Patnaik for cooperative federalism and the constructive cooperation with the Centre that he has demonstrated in his last 24 years as Chief Minister.

He does not believe in needlessly picking quarrels with the Central Government. It does not pay. We are a regional party. In the kind of fiscal architecture our Constitution has provided, it is impossible to continuously bicker and fight with the Central Government and survive as a model fiscal State as Odisha is today, particularly, if you are needlessly and constantly heckling with the Central Government because that does not meet the interest of the people of the State. This is Mr. Patnaik's firm view. He believes that, yes, party politics has its place, there is no question, and that is why I said the other day when I was speaking on the Delhi Bill, the BJP is our Opposition Party in the State and we fight them tooth and nail when elections are concerned. But once elections are over, that should be the end of party politics. Then, governance kicks in and for governance to kick in, you have to rise above parties and party politics and work in partnership with constructive cooperation in a federal structure. That is what Mr. Patnaik has always believed in and that

is why Amit Shah ji, in fact, said that this is the reason he appreciates the role of Mr. Patnaik as Chief Minister.

I cannot support a No-Confidence Motion against the Central Government today even though we are against the BJP as a political party. The Central Government may not have given us our entire wish list, and no Central Government ever can give every State Government the entire wish list. I recognise that fact. There are fiscal constraints where resources are in short supply. Therefore, it is not possible for every Central Government to give in to every State Government's demands. But in terms of rise in coal production; in terms of mineral royalty revision which has long been Odisha's just demand; in terms of the removal of an export tax on iron ore and manganese ore which was vital for Odisha's fiscal management; in terms of the Bill, which was there the other day, for exploration of offshore minerals which has long been our demand; in terms of Puri International Airport in my constituency which has again long been a dream of the people of Puri, that is well underway, yesterday, Mr. Scindia very kindly said in the House that it is virtually in the last stages of completion of plans and therefore, the construction should start very soon; and in terms of the Jagannath Puri Heritage Corridor which was opposed by some of my distinguished colleagues, I shall not name them, but which the Central Government ensured the ASI give permission for, I am grateful for many things that the Central Government has done for Odisha which is why in any case, I am unable to persuade myself on behalf of my Party and my leader

to support a No-Confidence Motion today which has been brought by the Congress Party.

Let me now come the merits of this particular No-Confidence Motion that they have allegedly brought on one count alone, i.e. to bring the Prime Minister to the House. That seems to be the reason why this No Confidence Motion has been moved, that the Prime Minister should be brought to this House. He is avoiding the House and avoiding speaking on Manipur. Mr. Chairman, I have always believed that the Congress Party is adept at snatching defeat from the jaws of victory. They are also very adept at cutting their nose to spite their face. I say this advisory. They know every time the hon. Prime Minister has got up to speak on the floor of this House, his worst political adversaries will recognise the fact that he is a peerless orator. There is no question. I do not think there is an orator today who matches him. There is no question. Everybody recognises that fact.

So, every time he gets up on the floor of the House, he pushes the Congress Party through the shredder. They actually go through a shredding machine. So, I cannot understand why should they cut their nose to spite their face asking him to come to the House and put them through the shredder, as I have no doubt he will when he replies on Thursday. So, it defies common sense; it defies logic; it defies political sense. I believe that there are other arguments that would have been more persuasive. The people of this country will decide, if the Prime Minister has chosen not to speak, whether that was right or that was wrong. It is for the people to decide and you have to take that

case to the people. You should not bring a No-Confidence Motion which is doomed to fail in any case. At the threshold, you know your No-Confidence Motion is doomed to fail. You should not bring it needlessly and waste the time of the House. You do not disrupt the House needlessly when you know that the Ruling Party likes nothing better than the House being disrupted, so that the Bills can be passed in the din. So, Ministers are happy not to answer any questions during the Question Hour. For every Ruling Party, this is a dream scenario to let the Opposition disrupt the Parliament so that they can go and sleep happily. Therefore, this kind of disruptive politics has not paid dividend in the past, and I have no doubt that this kind of disruptive politics will not pay dividends in the future. As far as Manipur is concerned, I have to say that the hon. Home Minister had called an all-Party meeting. I was one of the Members who was present there on behalf of my Party. It was an exceptionally detailed analysis which was given to everybody. The Congress Party was represented there by Shri Ibobi Singh who is a three-term former Chief Minister. All the other parties were there and we were given a complete kaleidoscope really of what has gone wrong in Manipur. And these are legacy issues. For, today's conflagration in Manipur is not the result of the last ten years. Let us face it. It is the result of almost 50 years to 60 years of strife in Manipur. The fact of the matter is that this entire issue has boiled over not now, it has boiled over three or four times in a major way through the 80s and the 90s. This was somehow capped until an order was passed by Manipur High Court. Very unfortunately, the Manipur High Court in a PIL suddenly woke up one fine morning. In a 20-

minute hearing without pleadings being completed, the High Court passed an order which according to me is one of the ill-advised orders that this country has ever seen, giving a direction to the State Government to immediately consider within four weeks the giving of ST status to a particular community.

Firstly, this is totally without jurisdiction because the State Government cannot do it. It is something that only the Central Government can do. So, the High Court passed totally an erroneous order, but passed an order without hearing all the parties, without affidavits being completed, without any kind of rationale or logic. It simply passed an order which the hon. Supreme Court severely deprecated. On 19th May, the hon. Chief Justice severely deprecated the High Court order. But I believe that the Central Government missed a trick there. I believe, the Central Government asking for the matter to be remanded back to the High Court to be heard there, was a huge error.

I pointed this out at the meeting that the Central Government should have been happy to let the matter rest in the Supreme Court's lap because we have seen that the people of this country have great faith in the Supreme Court. Look at the classic case of Babri Masjid and Ram Janmabhoomi dispute. For decades, this dispute could not be resolved until the Supreme Court sat down, gave a judgement, and both the parties accepted it graciously. So, I believe that if this issue had been left to the Supreme Court, tempers would have cooled. Instead the matter went back to the High Court, and the High Court again in an ill-advised order, instead of cancelling the earlier order, simply revised the order and said, instead of four weeks, you take one year to

decide this matter which means Sword of Damocles therefore kept hanging, and this is what has constantly created the kind of friction that we have seen.

Sir, I have to say that what has happened in Manipur today is, as Mr. Patnaik says, heart-rending. In fact, he has asked me to mention this in the all-Party meeting and to say today that all parties must speak in once voice. What this Parliament cannot afford is a No-Confidence Motion against the Central Government. Every political party must give their constructive suggestions at the moment to say what is possible, what can be done because you are trying to fit a square peg in a round hole there. That is the problem today.

Therefore, you have to give constructive suggestions rather than blaming the Central Government for what is clearly a legacy issue running back several decades. There is no question that blame has to be apportioned to the State Government. Every right-thinking person has said so. Every right-thinking person has said that the Chief Minister ought to have conducted his politics and his policies on the basis of *rajdharm* which perhaps has been lacking there. There is no doubt about it. But I do not know whether the Central Government would have been better advised to have brought in the President's Rule because clearly there was no alternative to this Chief Minister. Therefore, if the President's Rule had to be imposed there, I am not sure that that in this country has ever worked satisfactorily in other States as well. So, it is really a Hobson's choice that the Central Government was confronted with. That is something that I think all political parties honestly should have considered and should have felt. Therefore, the need of the hour is to speak in

one voice and not to speak in a fractious tone. I am going to conclude in a short while. The heartrending scenes that we have seen with regard to the atrocities on women in Manipur is not new to us. This is seen everywhere in the world where there is strife, where there is this kind of conflict, where there is this sort of internecine warfare. We have seen this in Sub-Saharan African nations in Burundi between the Hutus and the Tutsis. We have seen this in Rwanda, for instance. We have seen this is Bosnia and Herzegovina. We have seen this in Serbia. So, this is endemic, unfortunately, to our society and our polity.

I come to this one seminal issue that the way forward for women's empowerment is again what Shri Naveen Patnaik has been repeatedly requesting the Central Government to bring in the Women's Reservation Bill. I think, that is one area where the Central Government will be seriously remiss if in the 17th Lok Sabha, they do not do it because there is a full majority. In fact, there is near unanimity. Today, all shades of political opinion in this House and the Upper House are of the same opinion that there should be women's reservation in the State Assemblies as well as in the Central Parliament. This is because that is the kind of empowerment we need for women on the ground level, at the cutting-edge level, at the grass-root level to feel empowered, to feel that they have an equal stake in the society, and for men to feel that look, they are now our equals, they are in as powerful position as we are, and therefore, we should treat them at par. This is something that I would say seriously on this occasion. If there is anything on which I feel that this

Government lacks the confidence of this House, quite frankly it is that they have not brought the Women's Reservation Bill so far despite being fully empowered to do so. We have now only one more Session of the Parliament after this, which is the Winter Session. I certainly plead and urge the Prime Minister that he should bring in the Women's Reservation Bill and have it passed unanimously. It can be done in 15 minutes in the Lower House and the Upper House. The Parliamentary Affairs Minister is here. I have requested him personally many times also. So, that is one of the things that we need to seriously consider. Therefore, for a number of compelling reasons that I have mentioned, we are completely, completely unable to persuade ourselves on behalf of the Biju Janata Dal and Shri Naveen Patnaik to support this No-Confidence Motion. I have no doubt that it will be resoundingly defeated and it will be rejected as it ought to. Unfortunately, I think, it will not at all benefit the Congress Party which has brought this No-Confidence Motion at this point of time.

Thank you very much, Mr. Chairman.

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण):** सभापति महोदय, एक बहुत ही गंभीर विषय पर विपक्ष के सभी दलों ने मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव यहां रखा है। दुर्भाग्यवश हमारे मित्र गोगोई जी ने जिस गंभीरता से इस प्रस्ताव को यहां रखा है, मैं उसके बाद के भाषणों को सुन रहा हूं कि सन् 1953 या 1976 में क्या हुआ, तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, यह सब कुछ जो बताया जा रहा है, पूरे विषय की गंभीरता को कम करने का जो प्रयास किया जा रहा है, मैं उसकी निर्भर्त्सना करता हूं। यह विषय क्यों आया? अभी मेरे मित्र पिनाकी जी भी बोल रहे थे, तब मैं सोच रहा था कि अविश्वास का प्रस्ताव क्यों लाया गया?

भैय्या, सिर्फ आदरणीय प्रधान मंत्री जी को लाने की बात नहीं है, बात यह है कि जिस विषय, यानी मणिपुर में इतना बड़ा हिंसाचार हुआ, महिलओं पर अत्याचार हुआ, लेकिन केन्द्र की सरकार 70 दिन चुप रही। अगर चुप न रहती तो यह विषय नहीं आता। चुप रही, तो आदरणीय सर्वोच्च न्यायालय ने तमाचा लगाया – 'Are you going to act on it? Or, should I intervene?' तब जाकर 36 सेकण्ड के लिए मुंह खुला। यह गुस्सा है, यह दर्द और हृदय विदीर्ण है। हम सब मणिपुर में जाकर आए हैं। हम ऐसे विषय पर राजनीतिक बात करते हैं? हम से पहले भी किसी पूर्वज ने कहा कि महाराष्ट्र की बात, हां तो मैं अभी करूंगा। वह हमें हिन्दुत्व सिखा रहे हैं। हम पैदाइशी हैं। ये हमें हिन्दुत्व सिखा रहे हैं। हिन्दुत्व में भगौड़े नहीं होते हैं। … (व्यवधान) जो लोग भगौड़े हैं, वे भगौड़े क्या बोलेंगे? उनके पास इतना दम होता … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप बैठिए।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :** मैंने किसी का नाम तो नहीं लिया। … (व्यवधान) मैंने किसी का नाम नहीं लिया।

**माननीय सभापति:** प्लीज, आप लोग बैठिए।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :** मैंने किसी का नाम नहीं लिया।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप अपनी बात कह चुके हैं।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :** भगौड़े रह चुके हैं। अगर हिम्मत होती… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप अपनी बात कह चुके हैं। आप अपनी बात पूरी कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :** सर, जो हादसा हुआ, अगर हिम्मत थी … (व्यवधान) वह हमें क्या हिन्दुत्व सिखाएंगे? जो जन्म लेकर यहां आए हैं, इनको क्या मालूम कि बाला साहेब क्या थे? वंदनीय बाला साहेब ने हिन्दुत्व यह बताया कि मुझे मन्दिर में घण्टा बजाने वाला हिन्दू नहीं चाहिए, आतंकवादियों को मारने वाला हिन्दू चाहिए। … (व्यवधान) उनकी यह विचारधारा है।

सर, विचारधारा कुछ नहीं है, लेकिन मैं आज इस सदन में बताऊंगा कि सच्चाई क्या है? झूठे लोग सच बताने की कोशिश करते हैं। मैं अभी उस विषय पर आऊंगा। झूठे लोग झूठी बात करके सच्चाई छिपाने की बात करते हैं। … (व्यवधान) वहां जो हादसा हुआ, उसमें महाराष्ट्र की बात आई। आपने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव क्यों लाए तो मैं बताता हूं कि अविश्वास प्रस्ताव क्यों लाए। जिस तरह से आपने बर्ताव किया है, वह मणिपुर के बारे में हो, हिन्दुत्व के बारे में हो और अन्य आपकी जो राजनीतिक, सामाजिक नीति रही तो मैं आपको बता देता हूं कि आज की सरकार ने, जो कहते हैं कि हमने हिन्दुत्व किया और इनको छोड़ दिया। आपने जिनको छोड़ा, वे वापस तुम्हारे पास आए हैं। जिनका नाम लेकर आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि एनसीपी पार्टी क्या है - नेचुरल करप्ट पार्टी। उन्होंने भरी सभा और भरी रैली में कहा। तीन दिन बीते, उस रैली में आगे कहा कि 70 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। उसमें सिंचाई का घोटाला हुआ, बैंकों का घोटाला हुआ। जिनके नाम पर घोटाले थे, चार दिन में सभी महाराष्ट्र की सरकार में शामिल हुए। वे सिर्फ शामिल ही नहीं हुए, मंत्री भी बने। मतलब क्या है कि आप भ्रष्टाचार के खिलाफ हो। ईडी के केसेज़ लेकर सभी को डराकर लेकर गए। राष्ट्रीय हित की बात भगौड़े लोग बोलेंगे? यह वाशिंग मशीन चल रही है। ये क्या बोलेंगे? उस वक्त तो उनका नाम लेकर गए थे, अभी उनके साथ बैठे हैं।

महोदय, आज गम्भीर विषय इस बात का है कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी छुपकर बैठे, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के …* लगाने के बाद, लेकिन आगे चलकर पिछले चार दिन में क्या-क्या हुआ, जैसे हमारे बारे में हुआ। आज भी हमारे महाराष्ट्र में जो सरकार है, वह संविधान वाह्य सरकार है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय दिया और कह दिया कि ये सभी लोग अपात्र होंगे।

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

मुख्य मंत्री से लेकर सभी का नाम लिया कि ये सभी अपात्र होने वाले हैं। … (व्यवधान) मैं तो सुप्रीम कोर्ट की बात बोल रहा हूं, आप सुप्रीम कोर्ट से बोलिए। मैं पार्लियामेंट में बोल रहा हूं, यह सुप्रीम कोर्ट ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया और सदस्य पर कार्रवाई करने का निर्णय दिया। आप क्या बात करेंगे? अब यही बात कहता हूं।

चेयरमैन सर, सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर पर भी कह दिया। आपको पता है कि कल क्या निर्णय दिया? अगर सरकार होती तो सरकार को … ** आती कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बैठाई, सुप्रीम कोर्ट ने डीआईजी पद बैठाया, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के तीन पिछले वाले जजेज़ को कार्रवाई करने का अधिकार दिया। सुनवाई करने का अधिकार दिया, जांच करने का अधिकार दिया, पुलिस के ऊपर कार्रवाई की। सरकार कहां है? सुप्रीम कोर्ट चला रहा है। मणिपुर की जांच कौन करेगा, सुप्रीम कोर्ट तय कर रहा है। यह आपकी सरकार पर तमाचा है, फिर भी शर्म नहीं आ रही आपको? फिर भी आपको बुरा नहीं लगता है? … (व्यवधान) फिर भी बुरा नहीं लगता? … (व्यवधान) सभापति जी, जब उन्होंने बोला, मैंने उठकर एक भी शब्द नहीं बोला है। अब मिर्ची क्यों लग रही है, समझ लीजिए। … (व्यवधान)

कोविड की बात आई, कोविड के समय में उस वक्त के मुख्यमंत्री आदरणीय उद्धव जी ठाकरे साहब ने जो काम किया, उसकी सराहना वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने की, नीति आयोग के लोगों ने सराहना की, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सराहना की और कहा कि उद्धव ठाकरे जी ने जो धारावी पैटर्न लगाया है, उसका पूरे देश में अमल करो। इतनी सराहना होने के बाद झूठे इल्ज़ाम लगाते हैं। … (व्यवधान) तब आप भी सरकार में थे, जो लोग इल्ज़ाम लगा रहे हैं, वे भी उस सरकार में थे। … (व्यवधान) आप कौन से अधिकार से बोलते हो? … (व्यवधान) आप लोग भी उस सरकार में शरीक थे। … (व्यवधान) आप मंत्री थे। … (व्यवधान) ढाई वर्ष आप भी साथ में थे। क्या आपको बोलने का अधिकार रहता है? … (व्यवधान)

---

** Not recorded.

सभापति जी, मैं दो-तीन बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे रखना चाहता हूं। प्रधानमंत्री जी का वक्तव्य, सत्यपाल मलिक जी फाड़ रहे हैं। उन्होंने पुलवामा के बारे में क्या बोला, उन्होंने भ्रष्टाचार के बारे में क्या बोला और दो-तीन अन्य मुद्दे हैं। महाराष्ट्र को कितना आपने हैरान किया, क्यों हम आप पर विश्वास रखें? महाराष्ट्र का फाइनेंशियल सेक्टर आप गुजरात में लेकर गए, महाराष्ट्र का वेदांता-फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट आप गुजरात में लेकर गए, महाराष्ट्र का एयरबस प्रोजेक्ट गुजरात में लेकर गए, महाराष्ट्र का ड्रग पार्क गुजरात में लेकर गए, महाराष्ट्र का पुलिस एकैडेमी गुजरात में लेकर गए, महाराष्ट्र का डायमण्ड सेंटर गुजरात में लेकर गए। नौ वर्षों में महाराष्ट्र के बन्दरगाह का विकास नहीं हुआ, महाराष्ट्र के मिल वर्कर्स के बारे में जमीन पर कुछ करना है, कुछ नए प्रोजेक्ट्स लेने हैं, लेकिन कुछ नहीं किया गया, उल्टा जब हमारे यहां ताउते चक्रवात आया था, तब आदरणीय प्रधानमंत्री जी वहां गुजरात में आए थे। गुजरात में घूमे, लेकिन उनका हेलिकॉप्टर वहां से आगे नहीं आया, पीछे गया। महाराष्ट्र के ऊपर ध्यान नहीं दिया। इतने सारे इल्ज़ाम लगे हैं। बुलेट ट्रेन हमारे यहां 10 प्रतिशत है, उसका 70 प्रतिशत लग रहा है, जबकि वह सारा गुजरात के लिए इस्तेमाल होना है। … (व्यवधान)

सभापति महोदय, कुछ महत्वपूर्ण विषय ऐसे हैं कि इसमें उन्होंने जो चीजें की हैं, … (व्यवधान) आपको बुरा लगना चाहिए था कि किसानों का आन्दोलन हुआ, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मर गए। आपको बुरा नहीं लगा। आखिर में आदरणीय प्रधानमंत्री जी को कहना पड़ा, क्षमा मांगनी पड़ी – क्षमा मांगता हूं और सारे बिल वापस लेता हूं, लेकिन मरे कितने लोग? क्या उनकी कुछ परवाह है? आपने डी-मॉनेटाइजेशन किया, कितने लोग मरे, कुछ उनकी परवाह है? उनके लिए अश्रु बहाए? क्या पुलवामा के लिए अश्रु बहाए? कभी अश्रु नहीं बहाए। यही तो दुख है, यही तो दर्द है कि संवेदनहीन सरकार चल रही है। इसलिए यहां जो काम हो रहे हैं, खासकर जो पब्लिक सेक्टर यूनिट्स बेचे जा रहे हैं, बेरोजगारी, महंगाई है, इन सभी पर मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। पब्लिक सेक्टर में बीएसएनएल कहां गया? इनके ऊपर इल्ज़ाम लगाते-लगाते दो वर्ष बिताए, आज नौ वर्ष हो गए, बीएसएनएल डूब रहा है, एमटीएनएल डूब रहा है। ये स्ट्रैट्जिक कंपनीज हैं, लेकिन कुछ नहीं

हो रहा है। कहां रोजगार मिला? गद्दारों को गद्दार कहने पर बुरा लगता है। महिलाओं पर अत्याचार और पेंशन का विषय है।

सभापति महोदय, आखिर में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हम इकट्ठे क्यों आए हैं – हम INDIA हैं। हम INDIA कहते हैं तो आपको बुरा लगता है। आप तो 'खेलो इंडिया' कहते हो, 'बेचो इंडिया' कहते हो। इसलिए आखिर में मैं एक वाक्य कहता हूं – 'नफरत करने वालों के सीने में प्यार भर दो।' … (व्यवधान) आप सोशल मीडिया रोजाना देखिए। … (व्यवधान) हमारे महाराष्ट्र के अध्यक्ष जी लोगों को गाय कटती हुए बता रहे थे। गाय कहां काटी गई? नॉर्थ-ईस्ट में और बता रहे थे कर्नाटक के चुनाव में। … (व्यवधान) क्या चाहते हो? इसलिए मैं कहना चाहता हूं:

"नफरत करने वालों के सीने में प्यार भर दें,
हम वो परवाने हैं जो पत्थर को भी मोम कर दें।"

यही हमारा नेक इरादा है, इसीलिए हम इकट्ठे आए हैं। धन्यवाद ।

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री नारायण राणे):** सभापति महोदय, अविश्वास के प्रस्ताव पर इस सदन में काफी माननीय सदस्यों के भाषण मैंने सुने हैं। अभी शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ग्रुप के अरविंद सावंत जी का भाषण सुनते वक्त मुझे लगा कि मैं दिल्ली में नहीं, महाराष्ट्र की विधान सभा में बैठा हूं। … (व्यवधान) अभी मैंने आपकी बात सुनी है, अब आप मेरी बात सुनिए। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अरविंद सावंत जी, आप बैठिए। माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री नारायण राणे:** मैंने अभी आपका भाषण सुना है। अब आप मेरा सुनिए ।

सभापति जी, अविश्वास प्रस्ताव पर सम्माननीय शिंदे साहब ने अपने विचार रखे थे, इन्होंने उनका उत्तर देने का काम किया है। इन्होंने हिंदुत्व की भाषा की है। शिवसेना और उद्धव गुट के लिए हिंदुत्व किस तरह का है, उसके बारे में उन्होंने कुछ कहा है। अगर वे हिंदुत्व को इतना चाहते हैं, उन्हें गर्व है तो वर्ष 2019 में सत्ता पाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर, उस वक्त …*

---

* Expunged as ordered by the Chair.

करके पवार साहब के साथ क्यों चले गए? उस समय इनको हिंदुत्व याद नहीं आया? क्या याद नहीं आया?… (व्यवधान) सभापति जी, वे हिंदुत्व और असली शिवसेना के बारे में कह रहे हैं। ये शिवसेना में कब आए? मैं सन् 1967 का शिव सैनिक हूँ।… (व्यवधान) अरे, नीचे बैठिए।… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Please address the Chair. Do not be personal.

… (*Interruptions*)

**श्री नारायण राणे:** जब वे बोल रहे थे तो किसी ने कुछ नहीं बोला। हमने किसी ने भी कुछ नहीं बोला।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप वैयक्तिक टिप्पणी से बचिए। प्लीज, आप वैयक्तिक टिप्पणी से बचिए।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :** क्या आपने पार्टी नहीं बदली?

**श्री नारायण राणे:** पार्टी बदलने में भी ताकत लगती है।… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री नारायण राणे:** सभापति जी, मैंने पार्टी छोड़ी थी तो इन 220 लोगों ने प्रोटेस्ट किया था। ये क्या बात करते हैं?… (व्यवधान) अभी कुछ नहीं बचा है। अभी जो आवाज आ रही है, वह बिल्ली की आवाज है। वह टाइगर की आवाज नहीं है। अभी वह खत्म हो गए हैं। किसी को हमारे पंत प्रधान जी के ऊपर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। पंत प्रधान जी पर बोलने की उनकी औकात नहीं है। अभी आप अपना देखिए कि आप महाराष्ट्र में कहां तक हैं, कब डूबने वाले हैं। आप वही देखिए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी, माननीय पंत प्रधान जी और माननीय अमित शाह जी की तरफ उंगली उठाई तो मैं ... * कि क्या असलियत है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** सरदार सिमरन जीत सिंह मान जी।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** प्लीज, बैठ जाइए। अब वर्षाकालीन सत्र है तो थोड़ी गड़गड़ाहट, थोड़ी बारिश तो होनी ही है। आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** अब 12-13 दिनों तक तो गड़गड़ाहट हुई है, अब थोड़ी बूंदाबांदी हो रही है तो उसका आनन्द लीजिए। कड़वाहट मत लाइए।

… (व्यवधान)

**SARDAR SIMRANJIT SINGH MANN (SANGRUR):** Sir, this No-Confidence Motion has not been brought about by only the Congress Party. It has been brought about by the entire Opposition. We are very much pained on what is happening in Manipur. Christian churches have been burnt and women have been paraded naked. One of the women is the wife of a Subedar who fought in the war against Pakistan and it is shameful.

The other thing is, the majoritarians in Manipur have looted an armoury. Now, what do the majoritarians want by looting an armoury? They have the whole Armed Fores. They have the whole Govrnment and they have everything.

But why should the armoury be looted by the majoritarian? The other thing is that the Punjab and Haryana High Court has passed the order in Haryana that there is ethnic cleansing of the minorities in Haryana. The houses of Rohingyas and other Muslims have been demolished by bulldozers. I am quoting the High Court. It says: "Apparently, without any demolition orders and notices, the law and order problem is being used as a ruse to bring

down buildings without following the procedure established by law and the problem is that there is an exercise of ethnic cleansing.” Now these are very, very serious charges by the Haryana and Punjab High Court. Moreover, there have been Sikh killings all over the world. I want to remind the Chair that Shri Deep Sidhu was killed in Haryana; Moose Wala was killed in Punjab; Avtar Singh Khanda has been killed in UK; Hardeep Singh Nijjar has been killed in Canada; Paramjit Singh Panjwar has been killed in Pakistan; Ripudaman Singh Malik has been killed in Canada… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please come to the subject.

**SARDAR SIMRANJIT SINGH MANN:** Sir, I am telling you the pain that we are feeling. I come from a minority community. Let me express the feelings of my people. Please do not shut me out.

Shri Dhiren Bhagat, journalist was killed in 1988. Twenty five Sikhs were killed in a Gurudwara in Kabul in 2020 and NIA was ordered to investigate these killings. We do not have a report of those killings as yet. Forty three Sikh citizens were killed in Chittisinghpura of Kashmir in 2000. We have had no report about these killings. Two Russian dissidents have been killed in Odisha recently. So, my humble request is that these atrocities must end. Thank you.

**सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा):** सभापति महोदय, हमारी भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और उसके नेता हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। जिस तरह का विश्वास उन्होंने इस सरकार में रहते हुए लोगों के अंदर पैदा किया है। न केवल भारतवर्ष के अंदर बल्कि बाहर के देशों के अंदर भी जो विश्वास व्यक्त हुआ है, उसकी एक बानगी हमें वर्ष 2018 के अविश्वास प्रस्ताव में देखने को मिलती है। मैं यह कहती हूं कि हमारे जो आदरणीय प्रधान मंत्री जी

हैं, वे न केवल बहुत अच्छे विकास पुरुष हैं, न केवल इस देश को आगे ले जाने वाले हैं, न ही उनकी नीति पर किसी तरह का कोई शक है, न ही उनकी नीयत पर किसी तरह का कोई शक है, बल्कि वे ऐसे अंतर्यामी भी हैं कि उन्होंने वर्ष 2018 में यह बात कह दी थी कि ये सभी इकट्ठे होकर वर्ष 2023 में भी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएंगे और आज हम वही देख रहे हैं। ये जो अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं, यह जो भानुमति का कुनबा बना हुआ है, आज मैं इसके विरोध में बोलने के लिए आप लोगों के समक्ष खड़ी हुई हूं।

आदरणीय सभापति महोदय, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन आया था, उस समय वह अपना जवाब दे रहे थे। मैं वह देख रही थी और सुन रही थी कि किस तरह से भावनाओं से भरे हुए, उन्होंने अपना वक्तव्य दिया था। उनका 01 जून, 1996 का वक्तव्य था और मैं उसे सुन रही थी। उस समय विपक्ष के लोग श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को यह बात कह रहे थे कि आप मंदिर की बात नहीं करते, आप धारा 370 की बात नहीं करते और आप इधर-उधर की बातें करते हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उस समय यह बात कही थी कि हमारी जो विचारधारा है, हमारी सन् 1977 में जो विचारधारा थी, वह आज भी है, लेकिन अभी लोकतंत्र को बचाना हमारी प्रायरिटी है। इसलिए हम अभी राम मंदिर पर बात नहीं कर रहे, अभी हम धारा 370 पर बात नहीं कर रहे, लेकिन मुझे विश्वास है कि एक दिन ऐसा आएगा, उस समय भी सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी थी। उन्होंने कहा था कि एक समय ऐसा आएगा कि हम मेजोरिटी के साथ इस सदन में होंगे, उस समय धारा 370 भी जाएगी, राम मंदिर भी बनेगा और आज वह समय है। अभी 6 अगस्त गई है और उस दिन आदरणीय सुषमा स्वराज जी की पुण्य तिथि थी। आप यह देखिये कि क्या संयोग है कि मन में जो विचार लेकर वह इतने समय तक राजनीति करती रहीं, केवल कुछ दिन पहले ही धारा 370 हटी और उसके थोड़े से दिनों के बाद 6 अगस्त को उनका देहावसान हो गया।

सभापति महोदय, भारतीय जनता पार्टी के जो एक-एक कार्यकर्ता हैं, उनके मन के अंदर देश प्रेम, राष्ट्र प्रेम किस तरह से भरा हुआ है, यह उसकी एक बानगी थी। मैं यही कहना चाहती हूं

कि यह जो विश्वास कांग्रेस पार्टी का टूटा है, यह विश्वास जल्दी से वापस बनने वाला नहीं है। यह वह पार्टी है, जो 400 से 40 के ऊपर आ गई और एक हमारी पार्टी है, जो 2 से 303 के ऊपर आ गई। किसी ने यह बात कही है कि विश्वास वह डाली है, जो एक बार सूख जाती है तो फिर कभी हरी नहीं हो सकती। अब ये चाहे कितने ही अलायंस कर लें, चाहे ये आईएनडीआईए बना लें, चाहे ये घमंडियां बना लें, ये जो मर्जी बना लें, लेकिन अब किसी भी कीमत पर इनके ऊपर लोगों का विश्वास नहीं बन सकता है।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि अभी तो शुरुआत हुई है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी जो भविष्यवाणी करते हैं, वह भविष्यवाणी सत्य होती है। उन्होंने वर्ष 2018 में भविष्यवाणी की थी कि वर्ष 2023 में ये अविश्वास प्रस्ताव फिर से लेकर आएंगे तो ये इसे लेकर आए हैं। अब आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भविष्यवाणी है कि वर्ष 2024 के अंदर फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायेंगे और उनके नेतृत्व में सरकार बनायेंगे।

सभापति महोदय, अब हमारा टारगेट यूनिफॉर्म सिविल कोड है। हमारी बहुत जल्दी कोशिश होगी कि हम वह भी इसी सदन के अंदर लेकर आएं। मैं सभी को सुन रही थी और सुले जी कह रही थीं कि 9 साल में क्या किया? मैं उनको बताना चाहती हूं कि 9 साल में हमारी सरकार ने आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में क्या किया? किसी समय जो मेकाले था, उसने भरे सदन के अंदर यह बात कही थी कि जो भारत की संस्कृति है, इसको खत्म कर दो। भारत की जो सनातन परंपरा है, इसको खत्म कर दो। जब तक तुम यह खत्म नहीं करोगे, जब तक तुम इनके ऊपर पश्चिमी सभ्यता को नहीं लादोगे, तब तक तुम इनकी रीढ़ की हड्डी को नहीं तोड़ सकते।

सभापति महोदय, कोई समय था कि जिस समय नालंदा यूनिवर्सिटी के अदंर 90 लाख किताबों को जलाया गया, हमारे साहित्य को जलाया गया। हमारी 90 लाख पुस्तकों का साहित्य जलाया गया, जो तीन महीने तक सुलगता रहा। उस सनातन परंपरा को, उस संस्कृति को खत्म करने के लिए वे एजुकेशन पॉलिसी लेकर आए। आज मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि वर्ष 2020 के अदंर सब के साथ बहुत विचार-विमर्श करके, जिस तरह से बाबा साहेब ने उस समय सब के

साथ विचार-विमर्श करके हमारे देश का संविधान बनाया था, उसी तरह से ही सब के साथ विचार-विमर्श करके वर्ष 2020 में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी बनाई गई है। मैं आपको उसी के तहत बताना चाहूंगी।

हमारी सरकार की कोशिश है कि एजुकेशन का एक्सेस सबको होना चाहिए, वह इक्विटेबल होना चाहिए, उसकी क्वालिटी होनी चाहिए, उसकी एफोर्डेबिलिटी होनी चाहिए, एकाउंटैबिलिटी होनी चाहिए। यह नैशनल एजुकेशन पॉलिसी का मोटो है, यह उसका ध्येय है।

महोदय, जो छोटा बच्चा होता है, तीन वर्ष से लेकर आठ वर्ष की आयु तक उसकी बुद्धि का तीव्र गति से विकास होता है। यह अब साइंटिफिकली भी प्रूव हो चुका है। इसलिए हमारी सरकार ने यह कोशिश की है कि एक 'बाल-वाटिका' बनाएं ताकि तीन से आठ वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 'जादुई पिटारा' के नाम से एजुकेशनल प्रोवाइड करें, जिसमें खेल-खेल में, गाना गाकर, डांस करके, पहेलियों के द्वारा वे बच्चे एजुकेशन प्राप्त कर सकें।

मैं कुछ दिनों पहले एक विडियो देख रही थी । छोटे-छोटे, नन्हे-नन्हे बच्चे माननीय प्रधानमंत्री जी के चारों तरफ मोदी जी-मोदी करके लिपटे हुए थे। उस विडियो को मिलियंस ऑफ पीपल ने देखा है। महोदय, यदि आप भी उस विडियो को देखें, तो इतने प्यार से, खेलते-खेलते, वे बच्चे मोदी जी से बात कर रहे थे। वे उनको बड़े जोर से हग किये हुए थे और कह रहे थे कि मोदी जी हम आपके साथ फोटो खिंचवाना चाहते हैं, हमने आपको देखा। माननीय मोदी के प्रति यह प्यार, यह विश्वास, जो तीन से आठ साल के बच्चों में भी है, इनका जो नो-कांफिडेंस मोशन है, क्या यह उनके विश्वास को डिगा पाएगा। ये बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं।

माननीय सभापति जी, मैं कहना चाहती हूँ कि उन बच्चों के अन्दर चिन्तन की भावना हो, उन बच्चों के अन्दर तर्कशीलता हो, उन बच्चों के अन्दर अनुसंधान की भावना हो। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए, हमारी नैशनल एजुकेशन पॉलिसी की कोशिश है कि इन बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करवाई जाए। इसके साथ-साथ, मैं आपको बताना चाहूंगी कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा पद्धति भारतवर्ष की शिक्षा पद्धति है। इसके तहत 14.9 लाख स्कूल्स हैं, 95 लाख टीचर्स हैं

और 26.5 करोड़ विद्यार्थी हैं, सभी जगहों से हैं एवं सभी वर्गों के हैं। इसके साथ-साथ, हमारी कोशिश है कि हम इसके अन्दर स्किल एजुकेशन प्रोवाइड कर सकें। इसके पहले जिस तरह की शिक्षा पद्धति रही, बच्चों के अन्दर किसी तरह का कौशल-विकास नहीं हो पाता था। कई बार ऐसा होता है कि अगर किसी कारणवश बच्चे 11वीं और 12वीं के बाद शिक्षा छोड़ देते हैं, तो कम से उनके अन्दर किसी कौशल का विकास तो हो, उनकी रोज़ी-रोटी का कोई साधन तो बने। इस बात को ध्यान में रखते हुए, सरकार की तरफ से, अब 10+2 कक्षा के बीच में ही कोई न कोई कौशल विकास की शिक्षा उन बच्चों को देने की कोशिश की जा रही है।

इसके साथ-साथ, मैं कहना चाहूंगी कि मैंने मेडिकल साइंस से पढ़ाई की। लेकिन मेरा शौक हिस्ट्री में भी था। पहले ऐसी पद्धति थी कि अगर आपने मेडिकल साइंस ले लिया, तो आप ह्यूमैनिटीज़ के सब्जेक्ट नहीं ले सकते थे। अगर आपने नॉन-मेडिकल ले लिया, तो आप कॉमर्स के सब्जेक्ट नहीं ले सकते थे। अब सरकार ने इसके अन्दर इतना खुलापन कर दिया है कि अगर आप मेडिकल के साथ ह्यूमैनिटीज़ के सब्जेक्ट भी लेना चाहें, तो आप ले सकते हैं।

आप यह देखें कि 10+2 का जो सिस्टम है, उसको खत्म करके अब यह किया गया है कि अगर 10वीं के बाद बच्चे ने 1 साल तक पढ़ाई की है, तो उसे सर्टिफिकेट मिलेगा, अगर बच्चे ने दो साल तक पढ़ाई की है, तो उसको डिप्लोमा मिलेगा और अगर बच्चे ने तीन साल तक पढ़ाई की है, तो उसको डिग्री मिलेगी । बच्चे को कहीं पर भी यह महसूस नहीं होगा कि अगर उसको बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी तो उसकी उतनी पढ़ाई बर्बाद नहीं होगी। पहले बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के बाद बच्चे का डिग्री के लिए पूरा साल बर्बाद हो जाता था। इस तरह की एजुकेशन पॉलिसी हमारी सरकार लेकर आयी है, जो पहले कभी किसी की सोच में नहीं गया। बच्चे कैसे पढ़ रहे हैं, पढ़ने के बाद उनका भविष्य क्या होगा, इसके बारे में कभी किसी ने कोई चिन्ता नहीं की।

इसके साथ ही, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि एससी और ओबीसी के जो टीचर्स हैं, अब उनको भी मैक्सिमम एप्वाइंट किया गया है। दूर-दराज के जो इलाके हैं, वहाँ भी रोस्टर सिस्टम से उन टीचर्स को लगाया गया है।

इसके अन्दर नैशनल डिज़िटल लाइब्रेरी और रिसर्च को बहुत महत्व दिया गया है। हमारे आईआईटीज़ के बच्चे, आईआईएम्स के बच्चे, सुन्दर पिचाई और जो दूसरे होशियार बच्चे हैं, वे दूसरे देशों में जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि इस तरह से हमारा ब्रेन ड्रेन न हो। इसलिए रिसर्च को हमारे देश के अन्दर ही लाया जा रहा है।

आरएंडडी के अंदर बहुत ज्यादा पैसा लगाकर इस तरह की फाउंडेशन, नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, बनाई जा रही है, ताकि हमारे बच्चे ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई कर सकें।

सभापति महोदय, आईआईटी, दिल्ली की ब्रांच यूएई के अंदर भी खोली जा रही है। इसके साथ-साथ आईआईटी, मद्रास की ब्रांच तंजानिया के अंदर खोली जा रही है। अत: एजुकेशन पॉलिसी के माध्यम से हमारी कोशिश है कि हमारे देश में एजुकेशन को और ज्यादा वृहद रूप दिया जाए।

सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं आपको बताना चाहती हूं कि जो सामाजिक न्याय डिपार्टमेंट है, उसमें एससीज़/एसटीज़ के लिए हमारी सरकार ने जो किया, वह आज से पहले कभी किसी ने नहीं किया। सभापति महोदय, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत आप देखिए कि हजारों-लाखों गांव ऐसे हैं, जहां पायलट प्रोजेक्ट्स सटार्ट करके, जिनमें एससीज़ / एसटीज़ डॉमिनेटिंग थे, उनका आदर्श ग्राम योजना के तहत विकास किया जा रहा है।

सभापति महोदय, इसी के साथ मैं आपको बताना चाहती हूं कि अगर हम विश्वास की बात करें, तो आप यह देखिए कि वर्ष 2004 में 38 एससी और एसटी के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट भारतीय जनता पार्टी के पास थे। मैं वर्ष 2004 की बात कर रही हूं। कांग्रेस के पास केवल 29 थे। इसी तरह से मैं अगर आगे बात करूं, तो वर्ष 2014 में एससी और एसटी के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट भारतीय जनता पार्टी के पास 66 थे और कांग्रेस के पास घटकर केवल 12 रह गए। सभापति महोदय, वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी में एससी और एसटी के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट 76 बने और कांग्रेस के घटकर केवल दस रह गए। इससे आप यह सोच सकते हैं कि अगर इनकी सोच एससी और

एसटी कम्युनिटी की तरफ अच्छी होती, तो इनकी पार्टी में इस तरह से एससी और एसटी के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट की संख्या में इतनी भारी गिरावट नहीं आती।

सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं आपको बताना चाहती हूं कि सरकार की तरफ से टोल फ्री नेशनल हेल्पलाइन – 14566 स्थापित की गई है, ताकि जो एससी/एसटी के लोग हैं, उनके साथ अगर किसी तरह की एट्रॉसिटी होती है, तो वे इस नंबर को डायल कर सकते हैं। इसी के साथ टोल फ्री नंबर – 14567 वरिष्ठ नागरिकों के लिए है। अगर उनको किसी तरह का कोई कष्ट है, तो वे नेशनल लेवल के इस नंबर को डायल कर सकते हैं। सभापति महोदय, इसके साथ-साथ, जैसा कि आपको मालूम है, नशामुक्ति की दिशा में हमारी सरकार ने बहुत कदम उठाए हैं। हमारे केंद्रीय गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी ने इस विषय पर स्पेशल डिबेट भी करवाई थी। हमारा यह प्रण है कि हमारा देश भारत नशामुक्त होना चाहिए। इसीलिए, जो 372 संवेदनशील डिस्ट्रिक्ट्स घोषित किए गए हैं, उनके अंदर बहुत अच्छे तरीके से नशामुक्ति के लिए बहुत सी योजनाएं और बहुत से कार्यक्रम चल रहे हैं।

आदरणीय सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं आपसे डिजिटल इंडिया के बारे में भी कहना चाहती हूं। आज हम यह कह सकते हैं कि हमारा देश डिजिटल इंडिया के माध्यम से कैसे आगे बढ़ रहा है, कैसे जो भी सरकार की योजनाएं हैं, उनमें जो भी पैसा है, वह डायरेक्ट बेनिफेट ट्रांसफर के माध्यम से आम आदमी तक पहुंच रहा है।

सभापति महोदय, कांग्रेस पार्टी वालों को याद होगा कि इनके प्रधान मंत्री जी ने किसी समय यह बात कही थी कि हम लोग एक रुपया ऊपर से भेजते हैं, लेकिन नीचे तक आते-आते उसमें से केवल 15 पैसे बच पाते हैं। बीच में 85 पैसे कहां चले गए, इसके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन हमारी सरकार ने इसके लिए एक तरह का सिस्टम बनाया है। सभापति महोदय, आपने देखा होगा कि पिछले दिनों आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने किसान सम्मान निधि के तहत किस तरह से एक बटन दबाकर करोड़ों की संख्या में जो हमारे किसान भाई हैं, उनके पास पैसा

पहुंचाया है। इसके साथ-साथ हमारी 40 योजनाएं ऐसी हैं, जिनमें डीबीटी के माध्यम से गरीबों को उनका हक मिलता है।

सभापति महोदय, आज जापान, कनाडा, फ्रांस, ये सारे देश डिजिटल पेमेंट सिस्टम को अपनाना चाहते हैं। ये सारे देश प्रभावित हैं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने किस तरह से हिंदुस्तान के अंदर जो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर – डीबीटी सिस्टम है, उसके माध्यम से कैसे लाखों-करोड़ों लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहती हूं कि भारतनेट के माध्यम से 4जी हम लोग वर्ष 2016 में लेकर आए थे। 97 परसेंट एरिया के अंदर आज 4जी एविलेबल है। आज एक गांव का गरीब सरपंच, गांव का गरीब इंसान, गांव का गरीब किसान, ये सब 4जी के माध्यम से किसी न किसी तरीके से, केंद्र की योजनाओं और स्टेट की योजनाओं से जुड़े हुए हैं। सभापति महोदय, जो सुविधाएं किसी समय में केवल शहरों में मिलती थीं, आज गरीब से गरीब परिवार को वे सुविधाएं गांवों के अंदर भी मिलती हैं। मैं इसके साथ-साथ आपसे सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के बारे में कहना चाहती हूं। किसी समय में हमारी पूर्व की आदरणीय प्रधान मंत्री महोदया यह चाहती थीं कि यह सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री भारत के अंदर आए, लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हुईं। इसके बाद भी जितने प्रधानमंत्री आए, उन्होंने यह चाहा कि सेमीकंडक्टर की इंडस्ट्री भारत के अंदर आनी चाहिए, लेकिन कोई इसमें कामयाब नहीं हुआ। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी को इस बात के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ कि 40 साल से जो प्रयास चल रहा था, आज वह 40 वर्ष का प्रयास सफल हुआ है और अब सेमीकंडक्टर की इंडस्ट्री भारत के अंदर बनने लगी है।

महोदय, कुछ इंडस्ट्रीज मदर इंडस्ट्रीज होती हैं, जैसे कैमिकल इंडस्ट्री मदर इंडस्ट्री है, स्टील इंडस्ट्री मदर इंडस्ट्री है। इसी तरह से प्लास्टिक इंडस्ट्री भी मदर इंडस्ट्री है। इसी तरह से आजकल का जो डिजिटल सिस्टम है, उसी के तहत सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री मदर इंडस्ट्री है। जब मदर इंडस्ट्री हमारे इंडिया के अंदर आएगी तो आप समझ सकते हैं कि किस तरह से पूरे हिन्दुस्तान के अंदर एक अलग क्रान्ति आ जाएगी। मैं इस बात के लिए भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी

को बहुत-बहुत तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हूँ कि उन्होंने जिस तरह से हमारे देश के अंदर डिजिटल सिस्टम को भी आगे बढ़ाया है और इसके साथ-साथ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सभी पैसा अब डायरेक्ट हमारे किसान भाइयों के, मजदूर भाइयों के खाते में सीधा-सीधा जा रहा है, उसके लिए मैं उनको बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहती हूँ, निशिकांत जी ने बताया था कि बहुत सी पार्टियों ने मिलकर I.N.D.I.A बना लिया है, लेकिन मैं कहना चाहती हूँ कि यह बहुत समय तक नहीं रह पाएगा। जैसे हमारे आदरणीय एक मंत्री जी भी बता रहे थे कि जिन पार्टीज के बारे में कांग्रेस पार्टी ने सबसे ज्यादा गलत-सलत बोला, वही पार्टियाँ अब उनके साथ अलायन्स बनाए हुए हैं। मुझे लगता नहीं है कि बहुत ज्यादा समय तक इस तरह का जो यह एक घमंडिया गठबंधन बना है, इसके अंदर बहुत ज्यादा दिन तक ये लोग रह सकते हैं, क्योंकि यह कहा गया है कि मैंने विश्वास भी उसका किया है, खबर है मुझे कि यह टूटेगी जरूर, मगर थोड़ी देर लगेगी । मुझे लगता है कि बहुत ज्यादा समय तक यह गठबंधन रहने वाला नहीं है।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहती हूँ कि हमारी एक और योजना, जिसके तहत जो हमारे सिविल सर्वेंट्स हैं, जो हमारे ऑफिसर्स हैं, उनको कर्मयोगी कहा गया है, कि उनके माध्यम से किस तरह से हमारे जो ऑफिसर्स हैं, उनको यह शिक्षा दी गई है कि वे अपने आपको इस तरह से आगे बढ़ाएं ताकि वे देश की सेवा में अग्रसर हो सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार की तरफ से मिशन कर्मयोगी चलाया गया है और उसके तहत उन ऑफिसर्स के अंदर कौशल वृद्धि की जा रही है, उनको शिक्षण दिया जा रहा है, प्रोफेशनल सिस्टम के तहत वे काम कर सकें, उनको यह सिखाया जा रहा है, उनके अंदर लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो, यह बात उनको सिखायी जा रही है। प्रदर्शन आधारित उनको प्रोत्साहन दिया जाए। उनका दृष्टिकोण नागरिक केन्द्रित हो, क्योंकि जो ऑफिसर्स हैं, मुझे मालूम है कि ट्रेनिंग के बाद वे अपने आपको एक उस लेवल पर समझ लेते हैं, वे अपने आपको सोचते हैं कि तुम्हारा आम नागरिक के साथ अब किसी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं रहा। तुम एक कुर्सी पर बैठ गए, एयर कंडिशनर कमरों में बैठ गए, अब

यहाँ पर बैठकर तुम पॉलिसी बनाओ। माननीय प्रधानमंत्री जी की यह सोच है कि हमारे जो ये इस तरह के ऑफिसर्स हैं, उनको कर्मयोगी होना चाहिए । उनके अंदर यह भावना होनी चाहिए कि आप लोग जो अधिकारी बने हो, वह आम जनता की भलाई के लिए बने हो। यह एक ऐसा सिस्टम, एक मिशन कर्मयोगी चलाया गया है, इस मिशन कर्मयोगी के तहत उनको कई तरह के शिक्षण, कई तरह के प्रशिक्षण दिए जाएंगे, जिसमें उनका अंतर-विभागीय एक्सपोजर भी होगा। यह नहीं है कि कोई एक ऑफिसर एक डिपार्टमेंट में आ गया, तो सारी जिन्दगी वह उसी डिपार्टमेंट के अंदर निकाल देगा। महोदय, इसी के माध्यम से हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा जो हमारे अधिकारी हैं, वे इस चीज को समझें और अपने आपको आगे बढ़ाएं ।

महोदय, मैं इस बात के लिए प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं कि उन्होंने जिस तरह से देश की जनता में विश्वास बनाया है, मुझे नहीं लगता है कि उस विश्वास को कोई ठेस पहुंचा सकता है। विश्वास और प्रेम में एक प्रकार की समानता होती है। दोनों में से कोई भी जबरदस्ती पैदा नहीं किया जा सकता है। मैंने आपको बताया कि किस तरह से छोटे-छोटे, नन्हे-नन्हे बच्चे माननीय प्रधान मंत्री जी के चारों तरफ इकट्ठा हो गए और उन्होंने प्रधान मंत्री जी को गले से लगाया और कहा कि हम आपके साथ फोटो खिंचवाना चाहते हैं।

महोदय, इन्हीं बातों के साथ मैं इस प्रस्ताव का तेज गति के साथ, तीव्र गति के साथ विरोध करती हूं। मैं कहना चाहती हूं कि ये चाहे कुछ भी कर लें, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी का जो विश्वास जनता पर है और जनता का जो विश्वास माननीय प्रधान मंत्री जी पर है, उसे दुनिया की कोई ताकत तोड़ नहीं सकती है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद, जय भारत।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति जी, मेरा रूल 376 के तहत पॉइंट ऑफ ऑर्डर है।

महोदय, मैं आपका ध्यानाकर्षण करना चाहता हूं कि हमारे अरविंद सावंत जी के विचार व्यक्त करने के बाद सम्माननीय मंत्री जी ने जिन शब्दों से धमकी दी है, अपने स्वार्थ के लिए कई

पार्टियों से घूम कर आने के बाद हमें कहा,...*, ऐसे शब्दों में उन्होंने जो धमकी दी है, ये शब्द रिकार्ड से निकालने चाहिए।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं देख लूंगा। मैं रिकार्ड चैक कर लूंगा।

... (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** डॉ. थोल तिरुमावलवन जी।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

*DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Hon Chairman, Vanakkam. I support the No-Confidence Motion brought against the Council of Ministers led by Prime Minister Shri Narendra Modi. I got an opportunity to visit Manipur recently. As part of the Delegation of MPs of the I.N.D.I.A alliance that went to Manipur, I met the people who were staying in the relief camps. We met people belonging to both the Meitei and Kuki communities. The people whom we met shared with pain and agony the difficulties they had to face due to the violence in Manipur. Both the sides were affected. Women of both the communities have been affected. The people whom we met said that they have lost their trust and confidence on the State Government of Manipur and of the Union Government. Prime Minister has not uttered anything or condemned during the last 90 days on what has happened to us. The Chief Minister of Manipur has not even met us. Nobody has tied to console us. There was no solace. These were the true sentiments of people of both the Meitei and Kuki communities. Therefore at a time when the people of Manipur have lost confidence in the State Government of Manipur and of the Union Government, we the Opposition parties have lost confidence in the functioning of this Government. More than 150 persons have been killed there. Many number of women have been raped. Wife of a soldier who fought for India during Kargil* war, was even raped. That soldier, with lots of anguish shared his pain, that he could not protect his wife even though as a soldier he protected this country. His words have shaken the entire world. This is a

---

*...* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Tamil.

shameful incident to this country. This country has lost its confidence in the credibility of our Prime Minister. Thousands of houses have been torched in Manipur. More than 60,000 people are staying in the relief camps. It is so painful to say that the sons of this soil are living as refugees in their own land. This Government has to bow down with …[**]. Women were paraded naked and raped. This Government should have expressed its sadness on these incidents. After just condemning in one single sentence Prime Minister is not bothered much but continues to do his other works. Opposition parties have moved this Motion so as to force the Prime Minister to come to this House. Through this we come to know that the Government of this Day has lost its credibility. In an unprecedented manner, the weapons were stolen from the police armouries of Manipur Government. The State Government in Manipur states that the Meitei people have stolen these weapons. This is the statement made by the rulers of that State. There was no action taken by State Government of Manipur to get back the stolen weapons and to arrest the persons who were involved in such mischievous acts. We the MPs from the Opposition parties met the Governor of Manipur and stressed on the demands to be fulfilled. She assured us to bring those demands to the notice of the Union Government. But there was no action. Even today the people could not live safely in Manipur. Not only in Manipur, there were violent incidents against the people belonging to Islam. The properties of Muslims are being damaged

[**] Not recorded.

and looted. Some people are targeting Muslims and kill them. The supporters of Viswa Hindu Parishad and Bajrang Dal take open pledge to act against the minorities including Muslims and Christians. They even say that they are holding weapons only to destroy and kill Muslims and Christians with an aim to create Hindu Nation. Such a sorry state of affairs is taking place here in this country. This is the reality. Not only in Haryana, an RPF Constable who was on security duty in a running train, went in search of Muslims from one coach to another and shot them dead. That policeman had also shouted slogans in praise of Prime Minister Modi and wanting everyone to vote for him. Therefore what is taking place in the country? There is no security for the minorities. Particularly Christians and Muslims are living with fear. There is no security for Dalits and women. Women are living with a sense of fear in their minds throughout the country. They are afraid of everything. The whole country and the people have lost confidence and trust on this Government which is anti-dalit, anti-tribal, anti-minorities, anti-Christian, and anti-Muslim. Not only the minorities, the majority Hindus have also lost confidence in this Government. This Government has waived off Rs. 12 lakh Crore favouring the Corporate companies. At the same time, cooking gas used by the majority Hindus, the ordinary citizens of this country, has seen a price hike. Price of tomato is Rs 200 or Rs 300 per kg. majority Hindus are affected of this price rise. Therefore I am duty-bound to say this Government is not only against the minority communities but also against the interests of majority Hindus. Majority Hindus have voted Congress to power in Karnataka showing thumps down to BJP.

This BJP Government and the Council of Ministers led by Prime Minister Modi have lost our confidence. The vacancies meant for SCs, STs and OBCs have not been filled. The scholarship schemes meant for them are being stopped. The scholarships meant for students belonging to Muslim and Christian minorities have been stopped and which affects the student community and their education, at large. There are several backlog vacancies which remain unfilled. It is painful to say that there is no action taken by this Government to fill these vacancies. Therefore I welcome and support the No-Confidence Motion moved against this Union Government. I urge that Prime Minister should immediately resign taking moral responsibility for this entire debacle. Thank you.

**16.00 hrs**

**पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री किरेन रिजीजू):** सभापति महोदय, ऑपोजीशन पार्टी जो अविश्वास प्रस्ताव लायी है, उस पर बोलने के लिए आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, सरकार के पक्ष में और इस नो-कॉन्फिडेंस मोशन के विरोध में बोलने के लिए मैं खड़ा हूं। आज जो चर्चा हो रही है, एक तरीके से देखा जाए तो यह बहुत ही ऐतिहासिक है, क्योंकि इस नो-कॉन्फिडेंस को गिराने के बाद हम सभी लोग नए पार्लियामेंट बिल्डिंग में चले जाएंगे। इस पुराने संसद भवन में इस अविश्वास प्रस्ताव को गिराने का शायद यह आखिरी रिकॉर्ड दर्ज होगा, इसलिए विशेष रूप से, हम सब इस ऐतिहासिक पल को देख रहे हैं और इसके साक्षी बनकर इसमें भाग भी ले रहे हैं।

सर, जब भी कोई अविश्वास प्रस्ताव लाता है तो उसके कारण होते हैं। हम लोगों ने बहुत बार इस तरह के प्रस्ताव देखे हैं। यहां जो वरिष्ठ मेम्बर्स बैठे हैं, उन्होंने भी इस तरह के कई

अविश्वास प्रस्तावों को देखा है। लेकिन, मैं आपको और आपके माध्यम से सदन को और देश को भी यह याद दिलाना चाहता हूं कि अविश्वास प्रस्ताव कब लिया जाता है और किस परिस्थिति में लाया जाता है।

अक्सर, जब देश में कुछ ऐसे राजनीतिक हालात बन जाते हैं, जहां लगता है कि सरकार की जो संख्या है, उसमें कमी हो जाती है या देश को संचालित करने के लिए सरकार के पास वह ताकत नहीं रह जाती है और नेतृत्व कमज़ोर हो जाता है, कई परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, तब अविश्वास का प्रस्ताव लाया जाता है। लेकिन आज का जो अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस पार्टी लायी है, मैं यह मानता हूँ कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के जो लोग हैं, वे खुद ही बाद में पछताएंगे। I want to say on record that the opposition party will regret that this No-Confidence Motion is brought at a wrong time and in a very, very wrong manner.

सर, मैं यह इसलिए कह रहा हूँ कि आज परिस्थिति बिल्कुल उलटी है। आज भारत की छवि विश्व में बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रही है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का कद पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। सब यह मानते हैं कि आज भारत और भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरे विश्व को नेतृत्व दे सकते हैं। यह सभी मानते हैं। आज बड़े-बड़े देशों के लोग इंडिया में आते हैं, भारत में आ कर भारत के साथ काम करना चाहते हैं। इस वक्त जी 20 की अध्यक्षता भी भारत कर रहा है। हरेक राज्य में जी 20 की बैठक भी चल रही है। भारत के कोने-कोने में जितने लोग बसे हुए हैं, और भारत के बाहर भी जितने भारतीय लोग हैं, वे यह मानते हैं कि नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व इस देश को वर्ष 2047 में पूर्ण रूप से एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। ऐसे समय में मोदी जी और इस सरकार का साथ देने की जगह ये उलटा अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं। इसलिए मैं कह रहा हूँ कि कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी और विपक्ष आगे जा कर पछताएगा कि कितने गलत समय और गलत तरीके से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

सर, वर्ष 2004 से इस सदन का सदस्य होने के नाते मैंने कुछ दृश्य देखे हैं। जब हम लोग वहां पर ऑपोज़िशन के रूप में बैठते थे, कांग्रेस पार्टी वर्ष 2004 में 145 सीट्स जीत कर आई थी

और भारतीय जनता पार्टी के पास 138 सीटें थीं, सिर्फ 7 सीटों का फर्क था। 14वीं लोक सभा में कम्युनिस्ट पार्टी, जो टोटल लेफ्ट फ्रंट है, उनकी संख्या 63 थी और लेफ्ट फ्रंट के सपोर्ट से कांग्रेस ने यूपीए-1 सरकार बनाई थी। उस समय हमने बहुत कुछ देखा है। आज ये हमें कहते हैं कि हम अपने एनडीए में शामिल दलों को पूछते नहीं हैं, इज्जत नहीं देते हैं। जबकि हमने यह दृश्य देखा है कि यहां कांग्रेस के जो वरिष्ठ बैठते थे, उनके पास 145 सीटें होने के बावजूद भी उनका व्यवहार ऐसा था कि जैसे उसके पास 450 सीटों से भी ऊपर हैं। जब कम्युनिस्ट पार्टी वहां से ऑब्जेक्शन करती थी, तब कांग्रेस कम्युनिस्ट पार्टी की इनसल्ट करती थी कि तुमको जो बोलना है, बोलते रहो, हमको जो करना है, वही हम करेंगे। आज टीएमसी के जितने सदस्य यहां पर बैठे हैं, मैं उनको याद दिलाना चाहता हूँ कि उस समय टीएमसी की नेत्री सुश्री ममता बनर्जी अकेली जीत कर आई थीं। जिस सीट पर अभी महताब जी बैठे हैं, वहां ममता जी बैठी थीं, और उन्होंने अपनी कुछ बात रखने के लिए कागज़ स्पीकर की तरफ भेजा था और बोलने के लिए कोशिश भी की थी, मगर उस समय लेफ्ट फ्रंट ने हाइएस्ट 63 सीट्स जीती थीं, उसने फिज़िकली ममता जी को बोलने नहीं दिया। यहां तक कि जब ममता जी ने बार-बार बोलने की कोशिश की, नोक-झोंक हुई, मुझे आज भी वह दृश्य याद है कि कम्युनिस्ट पार्टी पूरी तरह से ममता जी के ऊपर फिज़िकली टूट पड़ी थी।

सौभाग्य से मैं और हमारी पार्टी के कुछ सदस्य वहां सामने बैठे थे। हम लोग बिल्कुल आगे कूद गए और वहां जाकर उनको फिजिकली रोका। हमने उनको बोला कि संख्या बल के आधार आप लोग एक महिला सांसद पर इस तरह से अटैक नहीं कर सकते। आज ममता जी शायद इसे याद नहीं करती होंगी। अभी टीएमसी वालों की संख्या थोड़ी बढ़ गई है, इसलिए शायद उनके व्यवहार भी बदल गए हैं और उनकी भाषा भी बदल चुकी है। लेकिन, हम लोग ऐसी चीजों को भूलते नहीं हैं।

सर, आज देश इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, दुनिया की जितनी भी आर्थिक शक्ति है, जो बड़ी इकोनॉमी है, उनमें सबसे फास्टेस्ट ग्रोइंग बिग इकोनॉमी में इंडिया नंबर वन है। चाहे आप हमें पसंद न करें, आप भारतीय जनता पार्टी के आइडियोलॉजी को सपोर्ट न करें, प्रधानमंत्री मोदी जी

को पसंद न करें, लेकिन जब देश तरक्की कर रहा है, भारत आगे बढ़ रहा है, तो भारत के नाम से आपको साथ देना चाहिए । आपके द्वारा 'इंडिया' नाम रखने से कुछ नहीं होता है। आप भारत के विरूद्ध काम करेंगे और नाम 'इंडिया' रखेंगे, इसे हमारे देश के लोग देख रहे हैं। आप लोगों का गुमराह करने का जो तरीका है, उस बहकावे में कोई नहीं आने वाला है।

सर, मैं यहां पर कुछ तथ्य रखना चाहता हूं। आज गौरव जी ने नॉर्थ-ईस्ट और मणिपुर से अपनी बात शुरू की, इसलिए मैं भी कुछ बातें वहीं से शुरू करता हूं। वर्ष 2014 में मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री बने। उसके पहले की परिस्थिति को भी हमें समझना चाहिए। हम इस सदन में पीछे बैठ कर और गला फाड़-फाड़ कर रिक्वेस्ट करते थे। उस समय हम लोग यूपीए सरकार से हाथ जोड़ कर मांग करते थे कि कभी-कभी आप नॉर्थ-ईस्ट की तरफ भी ध्यान दीजिए। कभी आप समय निकाल कर नॉर्थ-ईस्ट की तरफ भी देखिए । उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी लोक सभा से नहीं आए थे। वह असम कोटे से राज्य सभा के सदस्य बने थे। वह दो बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन कभी भी विकास के नाम पर वहां का दौरा नहीं किया। वह एक-दो बार औपचारिक कार्यक्रम के लिए गए होंगे, लेकिन कभी भी हमारे नॉर्थ-ईस्ट के सांसदों और मुख्यमंत्रियों के साथ बैठ कर वहां के बारे में चर्चा नहीं की । आज आप लोग मणिपुर और नॉर्थ-ईस्ट का नाम लेकर बार-बार बोल रहे हैं। काश, आप लोग वर्ष 2014 के पहले की परिस्थिति को याद करते तो नॉर्थ-ईस्ट का नाम आपको अपनी जुबान पर लेने के लिए नहीं सोचना पड़ता। लेकिन, आप लोग भूतकाल में जाना नहीं जाना चाहते हैं। आप ऐसे ही राजनीति बयानबाजी में देश को गुमराह करना चाहते हैं।

**<u>16.13 hrs</u>** (Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair*)

महोदय, नॉर्थ-ईस्ट के जो राज्य हैं, वे पॉपुलेशन की दृष्टि से बहुत बड़े नहीं होते हैं। पॉपुलेशन के हिसाब से हमारे यहां के मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट की संख्या भी कम है। जब कांग्रेस पार्टी के चीफ मिनिस्टर का कॉन्फ्रेंस होता था और उसमें नॉर्थ-ईस्ट के चीफ मिनिस्टर भाषण देते थे, तो उस समय कांग्रेस के जो वरिष्ठ नेता थे, वे कहते थे कि नॉर्थ-ईस्ट के चीफ मिनिस्टर के पास

एमपी कम है, इसलिए आपको कम बोलना चाहिए। मेरे प्रदेश के मुख्यमंत्री सिर्फ दो ही मिनट भाषण कर पाते थे। कांग्रेस के सारे वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि अब आप मत बोलिए, आप अपनी बात खत्म कीजिए। आपका स्टेट छोटा है, इसलिए आपको कम बोलना चाहिए।

महोदय, आज मैं फ़ख्र के साथ कहना चाहता हूं कि मैं अपने अरुणाचल प्रदेश से पहली बार कैबिनेट मिनिस्टर बना हूं। इतने सालों के बाद, अभी की सरकार में नॉर्थ-ईस्ट से दो कैबिनेट मंत्री और पाँच राज्य मंत्री हैं। इस देश का मैं पहला ट्राइबल लॉ मिनिस्टर भी बना। किसी को इसे डेकोरेटिव एक्शन नहीं समझना चाहिए। मैं माइनॉरिटी से हूं, लेकिन मोदी जी ने मुझे माइनॉरिटी और कमजोर सोचने का मौका ही नहीं दिया। आज हम जहां खड़े हैं, अगर मैं अरुणाचल प्रदेश में खड़ा हूं, मणिपुर में खड़ा हूं, जहां भी खड़ा हूं, उसी जगह इंडिया की मेन स्ट्रीम बन जाती है।

पहले लोग कहते थे कि आप लोग मेन स्ट्रीम में जुड़िए। आज भारत का हर एक हिस्सा देश का मेन स्ट्रीम बन चुका है। इसलिए, आप लोगों को कुछ कहने से पहले सोचना पड़ेगा। आप लोगों ने नार्थ-ईस्ट के बारे में, खासकर मणिपुर के बारे में बहुत जिक्र किया। आज मणिपुर के अंदर संघर्ष हो रहे हैं। वहां मैतेई कम्युनिटी, चीन कुकीज़ और मार कम्युनिटी के बीच जो संघर्ष चल रहे हैं, आप ऐसा मत सोचिए कि आज उसकी चिंगारी अचानक से उत्पन्न हुई है। आप ऐसा मत सोचिए। वर्षों से आपने नेगलीजेंस किया, वर्षों से आपने नार्थ-ईस्ट को अपने पर मरने के लिए छोड़ दिया, हैंडहोल्डिंग करने के लिए आपने नहीं सोचा, यह उसी का नतीजा है। मैं आज वायलेंस को लेकर पूरी डिटेल में नहीं कहूंगा, क्योंकि गृह मंत्री जी जब इंटरवेंशन करेंगे तो स्पेसिफिकली वे इस बात को कहेंगे। मैं सिर्फ ऊपर की परिस्थिति बताना चाहता हूं। मणिपुर के अंदर हमारे देश में सबसे ज्यादा मिलिटेंसी के आर्गनाइजेशन्स उत्पन्न हुए। आपको यह समझना पड़ेगा, वर्ष 2014 के बाद, मोदी जी जब इस देश के प्रधान मंत्री की कुर्सी पर बैठे, उसके बाद पूरे नार्थ-ईस्ट में कोई नया मिलिटेंसी गुट खड़ा नहीं हुआ। मैं आपको नार्थ-ईस्ट के अंदर इनकी टोटल संख्या बताता हूं। पिछले 9 सालों के अंदर 8 हजार से ज्यादा मिलिटेंट आर्गनाइजेशन में काम करने वाले लोग बन्दूक के साथ सरेंडर कर चुके हैं। सरेंडरिंग ऑफ दी मिलिटेंट्स में 800 प्रतिशत इनक्रीज हुआ है।

किडनैपिंग की जो घटनायें होती थीं, उनमें 81 पर्सेंट कमी आई है। मिलिटेंट्स के एक्शन के द्वारा जो सिविलियन्स मारे जाते थे, उसमें 97 पर्सेंट की गिरावट आई है। सिक्योरिटी पर्सन, जो ऑपरेशन करते थे, उसमें लोग मारे जाते थे, ऐसे मृतकों की संख्या में 90 पर्सेंट की कमी आई है। इनसर्जेंसी के टोटल इंसीडेंट में 76 पर्सेंट की कमी आई है। वर्ष 1958 में जब नार्थ-ईस्ट में मिलिटेंसी उत्पन्न हुई, उसको नियंत्रण करने के लिए आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स एक्ट को आप लोगों ने इस सदन में पारित करके लागू किया था। आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि अफस्पा के टोटल कवरेज एरिया में 75 पर्सेंट का रिडक्शन हुआ है।

मैं जिस प्रदेश से आता हूं, हमारे असम और अरुणाचल की पूरी बाउंड्री का 20 किलोमीटर अरुणाचल साइड, 20 किलोमीटर असम साइड में आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स एक्ट को लागू किया था। अरुणाचल प्रदेश और असम का जो सीमावर्ती इलाका है, वहां से आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स एक्ट हटा दिया गया है। सिर्फ हमारे अरुणाचल के पूर्व के जो तीन जिले हैं, जो नागालैंड और म्यांमार से जुड़ा हुआ है, वहां पर कुछ पुलिस स्टेशन्स बचे हुए हैं, बाकी सब हटा दिया गया है। असम में अब अफस्पा नहीं है, त्रिपुरा में अफस्पा नहीं है, मिजोरम में अफस्पा नहीं है, सिक्किम में पहले से नहीं था। अब सिर्फ नागालैंड और मणिपुर के कुछ जिलों में यह बचा है। आप जब मणिपुर और नार्थ-ईस्ट के बारे में बोलते हैं तो थोड़ा सा अध्ययन करना आवश्यक है, वरना इस देश की महान संसद में बैठकर गलत बयानबाजी करने से गलत मैसेज जाता है। देश को गुमराह करने से आपको क्या फायदा है? आखिर हम इस महान सदन के सदस्य हैं। हमें जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। जब एनडीए की फर्स्ट टर्म की सरकार बनी, मैं उसी समय से मोदी जी के साथ मंत्रिमंडल में काम कर रहा हूं। पहली ही बैठक में प्रधान मंत्री जी ने एक ग्रुप बनाया और कहा कि हर 15 दिन में 5 कैबिनेट मंत्री और 7 राज्य मंत्री को नार्थ-ईस्ट का दौरा करना है। यह दौरा अभी भी चल रहा है। यहां अभी जितने भी मंत्री बैठे हैं, सभी ने लगातार वहां का दौरा किया है। यह दौरा केवल प्रदेश की राजधानी तक ही सीमित नहीं है, दूरदराज के गांवों तक

दौरा होता है और लोगों के साथ वार्तालाप करते हैं। यही नहीं, अधिकारियों को भी प्रधानमंत्री जी ने डॉयरेक्शन दिया है, सेक्रेटरी लेवल से लेकर ज्वाइंट सेक्रेटरी या डायरेक्टर लेवल के अधिकारी, जो भारत सरकार के अंदर काम करते हैं, उनको नार्थ ईस्ट जाने का निर्देश दिया कि उन्हें लोगों से मिलना चाहिए, दिल्ली से हुकूमत करने का कोई मतलब नहीं होता है। जन जन सेवा और जन भावनाओं को समझते हुए काम करने से हम लोगों तक पहुंच पाते हैं।

आप लोगों ने पिछले 66 सालों में ऐसा कुछ सोचा ही नहीं। आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी जी ने नार्थ ईस्ट के आठ राज्यों के साथ दिल से दिल को जोड़ते हुए आज लोगों का विश्वास जीता है। यही प्रधानमंत्री जी का सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास है। कल ही प्रधानमंत्री जी ने सभी को लेकर एक टीम बनाकर कहा कि हम नार्थ ईस्ट को एक नए डेवलपमेंट फेज में ले जाएंगे। नार्थ ईस्ट इंडिया का एक ग्रोथ इंजन बनेगा और इंडिया के सपने को पूरा करने में नार्थ ईस्ट का भी बड़ा योगदान होगा।

मैं 2004 में एमपी बना, उसके पहले मैं दिल्ली विश्वविद्यालय में एक स्टूडेंट था और एक छात्र के रूप में पढ़ता था। उस समय लोग दिल्ली में नार्थ ईस्ट के बारे में जयादा जानते नहीं थे। उस समय परिस्थिति बहुत खराब थी। मुझसे पूछते थे कि मैं कहां से हूं। मैं बताता था कि मैं अरूणाचल प्रदेश से हूं तो उन्हें नहीं पता चलता था कि अरूणाचल प्रदेश कहां है?

मैं जब पहली बार चुनाव जीत कर संसद में आया तो मेंबर ऑफ पार्लियामेंट पूछते थे कि अरूणाचल प्रदेश किधर है? यह हालत थी । उस समय केन्द्र के मंत्री से पूछेंगे कि नार्थ ईस्ट में कितने स्टेट्स हैं तो वह 8 स्टेट्स का नाम भी नहीं बता पाएंगे। जब मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी की ऐसी हालत है तो आम जनता जो सड़क, मार्केट और गांव में रहती है, उसके बारे में कैसे पता चलेगा? जो सरकार को संचालित करते हैं उनको ही नहीं पता था। उस समय नार्थ ईस्ट के बच्चों के साथ  कुछ घटनाएं होती थीं तो उस समय परिस्थिति बहुत गंभीर थी ।

सभापति महोदय, आपको भी अच्छी तरह से मालूम है। पसर्नल झगड़ा किसी दो व्यक्ति के बीच हो सकता है, इसके लिए मैं मना नहीं करता हूं। नार्थ ईस्ट के बच्चों से भी अगर गलती हो

जाती है तो मैं मना नहीं कर सकता हूं, गलती होती होगी, जिसकी गलती है उसको सजा देंगे। लेकिन प्रोफाइलिंग या रेशिएल डिस्क्रीमिनेशन की बात होती थी।

उस समय दिल्ली और बड़े शहरों के कॉलेजों में जो बच्चे पढ़ते थे, उनके साथ बड़ा जुल्म होता था। उसको ठीक करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। देश की राजधानी में नार्थ ईस्ट के कई बच्चों के साथ जुल्म हुआ, कई लोगों को मार दिया गया। मारने के बाद केस को भी रफा-दफा कर देते हैं।

लेकिन 2014 के बाद कहानी बदल गई। वर्ष 2014 में राजनाथ सिंह जी गृह मंत्री थे। मैंने गृह राज्य मंत्री के रूप में काम किया। हम लोगों को पूरा याद है, आजादी के बाद पहली बार तीन दिन तक डीजी कॉन्फ्रेंस गुवाहाटी में हुई थी। इसी मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री जी ने निर्देश दिया कि मेट्रोपोलिटन पुलिस उनके साथ अच्छा व्यवहार करे और उनको सुरक्षा प्रदान करे। इसके बारे में एक बात रखी, उसके बाद दिल्ली पुलिस के अंदर हम लोगों ने एक स्पेशल व्यवस्था करायी।

नार्थ ईस्ट के आठ राज्यों से लगभग एक हजार लोगों को दिल्ली पुलिस में भर्ती कराया। आज दिल्ली पुलिस के हरेक पुलिस स्टेशन में नार्थ ईस्ट के लड़के-लड़कियां तैनात हैं। स्पेशल पुलिस फोर्स नार्थ ईस्टर्न रीजन के नाम से अलग से एक ऑफिस खड़ा किया। ज्वाइंट कमिशनर ऑफ पुलिस रैंक के ऑफिसर को दायित्व दिया। पिछले नौ सालों में नार्थ ईस्ट के लोगों के साथ कोई बड़ी घटना हुई है, ऐसा आपने सुना नहीं होगा। यह होता है नार्थ ईस्ट के लोगों के लिए प्यार। आप क्या बात करते हैं? नार्थ ईस्ट के बारे में एक एमपी अभी बोल रहे थे, अपने रीजन के बारे में इतना अच्छा काम प्रधानमंत्री जी करते हैं। कम से कम एक सेन्टेंस में उनको धन्यवाद बोल सकते थे। राजनीति में इतना भी नहीं डूब जाना चाहिए कि अंधे बन जाएं। जो अच्छा काम हुआ है, कम से कम उसका तो जिक्र करना चाहिए।

मैं बहुत शार्ट में बोल रहा हूं। नार्थ-ईस्ट की यूनिवर्सिटीज़, कॉलेजों और देश की यूनिवर्सिटीज़ और कॉलेजों के बीच में युवा संगम कार्यक्रम चल रहा है। यहां से बच्चे स्पेशल ट्रेन से नॉर्थ-ईस्ट जाते हैं और नॉर्थ-ईस्ट के बच्चे अलग-अलग यूनिवर्सिटीज़ में जाते हैं और विचारों का

आदान-प्रदान करते हैं। वे एक-दूसरे के लिए अच्छी भावना रखकर मोहब्बत से एक्सपोज़र ट्रिप करते हैं कि कैसे हम एक साथ जी सकते हैं, कैसे देश को मजबूत बना सकते हैं। इस बारे में अच्छी चर्चा हो रही है, मैंने रिपोर्ट भी दी है। आज युवा संगम कार्यक्रम अच्छी तरह से चल रहा है।

महोदय, इंटीग्रेशन यानी देश को एकजुट रखने के लिए, माननीय मोदी जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' सपने को पूरा करने के लिए बहुत से कार्यक्रम चल रहे हैं। चाहे तमिल संगम का प्रोग्राम हो, चाहे नार्थ-ईस्ट को गुजरात से जोड़ने के लिए रुकमणी, श्री कृष्ण स्वयंवर की रचना का हर साल होने वाला माधवपुर मेला हो, ऐसे कितने ही कार्यक्रम हो रहे हैं। आज मैं इस महान् सदन में बताना चाहता हूं कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद आज नार्थ-ईस्ट के सारे लोग महसूस करते हैं और नार्थ-ईस्ट का हर एक जन प्राउडली और फख्र के साथ कहता है कि मैं भारतवासी हूं। आप बाए टेक्नीकल, बाए डेफिनेशन तो कहते हैं कि हम भारत के हैं, लेकिन आपने इससे जोड़ने के लिए काम किया ही नहीं है।

वर्ष 1962 में चीन का आक्रमण हुआ । चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में आक्रमण किया, उस समय अरुणाचल प्रदेश का नाम नेफा था। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी, हमारे नेता ने सदन में कहा कि नार्थ-ईस्ट को बचाने के लिए क्या-क्या काम करना चाहिए। उसके बाद नेहरू जी ने क्या कहा था, आपको तो मालूम ही है। हम तो आज भी मानते हैं, वर्ष 1962 में मेरा तो जन्म नहीं हुआ था, लेकिन जो हिस्ट्री है, जो रिकॉर्ड है और जो लोग बताते हैं, रिकॉर्ड तो सबके पास है, ऑल इंडिया रेडियो पर नेहरू जी ने क्या-क्या बातें कही थीं, सबको मालूम है। जब पूरे पश्चिम अरुणाचल प्रदेश को चीन ने कैप्चर कर लिया, असम पहुंच गया, मिसामारी पहुंच गया, तब नेहरू जी ने ऑल इंडिया रेडियो पर एक संदेश भेजा । संदेश में कहा - "My heart goes out to the people of Assam." नेफा असम का हिस्सा था। इसका मतलब है कि मैं कुछ नहीं कर सकता हूं, प्रधान मंत्री जरूर हूं लेकिन आप लोगों के प्रति मेरे मन में दु:ख है, लेकिन मैं क्या कर सकता हूं? जबकि माननीय प्रधान मंत्री जी को उस समय कहना चाहिए था कि आप चिंता मत

करिए, एक-एक इंच हम वापस लाएंगे, आप चिंता मत करिए, हमारी इंडियन फोर्सिस आपको बचाएंगी।

**माननीय सभापति :** हाउस में बाद में रिजॉल्यूशन आया था।

… (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजीजू:** माननीय सभापति जी, आपको याद है कि हाउस में बाद में रिजाल्यूशन आया था। पिछले दो-तीन साल में आप लोग बार-बार बोलते हैं कि अरुणाचल प्रदेश में चीन घुस गया, वहां गांव बसा लिया। मैं ऐसा कोई शब्द इस्तेमाल नहीं करना चाहता हूं, लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि वर्ष 1959 में जिस जगह चीन ने कब्जा कर लिया था, असम राइफल वहां डिप्लाएड थी। वर्ष 1959 में, वर्ष 1962 से पहले जिस जगह कैप्चर किया था, उसी जगह पर पीएलए ने गांव बसा रखा है और इसे वर्ष 1959 में कांग्रेस ने दान में दिया था और आप हम लोगों को कहते हैं? यह पाप है। … (व्यवधान) यह बहुत ही सीरियस चीज है। यहां हल्का-फुल्का कह देते हैं कि चाइनीज़ घुस गए और घर बसा लिया।

महोदय, यहां राहुल गांधी जी और कांग्रेस के जितने भी लोग हैं, जो मेरी बात से सहमत नहीं हैं, मैं सबको कहना चाहता हूं कि मानसून सेशन खत्म होने के तुरंत बाद आप सबको मेरे साथ अरुणाचल प्रदेश जाना है। एक-एक इंच मैं आपको लेकर दिखाऊंगा। किसी बदमाश पत्रकार ने कुछ छपवा दिया और आप लोग उसी बात को बार-बार बजा रहे हैं। आपको इस तरह की बातें करने से पहले सोचना चाहिए कि देशहित में क्या है और क्या नहीं है? इतनी तो गंभीरता सभी में होनी चाहिए। यह तो अपेक्षित है।

सभापति जी, मैं आज आपको एक बात बताना चाहता हूं, जो आपको भी अच्छी नहीं लगेगी। वर्ष 2014 में गृह राज्य मंत्री के रूप में मैं गुंजी गया था। श्री राजनाथ सिंह जी की परमिशन से मैं वहां गया। गुंजी उत्तराखंड, नेपाल और तिब्बत एरिया का ट्राई-जंक्शन एरिया है। जब मैं वहां गया, तो वहां लोकल आदमी केवल दो-चार बचे थे। हमारी फोर्स के लोगों से जब मैंने पूछा कि लोकल लोग कहां चले गए, तो उन्होंने बताया कि लोकल लोग तो नीचे, प्लेन्स में चले गए हैं। वे

एक बार नीचे गए तो गए, वापस नहीं आते हैं, क्योंकि 18 दिन पैदल चलना पड़ता था। हमारे यहां एसएसबी, आईटीबीपी, आर्मी की जितनी भी फोर्सेज थीं, उनके हाथ में मोबाइल तो थे, लेकिन वे सिम कार्ड नेपाल का यूज करते थे। आप जरा इस बात को सोचिए कि वे नेपाल का सिम कार्ड यूज करते थे । नेपाल हमारा पड़ोसी देश है। हम दुश्मन नहीं हैं, लेकिन नेपाल के सिम कार्ड को हमारी फोर्सेज यूज करती थीं। जब मैं वापस आया तो आते ही मैंने श्री राजनाथ सिंह जी को यह कहानी बताई। उसके बाद आज मैं बहुत ही गर्व के साथ कह सकता हूं कि वर्ष 2014 में जो हालत थी, उसकी कहानी अब बदल चुकी है। अब देहरादून जाने की जरूरत नहीं है। आज आप सीधे दिल्ली से धारचुला, गुंजी से लिपुलेख तक गाड़ी से पहुंच रहे हैं। 9 साल के भीतर इतना बड़ा बदलाव हुआ है। पूरे अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख, कश्मीर तक बॉर्डर एरियाज में अब ऐसा कोई मेजर बॉर्डर नहीं रह गया है, जहां गाड़ी नहीं पहुंचती है। उस समय हर-एक बॉर्डर पॉइंट पर हम लोगों को पैदल जाना पड़ता था। हमारी फोर्सेज के लोग, जो बॉर्डर पर पैट्रोलिंग करते हैं, वे भी तीन-चार दिन लंबी पैट्रोलिंग करते थे। विंटर में तो बर्फ के कारण जा ही नहीं सकते थे। आज बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से जितनी रोड्स और ब्रिजेज़ को बनाया गया है, अगर मैं गिनती करके यहां बताऊंगा, तो मेरा सारा भाषण देने का समय गिनती करने में ही चला जाएगा। अत: मैं बाद में फोटो के साथ सारी डिटेल्स कांग्रेस के एमपीज को भेज दूंगा, ताकि वे समझ सकें कि इन 9 सालों में कितनी तरक्की हुई है। पिछले 9 सालों में 5 लाख करोड़ रुपये का टोटल बजटरी सपोर्ट भारत सरकार की 54 सेंट्रल गवर्नमेंट मिनिस्ट्रीज की ओर से नॉर्थ-ईस्ट को दिया गया है, जो 233 प्रतिशत इंक्रीज है। यह कोई छोटा-मोटा इंक्रीज नहीं है। 1 परसेंट, 2 परसेंट, 100 परसेंट नहीं, 233 परसेंट बजटरी सपोर्ट का एक्सपेंडिचर 9 सालों के अंदर हुआ है।

महोदय, इसके बाद रोड्स के बारे में अगर मैं कहूं, तो नॉर्थ-ईस्ट की तस्वीर लगभग बदल चुकी है। मैं जब इस सदन में आया था तो एक भी डिस्ट्रिक्ट में डबल लेन नहीं था। वर्ष 2014 में हमारे अरुणाचल प्रदेश में एक भी डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर में डबल लेन रास्ता नहीं था। 9 सालों के भीतर आज हर-एक डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर 100 परसेंट डबल लेन रोड से कनेक्ट हो चुका है। यह

दर्शाता है कि सरकार यदि चाहेगी और प्रधान मंत्री की इच्छा-शक्ति हो, तो वह काम कर सकती है, जिसे प्रूफ करके दिखाया जा चुका है। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 41 हजार 746 किमी रास्ता 26,226 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। इस वक्त 1.6 लाख करोड़ रुपये का रोड का काम चल रहा है। बाकी अन्य बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स, जैसे कि ढोला-सादिया, अटल सेतु आदि हैं, जिनका मैं नाम अभी नहीं लेना चाहता हूं, क्योंकि दूसरे विषयों पर भी मुझे अभी बोलना है, इसलिए मैं स्किप करना चाहता हूं। अभी जो वाइब्रेंट विलेज का प्रोग्राम है, जिसे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने डिक्लेयर किया तथा गृह मंत्री अमित शाह जी हमारे अरुणाचल प्रदेश में सबसे दूर वाले गांव में जाकर पूरे दो दिन रुके, रात गुजारी तथा वहां से लाँच किया। उस वाइब्रेंट विलेज के तहत अब सारा बॉर्डर एरिया, जिसे आपने 66 सालों के शासन का मौका मिलने के बावजूद छोड़ दिया, आज नॉर्थ-ईस्ट के सारे गांव तथा चीन बॉर्डर में लद्दाख कश्मीर तक 100 परसेंट 4 जी नेटवर्क देने का कार्यक्रम लगभग अंतिम छोर पर है। अब 6-7 महीने में वह 100 परसेंट हो जाएगा और वह चुनाव से पहले हो जाएगा। … (व्यवधान) राजा जी, आप टेलीकॉम मंत्री थे, मैं आपको अभी बताऊंगा कि आपने नार्थ-ईस्ट के कौन-से गाँव में टेलीकॉम टॉवर लगाए हैं। आप उसके बारे में नहीं बोल पाएंगे, इसलिए आप चुपचाप सुनिए। … (व्यवधान)

**SHRI A. RAJA:** Hon. Minister, because of me, tele-density had gone up to 100 per cent.

**SHRI KIREN RIJIJU:** But not a single village was connected. What is the point in it? … (*Interruptions*) Now, it is happening…. (*Interruptions*)

**SHRI A. RAJA:** You are from the North East. Please come to Manipur. … (*Interruptions*)

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN**

**RAM MEGHWAL):** Manipur is not a core issue. The hon. Home Minister will reply on that issue. … (*Interruptions*) He is speaking on the No-Confidence Motion. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON :** Hon. Minister, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

**SHRI ARJUN RAM MEGHWAL:** He is speaking on the No-Confidence Motion.

**SHRI A. RAJA:** If you are having political honesty towards North-East, please speak on Manipur. … (*Interruptions*)

**SHRI ARJUN RAM MEGHWAL:** No, it is about the Motion of No-Confidence in the Council of Ministers. Read the subject. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Mr. Minister, please address the Chair.

**श्री किरेन रिजीजू:** सर, ये वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन उत्तेजित होकर बैठे हुए हैं।

**HON. CHAIRPERSON:** My request is, do not get distracted. Stick to your point and speak.

**SHRI KIREN RIJIJU:** He is saying, talk about today's No-Confidence Motion. His partner M.P., who spoke as an initiator, devoted fifty per cent of his speech to North East. Fifty per cent of his speech was devoted to North East. … (*Interruptions*) I have to respond. Otherwise, what is the meaning of making all these wild allegations and no clarifications.

**HON. CHAIRPERSON:** Please address the Chair.

**श्री किरेन रिजीजू:** सर, इनको कांग्रेस पार्टी पर नाराज होना चाहिए, क्योंकि उस समय कांग्रेस पार्टी ने इन पर एक्शन लिया था, लेकिन ये हम लोगों पर नाराज हो रहे हैं। … (व्यवधान)

सर, वर्ष 2014 से पहले नार्थ-ईस्ट में टोटल 9 एयरपोर्ट्स थे।

**माननीय सभापति:** आप इसके बारे में बोल चुके हैं।

**श्री किरेन रिजीजू:** सर, 9 सालों के अंदर इसकी संख्या 17 हो चुकी है। उससे पहले गुवाहाटी एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट था। आज नार्थ-ईस्ट में चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स बन चुके हैं।

सर, इसके बाद एक वाटरवेज का विषय है। नार्थ-ईस्ट में ब्रह्मपुत्र जैसी और भी बड़ी-बड़ी नदियां हैं। वाटर को हमारा एक साधन बनाने के लिए नेशनल वाटरवेज का जो कार्यक्रम है, वर्ष 2014 के पहले इन्होंने इसके बारे में कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन वर्ष 2014 के बाद नार्थ-ईस्ट के अंदर 20 नेशनल वाटरवेज बन चुके हैं।

सर, एजुकेशन के क्षेत्र में पिछले 9 सालों के अंदर टोटल 843 नये स्कूल्स खोले गए हैं। 20 लाख टीचर्स की अपस्किलिंग हुई है। उसके लिए 21,151 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। कई नाम और स्कीम्स हैं, मैं उनको स्किप कर रहा हूं।

सर, अभी हाल में माननीय प्रधान मंत्री जी ने 14 अप्रैल, 2023 को ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गुवाहाटी, जो 1,123 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है, उसका उद्घाटन किया। 18 कैंसर हॉस्पिटल्स सैंक्शन्स किए गए हैं। Seven cancer hospitals have been inaugurated. सात अभी अंडर कंस्ट्रक्शन हैं।

सर, 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत नार्थ-ईस्ट में 4,460 सेंटर्स कम्प्लीट हो गए हैं, जिनमें अभी ऑलरेडी काम चल रहा है। 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और ट्राइलैटरल हाइवे प्रोजेक्ट है, जो नार्थ-ईस्ट को पूरे साउथ-ईस्ट एशिया के साथ जोड़ेंगे। उस पर भी फुल स्पीड के साथ काम चल रहा है। 'इंडिया-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन', जो 377 करोड़ रुपये की लागत से बनायी गयी है, उसका भी उद्घाटन हो चुका है। मैं आपको पावर और एनर्जी की दृष्टि से बताऊं, तो आने वाले दिनों में हाइड्रो पावर में नॉर्थ-ईस्ट इंडिया का एक मेजर हब बनने वाला है। आने वाले कुछ महीनों में इंडिया का जो सबसे बड़ा सुबनसिरी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट है, जो कि 2,000 मेगावाट का है, वह कई सालों से लंबित था,

काम नहीं चल रहा था, बंद पड़ा था, हड़ताल चल रही थी, लेकिन अब वह चालू हो गया है। इसी साल आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के शुभ हाथों से उसका उद्घाटन होने वाला है।

महोदय, मैं अब दूसरे विषय पर शिफ्ट करना चाहता हूं। आपने मणिपुर का जिक्र किया है, तो मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि गृह मंत्री जी विस्तार से आपको बताएंगे। अब मैं नार्थ-ईस्ट से हटकर दूसरे विषय पर बोलना चाहूंगा, ताकि मैं आपके सामने एक परिप्रेक्ष्य रख सकूं। मैं 'स्पेस' के बारे में एक-दो शब्द कहना चाहता हूं। आम आदमी को 'स्पेस' का फायदा तो मिलता है, लेकिन वह उससे सीधे-सीधे नहीं जुड़ता है। चंद्रयान थ्री मिशन अपने फाइनल स्टेज़ पर है। अब वह मून के ऑर्बिट में चला गया है। मैं पूरे सदन की ओर से 'इसरो' के वैज्ञानिकों को धन्यवाद देना चाहता हूं, ताकि 23 अगस्त को मून के साउथ पोल पर उसकी सही-सलामत लैंडिंग हो जाए। अब हम सक्सेसफुली फाइनल स्टेज पर पहुंच चुके हैं। हम लोग उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम सभी लोग दुआ और प्रार्थना करते हैं। मैं सदन की ओर से उनको शुभकामनाएं देना चाहता हूं।…(व्यवधान)

महोदय, वर्ष 2013-14 तक 'इसरो' का कुल बजट 6,792.4 करोड़ रुपये था, लेकिन अब उसको बढ़ाकर 12,543 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अभी अमेरिका जैसा देश भी भारत के साथ स्पेस समझौता करके ज्वाइंट मिशन करना चाहता है। चाहे वह स्पेस का हो, मून हो, मार्स हो, हमारे लिए एक नया रास्ता खुला है। अमेरिका दुनिया का एक लीडिंग नेशन है, वह स्पेस के क्षेत्र में भारत के साथ काम करना चाहता है। जब प्रधानमंत्री जी ने अमेरिका का दौरा किया था, तो इसका समझौता भी हो गया है।

Sir, total 45 spacecraft missions and 43 launch vehicle missions and five technology demonstrations have been successfully realized since 2014. Astro satellite launched by PSLV in September, 2015 is the first dedicated Indian astronomy mission aimed at studying celestial sources in x-ray, optical and UV

spectral bands simultaneously. AstroSat has been a major breakthrough by discovering five new galaxies.

महोदय, यह हमारे बहुत ही फख्र की बात है। वर्ष 2017 में पीएसएलवी-सी37 ने पूरी दुनिया में एक रिकॉर्ड बनाया । उसने 104 सैटेलाइट को सिंगल लॉन्च में सैटेलाइट में प्लेस करने का रिकॉर्ड कायम किया है। 'स्पेस' में एक के बाद एक कई अचीवमेंट्स किए गए हैं। मैं ज्यादा लंबी-चौड़ी बात न बताते हुए, मैं सिर्फ इतना ही बताना चाहता हूं कि 'स्पेस' में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भारत सरकार ने एक कार्यक्रम अनाउंस किया है। (IN-SPACe) Indian National Space Promotion and Authorization Centre, अहमदाबाद में जिसका उद्घाटन आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। वह बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। Launch of Vikram-S, a sub-orbital launch vehicle from Skyroot Aerospace Private Limited, Hyderabad, was accomplished on 18th November, 2022. यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है।

महोदय, मैं 'स्पेस' के बाद अब खेल के विषय में कुछ बोलना चाहता हूं। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स से जुड़े हुए कुछ मामले हैं। मुझे इस मंत्रालय का कार्यभार देखने को मिला था। आपको भी यह जानकर अच्छा लगेगा । मैं इसमें यह कहना चाहता हूं कि स्पोर्ट्स सबके लिए है। यहां इस सदन में मुझसे ज्यादा उम्र वाले भी हैं, मुझसे कम उम्र वाले भी हैं तो यह हम सबके लिए है। जो ओलम्पिक में खेलते हैं, एशियन गेम्स वगैरह में वर्ल्ड चैम्पियनशिप खेलते हैं, वह प्रोफेशनल स्पोर्ट्स है, लेकिन हम सब लोग किसी न किसी रूप से खेल से जुड़े हुए हैं। अगर हम नहीं भी खेलते हैं तो कम से कम हम तालियां बजाते हैं। अगर भारत का कोई भी खिलाड़ी मेडल लाता है तो पूरा देश उसका सेलिब्रेशन करता है।

सर, वर्ष 2014 के बाद हम ओलम्पिक्स में ज्यादा मेडल नहीं जीत पाते हैं, इस पर बड़ा चिंतन हुआ। मैं पुराने इतिहास में नहीं जाऊंगा, क्योंकि बहुत लंबा हो जाता है। मेरे फिंगर टिप्स पर है कि कौन से साल में किस स्पोर्ट्स में कितने मेडल आए हैं, लेकिन जब हम छोटे थे, मोस्को ओलम्पिक्स के बाद हम न्यूज में देखते थे कि इण्डिया में मेडल नहीं आते थे। वर्ष 1984 में देखा तो

इण्डिया का एक भी मेडल नहीं है, मतलब सूची में ही नहीं आते हैं। वर्ष 1988 में सियोल ओलम्पिक्स में भी इण्डिया का नाम नहीं है, वर्ष 1992 में बार्सिलोना ओलम्पिक्स में इण्डिया का नाम नहीं है तो बड़ा मायूस सा माहौल होता था कि दुनिया ओलम्पिक्स कर रही है, लेकिन हम लोग मेडल नहीं जीतते हैं। उसके बाद हम लोग जैसे-तैसे एक-एक, दो-दो मेडल जीतने लगे, लेकिन जब प्रधान मंत्री ने 'टारगेट ओलम्पिक्स पोडियम स्कीम' लॉन्च की और हमारे जितने भी बड़े खिलाड़ी हैं, सबको आइडेंटिफाई करके उनको एक पूल में एकत्रित करके, उन पर फोकस अटेंशन देने के बाद वर्ष 2020 के टोक्यो ओलम्पिक, जो 2021 में होस्ट किए गए, मगर नाम 2020 ओलम्पिक्स है, उसमें पहली बार सात ओलम्पिक मेडल जीतकर लाए हैं।

सभापति जी, अगर आप कहानी सुनेंगे तो एक-एक खिलाड़ी के पीछे जो लागत है, जो मेहनत है, उसमें पूरी टीम का एफर्ट होता है। उसमें चाहे कोचेज़ का काम हो, चाहे ट्रेनिंग का काम हो, चाहे पैसे की जरूरत पड़ती हो, उसमें पूरा इकोसिस्टम क्रिएट करना पड़ता है। आप किसी भी खिलाड़ी को पूछ लीजिए, कई पुराने खिलाड़ी ऐसे हैं, जो हमारे पास आकर बोलते हैं कि हमारे खेलने के दिन चले गए। काश, मेरे खेलते वक्त मोदी जी प्रधान मंत्री होते। कुछ लोग यह कहते हैं कि काश मैं रिटायर नहीं होता तो मैं अभी भी खेल रहा होता, क्योंकि अभी खिलाड़ियों को मोदी जी इतना सम्मान और इज्जत देते हैं। उस समय प्रधान मंत्री तो छोड़ दीजिए, खेल मंत्री भी मिलने नहीं आते थे। जो पुराने खिलाड़ी हैं, उनके ट्वीट देखिए और उनका इंटरव्यू कीजिए, आप देखिए। … (व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** नो कॉन्फिडेंस मोशन पर ही है।

**श्री किरेन रिजीजू:** वह मेरे दोस्त हैं। वह बाहर जाकर मेरे साथ बैठते हैं। उनको मालूम है और वह यहां ऐसे ही बोलते हैं, लेकिन बाहर जाकर बोलते हैं कि स्पोर्ट्स के लिए मोदी जी ने जो किया है, वह किसी ने नहीं किया है।

सर, स्पोर्ट्स के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए चाहे वह नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड हो, चाहे वह खेलो इण्डिया के तहत हो, रिकॉर्ड नंबर ऑफ फण्डिंग 2014 के बाद शुरू हुई है। आज 23

नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूरे देश भर में हैं और उनमें से तीन नॉर्थ ईस्ट में हैं। उनमें ओलम्पिक्स और इंटरनेशनल स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को विशेष रूप से ट्रेनिंग दी जाती है। आज आप लोग मणिपुर के बारे में कह रहे हैं तो मणिपुर इण्डिया का पहला प्रदेश है, जिसने भारत सरकार की नेशनल लेवल की नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी प्राप्त की है। मैंने खुद वहां विजिट की है। जो लोग हमारे साथ वहां जुड़े हुए हैं, वे सब कहते हैं कि जिस तरीके से प्लानिंग के साथ काम चल रहा है, तो कम्प्लीट होने पर यह दुनिया की विशेष रूप से बहुत चर्चित और बहुत ही स्पेशल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी। वहां काम चल रहा है।

सर, खेलो इण्डिया यूथ गेम्स शुरू किए गए थे, क्योंकि इस देश में रेगुलर नेशनल गेम्स नहीं होते थे तो खिलाड़ी कहां पर खेलें? बड़े खिलाड़ी तो विदेश में भी खेल सकते हैं, क्योंकि इंटरनेशनल कॉम्पटीशन होते हैं, लेकिन देश के अंदर कोई बड़े कॉम्पटीशन नहीं होते थे, इसलिए खेलो इण्डिया यूथ गेम्स शुरू किया गया है।

पुणे, गुवाहाटी और पंचकुला, हरियाणा में तीन यूथ गेम्स बहुत ही सक्सेसफुली कंडक्ट किए गए हैं। उनसे इस देश में एक माहौल खड़ा किया गया है। 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स'– जम्मू-कश्मीर से फारूख साहब और जज़ साहब यहां बैठे हैं। आपको मालूम होगा, आपके साथ एक विधायक थे। जब मैंने 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' वहां गुलमर्ग में चालू कराया था। आपके साथ जो एमएलए थे, वह अभी एक्स-एमएलए हैं, वह भावुक हो गए और भाषण देते-देते रोने लगे। उन्होंने कहा कि पहली बार लगा कि कश्मीर में गतिविधियां हो रही हैं। … (व्यवधान)

**DR. FAROOQ ABDULLAH (SRINAGAR):** The first international game was held in Gulmarg when Shri Gujral sahab was the Prime Minister and I was the Chief Minister. Let us be frank about it. Gulmarg has always been the centre of skiing.

I have no doubt that Khelo India has changed many aspects. There is no doubt about it. But let us not say that it was not done before. It was done before. Now, we are seeing only the improvement.

**श्री किरेन रिजीजू:** फारूख जी जब वहां मुख्यमंत्री थे, तो जरूर वहां इवेंट होस्ट किया होगा और केन्द्र सरकार में मंत्री भी थे तो जरूर इवेंट किया होगा, लेकिन वह कोई नियमित रूप से होने वाला प्रोग्राम नहीं था, वह कोई इस तरीके से फिक्स्ड इवेंट नहीं था। अब जो 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' हैं, यह 100 प्रतिशत गवर्नमेंट ऑफ इंडिया फण्डेड है और एवरी ईयर हो रहा है। यह फर्क है। वहां विंटर स्पोर्ट्स की एकैडेमी स्थापित करने के लिए सब कुछ हो गया है। हाई कोर्ट के ऑर्डर की वजह से वहां जमीन एक्वायर नहीं कर पाए थे, इसकी वजह से कंस्ट्रक्शन में डिले हुआ है। यह अच्छी बात है कि आप इसको एक्नॉलेज कर रहे हैं कि पहले एक इवेंट हुई थी, लेकिन उसके बाद कभी नहीं हुआ। अब रेगुलर प्रोग्राम्स बन चुके हैं।

सर, 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' के बारे में जानकर सबसे ज्यादा खुशी आपको होनी चाहिए। आपके लोक सभा क्षेत्र कटक में मैं गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से जब 'खेलो इंडिया यूननिवर्सिटी' का एप्रूवल मिला, मैंने वहां के मुख्यमंत्री जी से बात की। माननीय धर्मेन्द्र प्रधान जी अभी यहां नहीं हैं, मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं, वह पेट्रोलियम मंत्री थे, तो इसमें पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ सपोर्ट किया था। 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' जब हमने कटक के उस इलाके में शुरू किया, हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि उसका इतना बड़ा असर होगा। आज जब मैं यहां आपके सामने बोल रहा हूं, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, जो चाइना में चल रहे हैं, उनमें भारत के खिलाड़ी अब तक इतने मेडल्स जीत चुके हैं, जितने मेडल्स इतिहास में पूरा मिलाकर भी नहीं जीते हैं। वे इतना क्रान्तिकारी रिजल्ट लाए हैं। इसलिए, जब इस तरह का कोई अच्छा कार्यक्रम होता है, तो उसमें पूरे सदन को मिलकर उसकी सराहना करनी चाहिए।

हमने इंडिजिनस गेम्स के बारे में सोचा। पहले जो लोग क्रिकेट खेलते थे, गोल्फ खेलते थे या टेनिस खेलते थे, उनको थोड़ी पहचान और इज्जत मिलती थी। हमारे कबड्डी खेलने वाले,

मलखम्ब खेलने वाले, खो-खो खेलने वाले, गटका खेलने वाले, थंग-ता, कलारिपयट्टू आदि इंडिजिनस स्पोर्ट्स खेलने वालों को कोई पहचान नहीं मिलती थी। हम लोगों ने मोदी जी के आशीर्वाद से पहली बार, जो लोग इंडिजिनस गेम्स खेलते हैं, उनको भी अर्जुन अवार्ड देने की प्रक्रिया शुरू की और खिलाड़ियों की प्राइज़ मनी में भी इज़ाफा किया। हमारे ऐसे पूर्व खिलाड़ी जिनकी वर्तमान में आर्थिक हालत खराब है, उनके लिए एक सपोर्ट सिस्टम देने के लिए हमने दीनदयाल उपाध्याय के नाम से एक स्पोर्ट्स वेलफेयर स्कीम चलाई है। उसमें हम फॉर्मर प्लेयर्स को सपोर्ट दे रहे हैं। इसी प्रकार इंडिजिनस स्पोर्ट्स को रिकग्निशन देते हुए, आज उसके लिए फण्डिंग का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।

सर, इसी तरह से स्पोर्ट्स से जुड़ी हुई, फिटनेस रिलेटेड स्कीम के बारे में दो लाइन में जिक्र करना चाहता हूं। मोदी जी चाहते हैं कि भारत का हरेक नागरिक स्वस्थ हो, फिट रहे। इसलिए उन्होंने यह कल्पना की और प्रधानमंत्री जी की सोच को पूरा करने के लिए मुझे काम करने का मौका मिला । फिट इंडिया मूवमेंट को 29 अगस्त, 2019 को लॉन्च किया गया। चाहे आप इसे सपोर्ट करें या न करें, लेकिन आज पूरे देशभर के लोग फिट इंडिया मूवमेंट के साथ जुड़ चुके हैं। आज आप चाहे पार्क में जाइए, ग्राउंड में जाइए या कहीं भी जाइए, किसी न किसी तरीके से, ओपन जिम के माध्यम से या पार्क में वॉकिंग या प्लॉगिंग के माध्यम से फिटनेस के साथ जुड़ने का काम शुरू हुआ है। फिटनेस के साथ-साथ जैसे कभी कोई कार्यक्रम होता है, जैसे सरदार पटेल जी की जयंती पर हम लोग फिट इंडिया का कार्यक्रम करते हैं। महात्मा गांधी जी की जयंती पर फिट इंडिया का कार्यक्रम करते हैं। कभी-कभी प्लो ग्रांट करते हैं कि फिटनेस करते-करते जो भी प्लास्टिक का कचरा है, उसे उठाकर साफ करें। इस तरीके से, इनोवेटिव आइडियाज़ से फिट इंडिया मूवमेंट को देशभर में चलाया जा रहा है और मुझे अच्छा लगता है कि वर्ष 2014 से पहले जितने एमपीज़ फिट नहीं थे, वे भी आजकल फिट हो गए हैं।

मैंने देखा है कि ज्यादातर एमपीज़ अपनी कॉन्स्टिटुएंसी में सांसद खेल स्पर्धा भी करते हैं।... (व्यवधान) कांग्रेस के एमपीज़ भी बहुत फिट हो गए हैं। फिट इंडिया का कैम्पेन का असर

सबको हुआ है। कई लोग कहते हैं और कई लोग नहीं कहते हैं, यह अलग बात है, लेकिन फिटनेस यूनिवर्सल है। यह सबके लिए जरूरी है।

सर, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर कुछ कहना चाहता हूँ। मैं ऐसे गांव से आता हूँ, जहां पर रेलवे लाइन नहीं है। वर्ष 2004 में यहां पर लालू प्रसाद यादव जी रेल मंत्री के रूप में भाषण दे रहे थे तो मैंने उनसे कहा था, चूँकि यूट्यूब पर मेरा वीडियो क्लिप भी होगा, आप देख सकते हैं। मैंने कहा कि लालू जी क्या आप कभी अरुणाचल प्रदेश गए हैं? वे बोलें कि मैं नहीं गया हूँ। मैंने उनसे पूछा कि क्या अरुणाचल प्रदेश को रेल मिलेगी? वे बोल नहीं पाए, क्योंकि उनके पास कोई प्लान नहीं था। वे रेलवे को बहुत सीमित रूप से देखते थे। बाद में, वर्ष 2014 के बाद जब सरकार बदली तो सरकार बदलने के बाद आज पूरे नार्थ-ईस्ट के सात स्टेट्स में रेलवे लाइन पहुंच चुकी है। 9 सालों में कहानी कैसे बदल गई? उसके बाद आगे का जो प्रोजेक्ट है, उसके बारे में आप सुनेंगे तो दंग रह जाएंगे। पहाड़ों में रेलवे की जिस तरीके से प्लानिंग रखी गई है, रेलवे डिपार्टमेंट का जो सर्वे चल रहा है, डीपीआर बन रहा है, जब वह कंप्लीट हो जाएगा तो आप दंग रह जाएंगे कि भारतीय रेलवे भी इतना कमाल का काम कर सकती है।

वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच में आपने कुल कितने किलोमीटर्स का रेलवे ट्रैक बिछाया? आपने 14,985 किलोमीटर का रेलवे ट्रैक बिछाया। वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच में 25,871 किलोमीटर का रेलवे ट्रैक बिछाया गया। पहले एक दिन में औसतन 4 किलोमीटर प्रतिदिन रेलवे ट्रैक बिछाया जाता था। उसके बाद इंक्रीज होकर 7.8 किलोमीटर प्रतिदिन की स्पीड से रेलवे ट्रैक बिछाया गया। आज मैं आपको बता रहा हूँ कि यह स्पीड आगे बढ़कर वर्ष 2023-24 में 14 किलोमीटर प्रतिदिन की स्पीड से रेलवे लाइन का कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन जिस स्पीड से हुआ है, उसके बारे में भी आप सुनिए। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच में कुल रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम 5,188 किलोमीटर पर हुआ है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में 37,000 किलोमीटर पर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम हुआ है। इस तरह से कुल 91 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

**माननीय सभापति:** मैं पहली बार आपका भाषण इतने लंबे समय तक सुन रहा हूँ। एक घंटा होने वाला है।

**श्री किरेन रिजीजू:** इन्होंने नो-कॉन्फिडेंस पर बोला है तो उसको गिराने के लिए तो तर्क रखकर बोलना पड़ेगा।… (व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** यह तर्क वाला विषय ही है। आपके अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम की मूर्ति है।… (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजीजू:** वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच में कुल फ्लाईओवर और अंडरब्रिज देश में 4,418 बनें और वर्ष 2014 से वर्ष 2023 में 10,867 फ्लाईओवर्स और अंडरब्रिजेस बने हैं।

**<u>17.00 hrs</u>**

इसमें 2.6 टाइम्स का इजाफा हुआ है। Sir, total electronic interlocking, from 2004 to 2014 तक 837 बने। From 2014 to 2023 में 2,571 इसके total numbers construction हुए हैं। Electric Loco Production वर्ष 2014 से वर्ष 2023 तक 6,052 बने। उसके बाद freight loading capacity वर्ष 2013-14 में capacity 1,014 million tons. आज यह 1,512 million tons हो गया है।

Sir, ऐक्सिडेंट्स बहुत ही अनफॉचुनेट होते हैं। यह बहुत ही ट्रैजिक मामला होता है। अगर एक भी ट्रेन का ऐक्सिडेंट हो जाए, तो हमारे लिए यह बहुत ही दु:खद घटना होती है। एक भी जान बहुत कीमती होती है। इसमें जो कमियां आई हैं। वर्ष 2004 to 2014 के बीच में per year 171 total train accidents के incidents हुए हैं। अब यह कम होकर वर्ष 2014 और 2023 के बीच में 71 पर आ गए हैं। सेफ्टी मेजर्स बहुत लंबा है, मैं इसके बारे में बताना नहीं चाहता हूं। रेलवे सेफ्टी के लिए बहुत काम हुए हैं।

**माननीय सभापति :** मंत्री जी, आप बहुत बढ़िया बोल रहे हैं। यह बहुत इंफॉमेटिव है।

…(व्यवधान)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, let his speech be placed on the Table of the House. … (*Interruptions*)

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI ANUPRIYA PATEL):** The nation also wants to know. … (*Interruptions*)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** These are all statistics. … (*Interruptions*)

**SHRIMATI ANUPRIYA PATEL:** The nation needs to know the statistics. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** यह काफी इंफॉर्मेटिव है।

**श्री किरेन रिजीजू:** यह इंफॉर्मेटिव है, इसलिए उनको सुन कर अच्छा लग रहा है।…(व्यवधान) वंदे भारत का कार्यक्रम जिस हिसाब से देश भर में चल रहा है, उसके बारे में अगर मैं कम भी बोलूं तो भी इनको समझ में आ जाएगा कि वंदे भारत जो इंडिया में डिजाइन की गयी है, इंडिया में ही मैन्युफैक्चर की गयी और यह वर्ष 2019 के बाद शुरू हुई है, आज टोटल वंदे भारत का पूरा कवरेज 52 लाख किलोमीटर है, जो 130 बार पृथ्वी की परिक्रमा कर सकती है। यह इतनी लंबी चल चुकी है। यह एक प्रूवेन टेक्नोलॉजी है। इसको दुनिया ने माना है। बुलेट ट्रेन का काम भी चल रहा है। अहमदाबाद-मुंबई वाले काम के बारे में आपको मालूम है। वहां पुरानी शिवसेना और एनसीपी काँग्रेस सरकार की वजह से डिले हुआ। अब काम तेजी से चल रहा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लगभग कम्पलीट स्टेज में है। लुधियाना, सोमनगर के बीच का, दादरी जेएनपीटी, मुंबई का जो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर है,  यह क्रांतिकारी काम चल रहा है। आप लोगों को यह जान कर अच्छा लगेगा कि किस तरह से रेलवे में ट्रांसफॉर्मेशन आए हैं। मेरे पास बहुत पॉइंट्स हैं, लेकिन अब मैं समापन की ओर चलना चाहता हूं।…(व्यवधान) सर, सभी सुनना चाहते हैं, तो मैं क्या कर सकता हूं।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** You have just completed one hour.

… (*Interruptions*)

**श्री किरेन रिजीजू:** सर, मैं एक घंटा बोल चुका हूं और अब पांच मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा। आज जो अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं, इसलिए मैंने नॉर्थ-ईस्ट से शुरू किया। इसका कारण है कि गौरव गोगोई हमारे दोस्त हैं, छोटे भाई के समान हैं। उन्होंने आधी स्पीच में नॉर्थ-ईस्ट, मणिपुर पर बोला है। इसलिए मैंने वहां से जवाब दिया। नियम से उनको यहां बैठ कर सुनना चाहिए था, लेकिन पता नहीं, उनको किसी ने नियम नहीं बताया। इसलिए मैंने नॉर्थ-ईस्ट से शुरू करके बाकी एक-दो सेक्टर्स को जोड़ दिया है।

सर, आज इस सदन में जो भी चर्चा होती है, उसे देश सुन रहा है, लेकिन इसका मैसेज कहीं न कहीं पूरी दुनिया में जाता है। जब कोई देश महाशक्ति बनने के लिए उभरकर ऊपर आता है और पूरी स्पीड के साथ आगे बढ़ रहा होता है तो पूरी दुनिया की नजर उस देश पर होती है। हम लोग कभी-कभी गलती से ऐसी बात कर जाते हैं कि आप सरकार का विरोध करना चाहते हैं, लेकिन आप देश का विरोध कर बैठते हैं। किसी ने बहुत मजे से बोल दिया कि यूरोपियन पार्लियामेंट ने भी मणिपुर की घटना को लेकर इंडिया को कंडेम किया है। क्या आपको अच्छा लगता है? आप सोचते हैं कि देश इतना कमजोर हो गया है कि मणिपुर या कश्मीर में कोई घटना होगी तो दुनिया हमको पाठ पढ़ाएगी? वे दिन चले गए हैं कि विदेश की ताकतें भारत को बताती हैं कि क्या करना है और क्या नहीं करना है? यह नया युग है, न्यू इंडिया है। मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश अपना रास्ता, अपना भविष्य खुद तय करेगा। हमारे देश के इंटरनल मामले में कोई विदेशी ताकत हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

सर, मैं विदेश में भी गया हूं और देश के अंदर कोन-कोने में भी गया हूं। मैं मंत्री बनने से पहले 155 देश घूम चुका हूं। क्योंकि मंत्री बनते समय तो अपनी मर्जी से नहीं जा सकते हैं, उस समय तो काम करना पड़ता है। नियम है, प्रोटोकॉल है। मंत्री बनने से पहले जब मैं विदेश में जाता था और मैं बताता था कि मैं इंडिया से आया हूं, तो कोई अलग से या विशेष रूप से कोई स्पेशल अटेंशन मिलती नहीं थी। इंडिया से आए हो, ठीक है इंडिया है और यहां तक सोचते थे कि इंडिया

से लोग नौकरी के लिए बाहर जाते हैं या कोई अच्छी चीज प्राप्त करने के लिए विदेश जाते हैं। आप किसी भी देश में जाकर पूछिये और सब लोग यही सोचते हैं कि हमको कुछ करना है। आप देश और विदेश कहीं भी पूछिये, मैं झूठ नहीं बोल रहा हूं, आप भी महसूस करते होंगे। इंडियन डायस्पोरा का कोई भी मैम्बर हो, चाहे विदेशी हो, आज सब भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं और भारत के साथ बिजनेस करना चाहते हैं। हमारे डायस्पोरा के जितने मैम्बर्स हैं, वे गर्व के साथ बताते हैं कि मैं इंडियन हूं। इंडियन फ्लैग को दुनिया को दिखाना चाहते हैं, क्योंकि इंडिया की इज्जत बढ़ चुकी है। अब इंडिया वह नहीं है, जो आप लोग कह रहे हैं। मैं असली इंडिया की बात कर रहा हूं। इंडिया की इज्जत बढ़ चुकी है। अब वह भारत नहीं रहा है। इसलिए जब देश इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, वर्ष 2047 में भारत को कहां पहुंचना है, तो उसके लक्ष्य को मोदी जी ने सेट किया हुआ है। जब प्रधान मंत्री जी ने एक क्लेरियन कॉल दिया कि वर्ष 2047 में भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक रास्ता तय किया है तो उस रास्ते पर आपको साथ चलने में क्या दिक्कत है? सरकार किसी की भी हो सकती है। क्या आप इंडिया को डेवलप कंट्री बनते हुए नहीं देखना चाहते हैं? आपको आत्मनिर्भर भारत, सेल्फ-रिलायंट इंडिया बनाने में क्या दिक्कत है? इसलिए मैं आप लोगों से कहता हूं कि घर के मामले जो भी हैं, उनको लेकर किसी देश-विदेश की यूनिवर्सिटी में जाकर पूरे देश के खिलाफ बोल कर आते हैं। यहां एक इको सिस्टम है, आप उसको प्रमोट करते हैं। यह सब करने की क्या जरूरत है? इतनी अच्छी इकोनॉमिक पॉलिसी से हमारी आर्थिक स्थिति इतनी बढ़िया से आगे चल रही है। कोविड के समय पूरी दुनिया लगभग फेल हो चुकी थी। भारत ने दिखा दिया कि कोविड महामारी को भी हम टैकल कर सकते हैं। हमने पूरे देश में फ्री मेडिसिन दी। कोविड का इंजेक्शन आप लोगों ने भी लिया होगा और इंडिया का वैक्सीनेशन एक रिकॉर्ड है।... (व्यवधान) मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। आज 75 ईयर्स ऑफ इंडिपेंडेंस, आज़ादी के अमृतकाल का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, उसमें आप लोग भी साथ में आइये। अमृतकाल का यह जो सेलिब्रेशन है, हम लोग उसको मिलकर सेलिब्रेट करते हैं। यह कोई बीजेपी का कार्यक्रम नहीं है, एनडीए का कार्यक्रम नहीं है। यह देश का कार्यक्रम है। जब प्रधान मंत्री जी 75

ईयर्स ऑफ इंडिपेंडेंस के बाद 25 साल के लक्ष्य को सामने रखकर चलने के लिए आह्वान कर रहे हैं, तो मैं इस सदन में अपनी पार्टी और सरकार की ओर से अपील करना चाहता हूं कि इस जर्नी में हम लोग एक साथ चलते हैं। Let us go together; let us be part of the great journey to make India a prosperous and fully developed nation by 2047. इस जर्नी को, इस सपने को पूरा करने के लिए मोदी जी के नेतृत्व को और आगे बढ़ाना है और इस जर्नी में आप लोग भी मोदी जी के नेतृत्व का समर्थन कीजिए, तब हम मानेंगे कि आप भी देश के लिए सोचते हैं।

धन्यवाद।

**HON. CHAIRPERSON:** *Dhanyawad Mantri Ji* for your long speech in this House. I think you are satisfied now.

… (*Interruptions*)

**SHRI A. RAJA:** The *Mantri* is not satisfied. Neither this House nor the country is satisfied. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, Shri Manish Tewari.

**श्री मनीश तिवारी (आनंदपुर साहिब):** माननीय सभापति महोदय, हमारे सहयोगी श्री गौरव गोगोई जी ने जो अविश्वास प्रस्ताव रखा है, मैं उसका समर्थन करने के लिए यहाँ खड़ा हुआ हूँ।

महोदय**,** किसी भी सरकार का मूल्यांकन पाँच बिन्दुओं पर किया जाता है। सबसे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरा, आर्थिक विकास, तीसरा, साम्प्रदायिक सद्भाव, चौथा, संस्थाओं की स्वायत्तता और पाँचवाँ है- अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति या अंतर्राष्ट्रीय रिश्ते। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि इन पाँच बिन्दुओं पर यह सरकार पिछले नौ वर्षों में पूरी तरह से विफल रही है। चूंकि यह अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर को केन्द्रित करते हुए, इस सदन के समक्ष रखा गया है, इसलिए मणिपुर की जो सामरिक संवेदनशीलता है, मुख्य रूप से उसको रखते हुए, मैं अपनी बात इस सदन में रखना चाहता हूँ।

